# तर्क (Argument)

## तर्कशास्त्र (Logic) क्या है?

तर्कशास्त्र के अंतर्गत हम कुछ प्रमाणों एवं पूर्वधारणाओं की सहायता से एक निश्चित विचार बिन्दु की बात करते हैं। लगभग सभी संभव प्रश्न किसी न किसी प्रकार से तर्क करने से संबद्ध होते हैं। अत: यह समझने के लिए कि 'इस तर्क को मजबूत बनाने वाले बिन्दु कौनसे हैं?' ''क्या तर्क (Logic) ठोस है अथवा कमजोर?'' आपको सलाह दी जाती है कि इस अध्याय को ध्यान से पढ़ें।

**निष्कर्ष की पहचान करना-**सामान्यत: निष्कर्ष गद्यांश के अंत में आता है, परन्तु कई स्थितियों में यह सत्य नहीं भी हो सकता है। लेखक के लिखने की शैली के अनुसार निष्कर्ष मध्य में अथवा यहां तक कि गद्यांश के आरम्भ में भी पाया जा सकता है। यह निम्नलिखित उदाहरणों के द्वारा दर्शाया गया है।

**प्रारूप 1.** ऐसा माना जाता है कि योग का दैनिक कार्यक्रम एक साधारण व्यक्ति की औसत जीवन प्रत्याशा को बढ़ाता है एवं तनाव को कम करता है। फिर भी वे लोग जो योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहते हैं, योग प्रशिक्षण केन्द्रों के बारे में उपयुक्त जनकारी के अभाव में प्रभावित होते हैं। अत: दूरदर्शन के योग प्रशिक्षण केन्द्रों को प्राथमिकता के आधार पर छूट वाले विज्ञापन देने चाहिए।

**प्रारूप 2.** दूरदर्शन को योग प्रशिक्षण केन्द्रों को प्राथमिकता आधारित छूट वाले विज्ञापन देने चाहिए। ऐसा माना जाता है कि योग का दैनिक कार्यक्रम साधारण व्यक्ति की औसत जीवन प्रत्याशा को बढ़ाता है एवं तनाव को कम करता है। फिर भी वे लोग जो योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहते हैं, योग प्रशिक्षण केन्द्रों के बारे में उपयुक्त जानकारी के अभाव में प्रभावित होते हैं।

**प्रारूप 3.** ऐसा माना जाता है कि योग का दैनिक कार्यक्रम साधारण व्यक्ति की औसत जीवन प्रत्याशा को बढ़ाता है एवं तनाव को कम करता है। दूरदर्शन को चाहिए कि योग प्रशिक्षण केन्द्रों को प्राथमिकता आधारित छूट वाले विज्ञापन प्रदान करें। वे लोग जो योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहते हैं, योग प्रशिक्षण केन्द्रों के बारे में उपयुक्त जानकारी के अभाव में प्रभावित होते हैं।

उपर्युक्त उदाहरण दर्शाते हैं कि किस प्रकार एक ही बात अलग-अलग तरीके से पुन: लिखी जा सकती है। यदि आप इस व्यावहारिक नियम (Thumb rule) के अनुसार जाते हैं कि निष्कर्ष हमेशा गद्यांश के अंत में आता है, तो आप एक ही गद्यांश के अलग-अलग प्रारूपों से अलग-अलग निष्कर्ष प्राप्त करेंगे।

अलग-अलग शैली के इन सभी गद्यांशों का निष्कर्ष है-दूरदर्शन को योग प्रशिक्षण केन्द्रों को प्राथमिकता आधारित छूट वाले विज्ञापन उपलब्ध कराने चाहिए। प्रारूप-1 में निष्कर्ष अंत में आता है, जबकि प्रारूप-2 में यह आरम्भ में आता है एवं प्रारूप 3 में यह गद्यांश के मध्य में आता है।

यह जांच करने के लिए कि गद्यांश का कौन-सा हिस्सा निष्कर्ष बना रहा है, हमारे पास एक दूसरा रास्ता भी है। चूंकि निष्कर्ष कहीं भी आ सकता है। लेखक सामान्यतया पाठक के लिए संकेत सम्मिलित कर देते हैं। यहां शब्दों का शब्द समूहों की एक सूची दी गई है, जो कि निष्कर्ष का संकेत करने के लिए अक्सर प्रयुक्त होते हैं। जैसे कि-

| | | |
|---|---|---|
| इसलिए (therefore) | अत: (thus) | इस कारण से (so) |
| जिससे कि (hence) | अंतत:, अंत में (consequently) | परिणामस्वरूप (as a result) |
| यह कहता है (it follows that) | यह अर्थ निकाला जा सकता है (it can be inferred that) | |
| जो दर्शाता है कि (which shows that) | जो सुझाव देता है कि (which suggests that) | |
| जो साबित करता है (which proves that) | जिसका अर्थ है कि (which means that) | |

यदि आप इन संकेतों शब्दों/शब्द समूहों में से कोई एक किसी वाक्य से पहले पाते हैं, तो आप आश्वस्त हो सकते हैं कि यह वाक्य ही निष्कर्ष है। ऐसी स्थिति में जब संकेत शब्द/शब्द समूह अनुपस्थित हों तो आप अपने आप में यह प्रश्न पूछ सकते हैं कि ''इन वाक्यों में से किसके पहले मैं इन संकेतों/शब्द समूहों में से कोई एक रख सकता हू?'' इस प्रश्न का उत्तर ही आपका निष्कर्ष होगा।

## तर्क (Argument) क्या है?

तर्क दो अथवा दो से अधिक शब्दों, शब्द समूहों, वाक्यों या कथनों का एक क्रम है, जिसमें एक दावा या निष्कर्ष शामिल होता है। यह निष्कर्ष एक अथवा एक से अधिक कथनों की सहायता से निकलता है, जिन्हें पूर्वपक्ष (Premise) अथवा प्रस्ताव (Propostition) कहा जा सकता है। इसके अतिरिक्त तर्क कुछ छुपे हुए पूर्वपक्षों (Premises) की भी मदद लेता है, जिन्हें पूर्वधारणा (Assumption) कहा जा सकता है। निम्नलिखित उदाहरण इस विचार को दर्शाते हैं-

उदाहरण 1 मैदान फिसलन भरा था, निश्चित रूप से बारिश हुई है।

टिप्पणी: उपरोक्त उदाहरण में तर्क एक निष्कर्ष का सुझाव देता है कि ''निश्चित रूप से बारिश हुई है।'' यह निष्कर्ष इस सहायक प्रमाण अथवा पूर्वपक्ष (premise) की सहायता से आया है कि ''मैदान फिसलन भरा था।'' निष्कर्ष (Conclusion) एवं पूर्वपक्ष (premise), पूर्वधारणा (Assumption) के द्वारा जोड़े गए हैं (जिसे सुस्पष्ट रूप से नहीं कहा गया है, यह छुपी हुई है) कि ''मैदान केवल तभी फिसलन भरा बनता है, जब बारिश होती है।''

अत: एक सावधानीपूर्ण निरीक्षण तर्क करने के निम्नलिखित अवयवों को रेखांकित करता है।

पूर्वपक्ष (Premise)- मैदान फिसलन भरा था।

पूर्वधारणा (Assumption)- मैदान केवल तभी फिसलन भरा बनता है, जब बारिश होती है।

निष्कर्ष (Conclusion)-अदृश्य बारिश हुई है।

उपरोक्त उदाहरण तर्क करने के आधारभूत गुणधर्म हमारे समक्ष प्रस्तुत करता है। यह कुछ संदेह भी छोड़ता है। उदाहरण के लिए क्या कथनों की संख्या आवश्यक रूप से एक ही होगी? क्या पूर्वधारणा हमेशा उपस्थित रहेगी? इन दोनों ही प्रश्नों का उत्तर है-नहीं। किसी तर्क में कथनों की संख्या एक से अधिक हो सकती है। आगे यह भी अनिवार्य नहीं है कि तर्क की कोई पूर्वधारणा (Assumption) होगी। याद रखें कि पूर्वधारणा एक छुपा हुआ कथन है 'लॉजिक (Logic) की श्रृंखला में एक छटी हुई कड़ी है एवं यदि तर्क अपने आप में सम्पूर्ण है कोई भी छूटी हुई कड़ी नहीं है, तो उसकी कोई पूर्वधारणा नहीं होगी।

उदाहरण के लिए निम्नलिखित तर्क में कोई छुपी पूर्वधारणा नहीं है।

''मैदान फिसलन भरा था। मैदान बारिश के बिना फिसलन भरा नहीं हो सकता है, इसलिए अवश्य बारिश हुई है।''

अत: यह स्पष्ट है कि तर्क आधारित तर्कशक्ति पर दक्षता पाने के लिए आवश्यकता है कि आप-

* कथन एवं निष्कर्ष के बीच अंतर करें।
* बनाई गई पूर्वधारणाओं की पहचान करें।
* तर्क (Argument) की तर्कसम्मता (Logic) को समझें।

***तर्क करने के कुछ सामान्य तरीके नीचे प्रस्तुत किए गए हैं:-***

### I. उदाहरण के द्वारा तर्क करना

कुछ निश्चित मामलों में एक लेखक अथवा वक्ता अपने कथनों के रूप में कुछ उदाहरणों का उल्लेख करते हुए निष्कर्ष तक पहुंचने का प्रयास करता है। उदाहरण के द्वारा तर्क करने का प्रदर्शन निम्नलिखित है एवं यह तर्क की समझ का प्रदर्शन करता है।

**उदाहरण -1** भारतीय संघ को पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर देनी चाहिए, क्योंकि यहां तक कि संयुक्त राज्य ने भी ऐसा ही किया जब लीबिया अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद में संलिप्त था।

**उदाहरण -2** ब्रेडमैन अपने अंतिम टेस्ट मैच में शून्य पर आउट हो गया था, जबकि गावस्कर ने अपने अंतिम अन्तर्राष्ट्रीय एक दिवसीय मैच में चार रन बनाए, इसलिए, तेंदुलकर से भी आशा की जानी चाहिए कि वह अपने अंतिम क्रिकेट मैच में एक छोटा स्कोर बनाएंगे।

**टिप्पणी:-**आप स्वयं ही यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि ये उदाहरण मजबूत तर्क नहीं बना रहे हैं। केवल इसलिए कि पूर्व में किसी ने कोई कार्य किया है, यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि कोई अन्य भी अन्य भी भविष्य में ऐसा ही कार्य करेगा। सामान्यतया उदाहरण आधारित तर्क या तो कमजोर होते हैं अथवा असत्य होते हैं।

### 2. सादृश्यता (Analogy) के द्वारा तर्क करना

हम अक्सर अपने तर्क को आगे रखने के लिए सादृश्यता के तरीके का प्रयोग करते हैं। आम तौर पर कहा जाए तो सादृश्यता विशिष्ट चीजों, घटनाओं अथवा अवसरों (जो कि ज्ञात हैं) एवं आगे के बीच समानता से लिया गया एक अनुमान है। उदाहरण के लिए यदि हमें कोई ऐसा मोटा व्यक्ति मिलता है जो कि मजाकिया है और बाद में हम एक-दूसरे व्यक्ति से मिलते हैं, तो आशा करते हैं कि वह भी मजाकिया होगा। एक अन्य उदाहरण लेते हैं कि यदि पुरुष महिलाओं की तुलना में अधिक रुचि ले रहे हैं एवं पुरुष, महिलाओं की तुलना में भौतिकी में अधिक रुचि ले रहे हैं तो हम अपेक्षा करते हैं कि पुरुष नक्षत्रविधा में महिलाओं की तुलना में अधिक रुचि ले रहे हैं। इस प्रकार से हम पाते हैं कि दो चीजों के बीच कोई निश्चित समरूपता नहीं होने की स्थिति में हम यह अर्थ लगाते हैं कि वो किसी अन्य रूप में अवश्य समरूप है।

**उदाहरण-** पाकिस्तान एवं बांग्लादेश दोनों ही क्रिकेट एवं कबड्डी में भारत से हार चुके हैं, इसलिए भारत को उन्हें हॉकी में भी हरा देना चाहिए।

उपरोक्त उदाहरण में एक निष्कर्ष निकला है, क्योंकि एक (अथवा अधिक) समाज चीजें पूर्व में हुई हैं। इसलिए भारत से आशा की जाती है कि वह हॉकी में पाकिस्तान एवं बांग्लादेश को हरा देगा, क्योंकि इसने उन्हें क्रिकेट एवं कबड्डी में हराया है।

**3. अनौपचारिक (Causal) तर्क करना-**यह तर्क करने के सबसे आम तरीकों में से एक है। इस प्रकार का तर्क एक कारण को एक परिणाम से जोड़ने का प्रयास करता है। इसके कई प्रकार हो सकते हैं। उदाहरण के लिए इसका एक प्रकार हो सकता है कि- ''X, Y का कारण है। X घटित हो चुका है। अत: Y भी घटित होगा। अथवा ''X, Y का एकमात्र कारण है। Y घटित हो चुका है। अत: X अवश्य घटित होगा।'' अथवा इस प्रकार के अन्य उदाहरण हैं।

**उदाहरण-**शहर दस दिनों से जल जमाव की समस्या का सामना कर रहा है। हैजा के फैलने का भय है।

उपरोक्त उदाहरण में एक परिणाम एक कारण के साथ जुड़ा है। उदाहरण के लिए परिणाम ''हैजे का फैलाव'' का भय है, क्योंकि इसका कारण ''जल जमाव'' उपस्थित है।

### 4. विक्रेता का तर्क (Salesman's Argument)

आइए देखते हैं कि एक विक्रेता किस प्रकार से तर्क करता है? एक बार एक विक्रेता गली में कंघियाँ बेच रहा था। वह प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति को समझाने की कोशिश कर रहा था कि वह सामग्री जिससे कि कंघी बनी है, कितनी मजबूत है। अपने उत्साह में उसने कंघी की न टूटने की क्षमता का प्रदर्शन करने का साहस किया और कंघी को मोड़ दिया और फिर असंभव घटित हो गया। कंघी दो टुकड़ों में टूट गई। विक्रेता ने दो सेकेण्ड के लिए कंघी की ओर देखा एवं शीघता से श्रोताओं की ओर मुड़ा और बोलने लगा- ''और अब श्रीमान! आप लोगों को दिखाना चाहता हूँ कि कंघी अंदर से भी कितनी सख्त एवं मजबूत है।''

**उदाहरण-1** खेल विद्यार्थियों के अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायता करेगा। अत: इसे कॉलेजों के लिए अनिवार्य कर देना चाहिए।

**उदाहरण -2** हड़ताल आम आदमी के सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर देती है।

उपरोक्त उदाहरणों में उदाहरण 1 अनुसरण के लिए उतना मजबूत नहीं है, क्योंकि दूसरी तरफ इसका एक नुकसान भी है कि विद्यार्थी अध्यय की तरफ से विचलित हो जाएंगे एवं उनका बौद्धिक स्तर उतना मजबूत नहीं रहेगा, जितना कि होना चाहिए,

इसलिए यह एक कमजोर तर्क है। वहीं उदाहरण 2 एक मजबूत तर्क है, क्योंकि यह एक सत्य तथ्य देता है कि हड़ताल आम आदमी के सामान्य जीवन को अस्त-व्यस्त कर देती है।

इस प्रकार से ऐसे तर्क कमजोर एवं मजबूत दोनों ही हो सकते हैं, जो कि कई कारकों पर निर्भर करता है। अत: दो बातें ध्यान देने योग्य हैं-

(i) जाँच कीजिए कि क्या फायदा (अथवा नुकसान) जिसके बारे में बात की गई है, वास्तव में सत्य है?

(ii) यद्यपि यह सत्य है, क्या प्रस्तावित कार्यवाही प्रायोगिक रूप से संभव एवं अनुकरणीय नीति है?

### *5. समय क्रम (Chonology) आधारित तर्क-*

कभी-कभी कुछ घटनाओं के समय क्रम के आधार पर ही निष्कर्ष निकल आता है।

**उदाहरण -1** मैं सुबह 10.30 को घर पहुँचा। मैंने घंटी बजाई और इंतजार किया। दरवाजा खुला और एक महिला ने मेरा स्वागत किया। उसने मुझे सोफे पर बैठाया और मेरी टोपी एवं ओवरकोट ले लिया। मैंने अपनी घड़ी की तरफ देखा तो 10.33 बज रहे थे। मैंने अगले 15 मिनट तक समाचार-पत्र पढ़ा फिर यह देखने के लिए मैं अंदर गया कि कहीं वह महिला मुझे भूल तो नहीं गई। यह 10:50 के आसपास का समय होगा, जब मैंने उसके कमरे में प्रवेश किया।''

10:55 के आसपास उस महिला की हत्या की गई थी, इसलिए अवश्य इस व्यक्ति (जिसका कथन ऊपर दिया गया है) ने ही हत्या की है अथवा हत्या को होते हुए देखा है।

**उदाहरण-2** फिल्म ''हम आपके हैं कौन'' फिल्म ''नदिया के पार'' के बाद आई थी। अत: पहली फिल्म दूसरी फिल्म की नकल है।

उपरोक्त उदाहरणों में समान घटनाओं का क्रम किसी चीज के पूर्वानुमान का आधार बनाया गया है। अत: यह कहा गया है कि मैंने 10:50 बजे कमरे में प्रवेश किया, जहाँ 10:55 बजे एक हत्या की गई थी। अत: मैं निश्चित रूप से अपराध का एक हिस्सा हूँ। इसी प्रकार दूसरी फिल्म के प्रदर्शित होने की तारीख के पहले प्रदर्शित होने के कारण यह कहा गया है कि बाद में प्रदर्शित फिल्म पहले प्रदर्शित फिल्म की नकल है।

यहाँ पहले उदाहरण में यह संभावना भी है कि मैंने 10:52 में कमर छोड़ दिया हो एवं हत्या में कोई दूसरा व्यक्ति संलिप्त हो। दूसरे उदाहरण में यह संभावना भी है कि फिल्म ''हम आपके हैं कौन'' की कहानी फिल्म ''नदिया के पार'' के बनने से पहले लिखी गई हो और इस प्रकार से यह भी संभावना है कि फिल्म ''नदिया के पार'' फिल्म ''हम आपके हैं कौन'' की नकल हो।

**संक्षेप में**

* तर्क (Argument), तर्कशास्त्र (Logic) की आधारभूत इकाई है।
* एक बहस में दो सुस्पष्ट हिस्से होते हैं: समर्थक पूर्वकथन (Premises) एवं निष्कर्ष (Conclusion)। यहां एक अंतर्निहित हिस्स भी होता है, जिसे पूर्वधारणा (Assumption) कहते हैं।
* यह आवश्यक है कि आप इन सभी हिस्सों को पहचानने में सक्षम हों। आगे यह भी आवश्यक है कि आप उस तर्क (Logic) को भी समझें, जिसकी सहायता से निष्कर्ष तक पहुंचा गया है।
* निष्कर्ष की पहचान करने के लिए आप दो तरीकों में से कोई एक तरीक अपना सकते हैं। पहला तरीका है कि आप स्वयं से यह प्रश्न पूछें कि ''लेखक क्या साबित करने की कोशिश कर रहा है?'' दूसरे तरीके में आपको निश्चित संकेत शब्दों/शब्द समूहों को देखना होगा।

***जैसे कि:-***

इसलिए (therefore) अत: (thus) इस कारण से (so)

| | | |
|---|---|---|
| जिससे कि (hence) | अंततः, अंत में (consequently) | परिणामस्वरूप (as a result) |
| यह कहता है (it follows that) | यह अर्थ निकाला जा सकता है (it canbe inferred that) | |
| जो दर्शाता है कि (which shows that) | जो सुझाव देता है कि (which suggests that) | |
| जो साबित करता है (which proves that) | जिसका अर्थ है कि (which means that) | |

यदि कोई भी संकेत शब्द/शब्द समूह न हो तो आप स्वयं से यह प्रश्न पूछ सकते हैं कि ''इनमें से किस वाक्य के पहले मैं इन संकेत शब्दों/शब्द समूहों में से एक को रख सकता हूँ?''

* एक पूर्वधारणा को पहचानने के क्रम में आपको तार्किक श्रृंखला के बीच की छूटी हुई कड़ी को अवश्य पहचानना होगा।
* तर्क करने के कई तरीके हैं। इनमें से कुछ हैं: उदाहरण के द्वारा तर्क सांदृश्यता के द्वारा तर्क, अनौपचारिक संबंधों द्वारा तर्क, समयक्रम द्वारा तर्क, विक्रेता का तर्क (अंध-समर्थन) आदि।

## एक विश्लेषणः-

यदि हम प्रश्नों पर नजदीक से दृष्टि डालें तो हम पाते हैं कि इनमें एक कथन हुआ, जो और कुछ नहीं बल्कि एक सलाह या एक सुझाई गई कार्यवाही है। फिर दो तर्क आते हैं- एक जो सलाह का एक समर्थन करता है और दूसरा जो इसका विरोध करता है। वह तर्क जो सुझाई गई कार्यवाही का समर्थन करता है, कुछ सकारात्मक-परिणामों अथवा कार्य के सकारात्मक गुणों पर अपना समर्थन आधारित करता है। इसी प्रकार, वह तर्क जो सुझाई गई कार्यवाही का विरोध करता है, अथवा कुछ नकारात्मक परिणामों या गुणों पर आधारित करता है।

***इस स्थिति को निम्न प्रकार से एक प्रवाह चित्र द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है-***

**सुझाई गई एक कार्यवाही**

| | |
|---|---|
| ↓ | ↓ |
| हाँ: इसका अनुसरण किया जाना चाहिए | नहीं : इसका अनुसरण नहीं किया जाना चाहिए। |
| ↓ | ↓ |
| कार्य का एक सकारात्मक परिणाम | कार्य का नकारात्मक परिणाम |
| ↓ | ↓ |
| कार्य का सकारात्मक गुण | कार्य का नकारात्मक गुण |

**समाधान प्राप्त करने की चार चरणीय योजना-**एक बार यदि हमने समस्या को समझ लिया तो इसका समाधान ढूंढना कठिन नहीं होगा। हम इसके लिए समाधान की चार स्तरीय योजना विकसित कर सकते हैं। आपको इन संक्षिप्त चरणों का एक एक करके अनुसरण करना चाहिए, जैसा कि नीचे बताया गया है-

**चरण-1 प्रारम्भिक परीक्षण**

पहले चरण में आपको तर्क पर केवल एक दृष्टि डालनी है। कभी-कभी तर्क इतने कमजोर या अस्पष्ट होते हैं कि उन्हें एक दृष्टि में ही निरस्त किया जा सकता है। तर्क को पढ़ें एवं जाँच करें कि क्या यह-

* स्पष्ट है   * अत्यंत साधारण है   * अनावश्यक (Superfluous) है

यदि हाँ हो तो इसे एक कमजोर तर्क के रूप में निरस्त कर दें।

**चरण-2 क्या वास्तव में परिणाम निकलेगा?**

दूसरे चरण में आपको जाँच करनी है (जैसा कि आपके विचाराधीन तर्क में वादा किया गया है) कि क्या परिणाम वास्तव में निकेलगा? आप इसकी जाँच कैसे करेंगे? यद्यपि इसके लिए कोई अचूक नियम उपलब्ध नहीं हैं, जिससे कि यह जाँच की जा सके कि क्या एक परिणाम वास्तव में अनुसरण करेगा अथवा नहीं।

सामान्यत: परिणाम निकेलगा यदि-

(1) यह एक स्थापित तथ्य है
(2) यह अनुभवों पर आधारित है
(3) यह लॉजिक के द्वारा अपेक्षित है
(4) यह प्रभावी सत्य कथन को सुनिश्चित करता है।

**चरण-3 क्या परिणाम अपेक्षित (सकारात्मक परिणाम के मामले में) अथवा हानिकारक (नकारात्मक परिणाम के मामले में) है?**

एक बार जब हम जांच कर चुके हैं कि क्या एक पूर्वानुमानित परिणाम वास्तव में निकलेगा, हमें यह भी अवश्य जांच करनी चाहिए कि क्या यह अपेक्षित है? इसी प्रकार जब एक तर्क का नकारात्मक परिणाम के कारण विरोध होता है, तो हमें अवश्य जाँच करनी चाहिए कि क्या परिणाम वास्तव में हानिकारक है? यह एक सामान्य बुद्धिमत्ता का मुद्दा है एवं चरण 4 पर जाने से पहले इस चरण का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

**चरण-4 क्या तर्क एवं प्रस्तावित कार्यवाही ठीक ढंग से संबद्ध है?**

हम कथन एवं तर्क के बीच उचित संबंध से क्या समझते हैं? एक कथन एवं तर्क ठीक ढंग से संबद्ध कहे जाते हैं। यदि तर्क एक तरफ तो मुख्य मुद्दे (इसे किसी अप्रासंगिक, अनावश्यक अथवा छोटे मुद्दे पर बल नहीं देना चाहिए) को रेखांकित करता है एवं दूसरी तरफ कार्यवाही के आगे अनुसरण के लिए एक संतुलित विकल्प प्रतीत होता है (इसे न तो ऐसा दिखना चाहिए कि एक सुई किसी हाथी को मारने का प्रयास कर रही है न ही ऐसा दिखना चाहिए कि एक तलवार किसी मच्छर को मारने का प्रयास कर रही है)। आइए कुछ उदाहरण देखते हैं।

**उदहारण-1 कथन-** क्या सभी के लिए सैन्य प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए।
**तर्क-** हाँ, यह लोगों में एक अनुशासन की भावना लाएगा।

**उदाहरण-2 कथन-** क्या प्रति सप्ताह अनिवार्य कार्य घंटों की संख्या को घटा दिया जाना चाहिए।
**तर्क-** हाँ, यह लोगों की औसत जीवन प्रत्याशा (Life expectancy) में वृद्धि करेगा।

उपर्युक्त उदाहरण 1 तलवार से मच्छर मारने का एक उदाहरण है। अनिवार्य सैन्य प्रशिक्षण से अनुशासन की भावना उत्पन्न होगी तथा यह एक इच्छित चीज भी है, परन्तु यह अनिवार्यता इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक बहुत बड़ी कार्यवाही है।

इसके ठीक विपरीत उदाहरण 2 एक सुई से एक हाथी मारने की कोशिश करनेका एक उदाहरण है। यदि काम करने के घंटों की संख्या घटा दी जाती है, तो काम करने वालों पर से दबाव घट जाएगा। फलत: तनाव की मात्रा तथा तनाव द्वारा उत्पन्न बीमारियों में कमी आएगी और इसे जीवन प्रत्याशा बढ़ेगी। इस प्रकार हम देखते हैं कि प्रस्तावित सुझाव इच्छित भी है। परन्तु यदि कोई समाज की जीवन-प्रत्याशा को सुधारना चाहता है, तो उसे रहन-सहन की स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं, इलाज की तकनीक इत्यादि सभी में सुधार लाने की कोशिश करनी होगी।

काम करने के घंटों की संख्या में कमी करना इस कार्यक्रम की अंतिम चीज होगी। इस प्रकार, क्योंकि तर्क में बताए गए उद्देश्य लिए प्रस्तावित कार्यवाही बहुत ही छोटी साबित हुई है, अत: तर्क निर्बल (Weak) है।

विद्यार्थियों को यह सलाह दी जाती है कि यदि निम्नलिखित बिन्दुओं पर तर्क हो रहा हो तो ध्यान रखें कि-

(1) एक तर्क अवश्य ही शैक्षिक रूप से समर्थक होना चाहिए।
(2) एक तर्क अवश्य ही पर्यावरणीय रूप से समर्थक होना चाहिए।
(3) एक तर्क अवश्य ही सामाजिक रूप से समर्थक होना चाहिए।

(4) एक तर्क अवश्य ही आर्थिक रूप से समर्थक होना चाहिए।

(5) एक तर्क अवश्य ही राष्ट्र हित एवं मानव कल्याण का समर्थक होना चाहिए।

## प्रश्न का प्रारूप (Format of the Problem)

निर्देश: महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय ठोस तर्क और निर्बल तर्क, इनमें जहाँ तक उनका दिए हुए प्रश्न से सम्बन्ध हो, प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। ठोस तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। निर्बल तर्क वे होते हैं, जो कि कम महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं हो सकते हैं।

**सूचना-**नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कौन सा तर्क ठोस तर्क है और कौन सा तर्क निर्बल तर्क है?

उत्तर दीजिए-

(अ) यदि केवल तर्क I ठोस है। (ब) यदि केवल तर्क II ठोक है

(स) यदि या तो तर्क I या II ठोस है (द) यदि न तो तर्क I न ही II ठोस है।

(इ) यदि तर्क I और II ठोस है।

इस प्रकार के प्रश्न विभिन्न पी.ओ. परीक्षाओं, यू.टी.आई अधिकारियों, आयकर एवं एम.बी.ए. की प्रवेश परीक्षाओं में पूछे जाते हैं।

## कुछ और उदाहरण-

**उदाहरण-1** कॉलेजों में आंतरिक मूल्यांकन होना चाहिए?

तर्क- नहीं सह शिक्षकों में पक्षपात को बढ़ावा देगा।

**विवेचना (Discussion):** तर्क अनावश्यक नहीं है, इसलिए इसे प्रारम्भिक परीक्षण में छोड़ा नहीं जा सकता है। पुन: पूर्व के अनुभव यह भविष्यवाणी करते हैं कि आंतरिक मूल्यांकन पक्षपात की तरफ ले जा सकता है और आगे, सामान्य बुद्धि कहती है कि पक्षपात अवांछित है। अंतत: पक्षपात इतना भी निरर्थक नहीं है कि इसकी उपेक्षा की जाए (चरण IV)। अत: यह एक ठोस तर्क है।

**उदाहरण-2** क्या भारत को एक हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए?

**तर्क:** हाँ, क्यों नहीं।

**विवेचना (Discussion):** यह तर्क भी साधारण कथन पर आधारित है। इसके पास किसी प्रकार का कोई लॉजिक नहीं है, इसलिए यह हमारे प्रारम्भिक परीक्षण में ही एक निर्बल तर्क प्रतीत होता है।

**उदाहरण -3** क्या चारा घोटाला के अपराधियों को दंडित किया जाना चाहिए?

**तर्क :** नहीं, यह एक राजनैतिक शून्य का निर्माण करेगा।

**विवेचना (Discussion):**उपर्युक्त तर्क को प्रारम्भिक परीक्षण में अस्वीकार नहीं किया जा सकता है, परन्तु क्या वास्तव में नकारात्मक परिणाम (राजनीतिक शून्य) सामने आएगा? शायद नहीं। तार्किक रूप से हम कह सकते हैं कि चारा घोटाला के अपराधियों को दंडित करने से राजनैतिक शून्य का निर्माण नहीं होगा। इसलिए चरण II इसे निर्बल तर्क के रूप में अस्वीकार करता है।

**उदाहरण -4** क्या विद्यालयों में योग को अनिवार्य कर देना चाहिए?

**तर्क:** हाँ, यह एक योग शिक्षक को शामिल करके शिक्षकों की संख्या में वृद्धि करेगा।

**विवेचना (Discussion):-**उपर्युक्त तर्क अनावश्यक (Superfluous) नहीं है। यह निश्चित रूप से अनुसरण करेगा,

क्योंकि यह एक शुद्ध तर्क की बात है कि नया विषय नए शिक्षकों की मांग करेगा, लेकिन क्या 'शिक्षकों की संख्या में वृद्धि' वांछित है? एक विद्यालय के संदर्भ में निश्चित रूप से नहीं। जो वांछित होता है वह है, विद्यार्थियों के विकास एवं मानदण्ड में वृद्धि। शिक्षकों की संख्या में वृद्धि निश्चित रूप से उद्देश्य नहीं है।

## अभ्यास प्रश्न

**निर्देश (प्र. 1-39):** महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय ठोस तर्क और निर्बल तर्क, इनमें जहाँ तक उनका दिए हुए प्रश्न से सम्बन्ध हो, प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। ठोस तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं।

सूचना: नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कौन सा तर्क ठोस तर्क है और कौन सा तर्क निर्बल तर्क है?

उत्तर दीजिए-

(अ) यदि केवल तर्क 1 ठोस है।
(ब) यदि केवल तर्क 2 ठोक है
(स) यदि या तो तर्क 1 या 2 ठोस है
(द) यदि न तो तर्क 1 न ही 2 ठोस है।
(इ) यदि तर्क 1 और 2 ठोस है।

1. **कथन:** क्या विद्यमान श्रमिक कानूनों (Labour Laws) में मालिकों के पक्ष में बदलाव करने चाहिए?
   तर्क: 1. हाँ, क्योंकि विद्यमान श्रमिक कानून-कर्मचारियों को अपेक्षा से अधिक संरक्षण देता है, जिससे कि उत्पादन में कमी आती है।
   2. नहीं, इससे मालिक, कर्मचारियों से अनुचित लाभ उठाएंगे, जैसे कि पहले जब श्रमिक कानून लागू नहीं था, तब लाभ उठाते थे।
2. **कथन :** क्या भारत को अत्याधुनिक परमाणु शस्त्रों का निर्माण करना चाहिए।
   **तर्क:** 1. हाँ, भारत के शत्रु स्वयं के हथियारों में निरन्तर सुधार ला रहे हैं।
   2. नहीं, यह हमारी विश्व शांति बनाए रखने की नीति के विपरीत होगा।
3. **कथन :** क्या प्रयोगशाला-परीक्षण के बहाने जानवरों को मारा जाना चाहिए?
   **तर्क** 1. हाँ, वे प्रचुरता में उपलब्ध है।
   2. नहीं, हम जीवन के प्रत्येक मोड़ पर अहिंसा का समर्थन करते आए हैं।
4. **कथन:** क्या, कोई भी प्रतिष्ठित व्यक्ति जो असावधानी से अपराध करता है, उसके साथ कानून को विशेष व्यवहार करना चाहिए?
   **तर्क:** 1. हाँ, क्योंकि प्रतिष्ठित व्यक्ति द्वारा किया गया अपराध जानबूझकर किया गया नहीं होता है।
   2. नहीं, हमारी नीति है कि कानून के सामने सभी समान हैं।
5. **कथन :** क्या म्युचुअल फंड को सरकार के कठोर नियंत्रण में दे देना चाहिए।
   **तर्क:** 1. हाँ, यह निवेशकों के हितों की रक्षा करने का एक तरीका है।
   2. नहीं, विखंडित सरकार का नियंत्रण प्रतिपक्षोन्मुखी हो सकता है।
6. **कथन :** क्या भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य बनाया जाना चाहिए?
   **तर्क:** 1. हाँ, भारत एक ऐसे देश के रूप में प्रकट हुआ है, जो प्यार और मित्रता पसंद करता है।
   2. नहीं, सबसे पहले हमें अपने समस्याओं-गरीबी एवं कुपोषण का समाधान करना चाहिए।

7. **कथन :** क्या सरकार को घाटे में चलने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को बंद कर देना चाहिए?

**तर्क :** 1. नहीं, सभी कर्मचारी अपनी नौकरी, सुरक्षा तथा आमदनी खो देंगे, जो उन्हें अभी प्राप्त है।

2. हाँ, इस प्रतियोगी संसार का नियम है कि जो योग्यतम होगा, वही रह सकेगा।

8. **कथन :** क्या उस व्यक्ति को भारत में चुनाव लड़ने दिया जा सकता है, जिसका सम्बन्ध आपराधिक कार्यों से है?

**तर्क:** 1. नहीं, ऐसा व्यक्ति देश एवं जनता की सेवा नहीं कर सकता है।

2. हाँ, यहां प्रजातंत्र है और जनता को फैसला करने दें कि वह अपना मत किसे देती है।

9. **कथन :** क्या सरकार सभी निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के वेतनमानों को निश्चित कर दे, ताकि मुद्रास्फीति बढ़ने न पाए।

**तर्क:** 1. हाँ, पूरा संसार ऐसा करने के लिए विचारमग्न है।

2. नहीं, सरकार को मूल्य जाँच करने के लिए बाजार की शक्ति पर नियंत्रण करना पड़ेगा।

10. **कथन :** क्या, भारत को विदेशी मीडिया कम्पनियों को भारत के प्रिंट मीडिया में हिस्सेदारी खरीदने की अनुमति देनी चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, इससे भारतीय समाचार-पत्रों में कुशलता और तकनीकी उन्नयन द्वारा रिपोर्टिंग का दर्जा उत्कृष्ट होगा।

2. नहीं, ये लोगों के विचारों को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय समस्याओं से परिवर्तित करेंगे और उन्हें अपने स्वार्थ से जुड़े नगण्य मामलों की ओर ले जाएंगे।

11. **कथन:** क्या, भारत को अपनी सभी नदियों को जोड़कर एक राष्ट्रीय जल संसाधन (grid) का विकास करना चाहिए?

**तर्क:** 1. नहीं, यह संभव नहीं है, क्योंकि हमें इसकी तकनीकी जानकारी नहीं है।

2. हाँ, क्योंकि जिस क्षेत्र में जल की कमी है, उसे अधिक प्रभावी जल प्रवाहन प्रणाली (channellising) के द्वारा सहायता मिल सकती है।

12. **कथन :** क्या, भविष्य में सभी छात्रों के लिए कक्षा IV के आखिर में बोर्ड की परीक्षा होनी चाहिए?

**तर्क :** 1. नहीं, क्योंकि इससे बच्चों की नाजुक उम्र पर अनावश्यक भार पड़ेगा और उनकी सामान्य वृद्धि में बाधा आएगी।

2. हाँ, आज के प्रतिस्पर्धात्मक विश्व में बच्चों का शुरू से ही ऐसी कठिन परीक्षा का सामना करने के लिए तैयार रहना आवश्यक है।

13. **कथन :** क्या, भविष्य में कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए कुछ पश्चिमी देशों की तरह भारत को भारी मात्रा में तेल रिजर्व के रूप में रखना चाहिए?

**तर्क :** 1. नहीं, विदेशी मुद्रा की बड़ी रकम को निष्क्रिय और निरर्थक रखने की जरूरत नहीं है।

2. हाँ, अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण तेल मूल्यों में हुई एकाएक वृद्धि का आघात सहन करने में यह भारत की सहायता करेगा।

14. **कथन :** क्या, ऐसे बच्चों के माता-पिता को जो उन्हें विद्यालय में नहीं भेजते हैं, दंडित करना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यह निरक्षरता उन्मूलन का एकमात्र मार्ग है।

2. नहीं, माता-पिता को क्यों दंडित करना चाहिए।

15. **कथन :** क्या, भारत में तंबाकू के सारे उत्पादों पर पूरी रोक लगा दी जानी चाहिए?

**तर्क :** 1. नहीं, इससे लोग बड़ी संख्या में बेरोजगार हो जाएंगे।

2. नहीं, सरकार को बड़ी राशि की हानि होगी जो वह इन उत्पादों से करों के रूप में अर्जित करती है।

16. **कथन:** क्या भारत के सभी राज्यों में भाषा-स्तर पर हिन्दी भाषा अनिवार्य बना दी जानी चाहिए?

**तर्क :** 1. नहीं, विद्यार्थियों को कोई भी भाषा सीखने के लिए बाध्य नहीं किया जाना चाहिए।

2. हाँ, यह राष्ट्र भाषा है, इसलिए सभी को इसे सीखना चाहिए।

17. **कथन :** क्या, भारत में सारे सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु 55 वर्ष कर दी जानी चाहिए?

**तर्क :** 1. हाँ, इससे सरकार को इसमें मदद मिलेगी कि वह कम लागत से और अधिक उत्पादकता सहित युवा वर्ग को रोजगार प्रदान करें।

2. नहीं, सरकार अनुभवी कर्मचारियों की विशेषज्ञता से वंचित हो जाएगी और इसका उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

18. **कथन :** क्या भारत को राष्ट्रमंडल (कामनवेल्थ) के महासंघ के बाहर निकल जाना चाहिए?

**तर्क:** 1. नहीं, भारत विश्व के मामलों में अपनी राय व्यक्त करने का एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच खो देगा।

2. हाँ, राष्ट्रमंडल की प्रासंगिकता शीत युद्ध के परिदृश्य में खो गई है।

19. **कथन :** क्या लाभ कमाने वाली सभी सरकारी इकाइयाँ निजी कम्पनियों को बेच दी जानी चाहिए?

**तर्क :** 1. हाँ, इससे सरकार को विकास कार्यक्रम कार्यान्वित करने के लिए अपने संसाधनों में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी।

2. नहीं, निजी कम्पनियाँ इन इकाइयों को प्रभावी ढंग से चलाने में समर्थ नहीं होगी।

20. **कथन:** क्या भारत के बड़े शहरों में सड़क के किनारे रहने वाले सभी भिखारियों को जबरन गाँवों में भेज देना चाहिए?

**तर्क :** 1. नहीं, यह सर्वथा अनुचित है और यदि उन्हें गाँव भेज दिया गया तो ये भूखो मर जाएंगे।

2. हाँ, हमारे देश में आने वाले विदेशियों की नजर में इन लोगों के कारण बुरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए इन्हें निकाला जाना चाहिए।

21. **कथन:** क्या हत्या करने के लिए सिद्ध दोषी सभी अपराधियों को मृत्युदंड दिया जाना चाहिए?

**तर्क :** 1. हाँ, भविष्य में हत्या के मामले कम करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

2. नहीं, किसी व्यक्ति की जान लेने का अधिकार किसी को नहीं है, चाहे ऐसे व्यक्तियों के कारनामे कैसे भी हों।

22. **कथन:** क्या भारत के सभी व्यावसायिक कॉलेजों को बिना किसी विश्वविद्यालय की संबद्धता के अपने स्वयं के पाठ्यक्रम चलाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक लोगों के लिए अधिक अवसर अर्जित करने का यही एकमात्र तरीका है।

2. नहीं, इससे व्यावसायिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता क्षीण हो जाएगी, क्योंकि ऐसे सभी कॉलेज ऐसे पाठ्यक्रम चलाने में सक्षम नहीं होंगे।

23. **कथन:** क्या किसी संस्थान में किसी एक व्यक्ति की कमाई पर कोई महत्ता सीमा लगाई जानी चाहिए?

**तर्क :** 1. हाँ, इससे सभी कर्मचारियों के बीच कमाई के समान वितरण में सहायता मिलेगी।

2. नहीं, संस्थान को अपने कर्मचारियों के वेतन तय करने का पूर्ण अधिकार होना चाहिए।

24. **कथन:** क्या भारत सरकार को प्रत्येक पाँच वर्षों के बाद जनगणना करना आरम्भ कर देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, इससे सरकार जनसंख्य में लिंग असमानता की वृद्धि का विश्लेषण कर सकती है।

2. नहीं, सरकार जनसंख्या वृद्धि को नहीं रोक सकती। अत: यह महत्वहीन है तथा समय एवं पैसे की बर्बादी है।

25. **कथन :** क्या बलात्कार के आरोपी दोषियों को मृत्युदंड देना चाहिए?

**तर्क :** 1. हाँ, महिलाओं को ऐसे अत्याचारों से पूरी तरह से बचाने का यही एकमात्र उपाय है।

2. नहीं, इससे हिंसा और अधिक बढ़ जाएगी, क्योंकि अपराधी बलात्कार की शिकार महिलाओं को शायद मार भी डालेंगे।

26. **कथन :** क्या कार्य-निषादन नहीं करने वाले सरकारी क्षेत्र के सभी कर्मचारियों की सेवा से अनिवार्य रूप से छंटनी करनी चाहिए?

**तर्कः** 1. नहीं, इससे प्रबंधन को एक अन्यायपूर्ण हथियार मिल जाएगा और वे इसका अविवेकपूर्ण उपयोग कर सकते हैं।

2. हाँ, इससे इन संस्थानों की कार्यकुशलता की वृद्धि में सहायता होगी और ये प्रतिष्ठिान लाभकारी बनेगा।

27. **कथन :** पुरुष और स्त्री एक-दूसरे से विवाह करें। इससे पूर्व क्या इन दोनों की अनिवार्यत: चिकित्सा-जाँच होनी चाहिए?

**तर्कः** 1. नहीं, यह किसी व्यक्ति की निजता का अतिक्रमण है, इसलिए इसे और सहन नहीं किया जा सकता।

2. हाँ, इससे गंभीर बीमारियों वाले बच्चों को जन्म देने के जोखिम में पर्याप्त कमी होगी।

28. **कथनः** क्या, पश्चिमी देशों में पेटेंट की गई सभी दवाओं को आम जनता को बेचने का लाइसेंस देने से पहले नमूने के आधार पर पूर्व परीक्षण किया जाना चाहिए?

**तर्कः** 1. हाँ, भारतीय जनता को ऐसी कई दवाओं की अलग मात्रा में और अलग अवधि के लिए आवश्यकता हो सकती है, इसलिए यह जरूरी है।

2. नहीं, यह कतई साध्य नहीं है, इसलिए इसका कार्यान्वयन नहीं हो सकता।

29. **कथनः** क्या सभी विदेशी बैंकों को भारत में उनके परिचालन तत्काल बंद करने के लिए कहा जाना चाहिए?

**तर्कः** 1. नहीं, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

2. हाँ, भारतीय बैंकों के अस्तित्व को बनाए रखने और उनकी समृद्धि के लिए यही एकमात्र तरीका है।

30. **कथन :** क्या ऐसे सभी लोगों को जो खतरनाक संक्रामक रोग से पीड़ित लोगों के सम्पर्क में आए हैं, उन्हें अपने घरों में पृथक किया जाना चाहिए?

**तर्क :** 1. नहीं, किसी को भी तब तक पृथक नहीं किया जाना चाहिए, जब तक परीक्षणोपरांत उसे इस रोग के जीवाणु द्वारा संक्रमित न पाया जाए।

2. हाँ, मारक रोगों के प्रसार पर नियंत्रण का यही एकमात्र तरीका है।

31. **कथनः** क्या विभिन्न अवधियों की सावधि बैंक जमाओं के लिए केवल एक ही ब्याज दर होनी चाहिए?

**तर्कः** 1. नहीं, लोग दीर्घावधि के लिए धन बैंकों में नहीं रखेंगे और परिणामत: बैंकों की द्रवता (Liquidiity) का स्तर कम होगा।

2. हाँ, यह आम लोगों के लिए ज्यादा सरल होगा और बैंकों में अधिक धन रखने के लिए वे प्रेरित होंगे।

32. **कथन :** क्या किसी निर्वाचन क्षेत्र में संसदीय चुनाव के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम संख्या के सम्बन्ध में कोई उच्च सीमा होनी चाहिए?

**तर्कः** 1. हाँ, इससे संसदीय चुनाव अधिक अर्थपूर्ण होंगे, क्योंकि वोटर अपना वोट देने के सम्बन्ध में सुविचारित निर्णय ले पाएंगे।

2. नहीं, प्रजातंत्र में पात्रता मानदण्ड पूरे करने वाला भी व्यक्ति संसदीय चुनाव लड़ सकता है और ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए।

33. **कथनः** क्या मानवहत्या या मावनहत्या के दुष्प्रेषण के लिए दोषी पाए जाने वाले सभी अपराधियों को या तो मृत्युदंड

दिया जाना चाहिए या तमाम उम्र जेल में रखना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, ऐसी कठोर सजा से ही लोग ऐसे भयानक कृत्य करने के बाज आएंगे और समाज अधिक सुरक्षित रहेगा।

2. नहीं, जो अपने द्वारा किए गए गुनाह के लिए पश्चाताप करते हैं, उन्हें जेल से बाहर सामान्य जीवन जीने का एक अवसर दिया जाना चाहिए।

34. **कथन:** क्या भारत में एक राज्य से दूसरे राज्य में लोगों के स्थानांतरण (Migration) पर प्रतिबंध होना चाहिए?

**तर्क:** 1. नहीं, किसी भी भारतीय को अपनी पसंद के किसी भी स्थान पर रहने का मूलभूत अधिकार है, अत: उन्हें रोका नहीं जा सकता।

2. हाँ, भारत के राज्यों में संसाधनों के समान वितरण का यही एकमात्र तरीका है।

35. **कथन :** क्या सरकार द्वारा चलाए जा रहे महाविद्यालयों से पास हुए ऐसे सभी विद्यार्थियों से, जिन्होंने विदेशों में बसने की इच्छा की है, सरकार को उनकी शिक्षा की लागत का भुगतान करने के लिए कहना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने राजकोष के संसाधनों से शिक्षा ली है, उन्हें देश छोड़कर जाने से हतोत्साहित किया जाना चाहिए।

2. नहीं, प्रत्येक नागरिक को अपनी उच्च शिक्षा या कार्य के स्थान के चयन का अधिकार है। अत: ऐसी शर्त न्यायसंगत नहीं है।

36. **कथन:** क्या भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका की सभी अंतर्राष्ट्रीय नीतियों का समर्थन करना चाहिए?

**तर्क:** 1. नहीं, बहुत से अन्य शक्तिशाली देश इसका समर्थन नहीं करते।

2. हाँ, अमेरिका की विकास निधियों तक पहुंचने का यही एकमात्र उपाय है।

37. **कथन :** क्या कृषि क्षेत्र में कीटनाशक दवाइयों के उपयोग पर सम्पूर्ण प्रतिबंध होना चााहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, भूमिगत जल को हानिकर रसायनों से प्रदूषित होने से बचाने का यही एकमात्र तरीका है।

2. नहीं, इससे कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और कीट फसलों को हानि पहुंचायेंगे।

38. **कथन :** क्या भारत में श्रम सुधार तुरन्त लागू किये जाने चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, इससे साधारणत: सभी क्षेत्रों में और विशेषत: सरकारी क्षेत्रों में उत्पादकता वृद्धि में सहायता होगी।

2. नहीं, बहुत से अन्य देशों ने इसे अभी तक लागू नहीं किया है।

39. **कथन :** क्या केरोसीन पर अनुदान (सब्सीडी) तत्काल और बढ़ाया जाना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, इससे समाज के निर्धन वर्ग को पर्याप्त राहत मिलेगी, क्योंकि उन्हें अधिक लाभ मिलेगा।

2. नहीं, अन्यथा हमारी अर्थव्यवस्था मुश्किल की स्थिति में होगी और वह इससे अधिक भार वहन नहीं कर पाएगी।

**निर्देश (प्रश्न 40-44)-** महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय ठोस तर्क और निर्बल तर्क, जहाँ तक उनका दिए गए प्रश्न से सम्बन्ध हो, प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। ठोस तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। निर्बल तर्क वे होते हैं, जो कम महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से सम्बन्धित हो सकते हैं।

नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद चार तर्क I, II, III और IV दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कौन सा तर्क ठोस तर्क है और कौन-सा तर्क निर्बल तर्क?

40. **कथन :** क्या भारत में गैस भरे हुए पेय पदार्थों (aerated frinks) के उपयोग को प्रतिबंधित कर देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यह लोगों को कुछ बीमारियों के होने के खतरे को कम करने का एकमात्र तरीका है।

2. नहीं, प्रत्येक व्यक्ति को जो भी वह चाहता है, उसे चुनने का अधिकार होना चाहिए।

3. नहीं, कोई निश्चित सबूत नहीं है कि इस प्रकार के उत्पाद का मानव पर विपरीत असर होता है।

4. हाँ, क्योंकि दूसरे बहुत से देशों में इसे प्रतिबंधित किया गया है।

(अ) केवल 1 और 4 ठोस है (ब) केवल 3 ठोस है

(स) केवल 1 और 2 ठोस है (द) केवल 1 ठोस है (इ) सभी तर्क ठोस है

41. **कथन :** क्या मोटरबाइक पर चलते समय चालक एवं पीछे बैठने वाले व्यक्ति दोनों को अनिवार्यत: हेलमेट पहनने के नियम को सख्ती से लागू करना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यह नियम है और सभी को नियम का सख्ती से पालन करना चाहिए।

2. नहीं, प्रत्येक व्यक्ति जानता है कि अपने जीवन की रक्षा कैसे करनी है तथा इसे उसके विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

3. नहीं, क्योंकि इससे केवल सिर सुरक्षित रहता है बचा हुआ शरीर नहीं, यह सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करता है।

4. हाँ, केवल तब ही शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

(अ) कोई भी तर्क ठोस नहीं है। (ब) केवल 3 ठोस है (स) केवल 1, 2 और 3 ठोस है

(द) केवल 1 और 3 ठोस है। (इ) सभी तर्क ठोस है

43. **कथन:** क्या उन सभी नौजवानों को जो कि 21 वर्ष की आयु से कम हैं बीयर बार में जाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए?

**तर्क:** 1. नहीं, 18 वर्ष से ऊपर के परिपक्व नवजवान जो मजे से अपना मत दे सकते हैं, को मना करना सही नहीं है।

2. हाँ, इस प्रकार के पबों के प्रवेश शुल्क में वृद्धि होनी चाहिए।

3. नहीं, पश्चिमी देशों में इस प्रकार की कोई कटौती नहीं है।

4. हाँ, इससे नौजवानों को बुरी संगति में जाने से तथा बुरी आदतों को ग्रहण करने से रोकने में मदद मिलेगी।

(अ) केवल 1 ठोस है (ब) केवल 1 और 3 ठोस है (स) केवल 1 और 4 ठोस है

(स) केवल 3 और 4 ठोस है

44. **कथन:** क्या क्लास 4 के बच्चों के लिए बोर्ड परीक्षा होनी चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यह बच्चों को पढ़ने तथा उच्चतर अंक प्राप्त होने के लिए प्रेरित करेगा।

2. नहीं, बच्चे पढ़ने के लिए बाध्य होंगे तथा इस प्रक्रिया का मज नहीं ले पाएंगे।

3. हाँ, छोटी उम्र में अधिक ज्ञान अर्जित कर सकते हैं।

4. नहीं, इससे कच्ची उम्र के बच्चों पर दबाव बढ़ जाएगा तथा खेलने के लिए उनके पास बहुत थोड़ा समय बचेगा।

(अ) केवल 1 और 4 ठोस हैं। (ब) केवल 2 और 4 ठोस हैं (स) केवल 4 ठोस है।

(द) केवल 1 और 3 ठोस है (इ) सभी तर्क ठोस हैं।

**निर्देश:** (प्र. 45-75) महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय ठोस तर्क और निर्बल तर्क इनमें जहाँ तक उनका उस प्रश्नसे सम्बन्ध हो, प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। ठोस तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित होते हैं। निर्बल तर्क वे होते हैं, जो कि कम महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे सम्बन्धित नहीं हो सकते हैं।

**सूचना:** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क 1 और 2 दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कौन सा तर्क ठोस है और कौन सा तर्क निर्बल तर्क?

उत्तर दीजिए-

(अ) अगर केवल तर्क 1 ठोस है (ब) अगर केवल तर्क 2 ठोस है

(स) अगर या तो तर्क 1 या 2 दोनों ठोस है (द) अगर न तो तर्क 1 और न ही 2 दोनों ठोस है

(इ) अगर तर्क 1 और 2 दोनों ठोस है।

45. **कथनः** क्या भारत में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने में विद्यार्थियों के किसी विशेष समूह को कोई रियायत दिए बिना सिर्फ योग्यता के आधार पर प्रवेश दिया जाना चाहिए?

**तर्कः** 1. हाँ, इससे पेशेवर लोगों की गुणवत्ता में सुधार आएगा, क्योंकि वे पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे।

2. नहीं, इससे सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए अधिकांश विद्यार्थी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से वंचित रह जाएंगे।

46. **कथनः** क्या राज्य सरकारों को सम्बन्धित राज्यों में वसूले गए केन्द्रीय करों के प्रमुख हिस्से को रखने की अनुमति दी जानी चाहिए?

**तर्क** 1. नहीं, प्रमुख हिस्सा केन्द्र सरकार को मिलना चाहिए, क्योंकि ज्यादातर विकास कार्यक्रमों की निधि केन्द्र सराकर द्वारा दी जाती है।

2. हाँ, ज्यादातर राज्य सरकारों के पास निधि की कमी है और उन्हें निधि की बेहद जरूरत है।

47. **कथन :** क्या निजी क्षेत्र के सभी बैंकों को तत्काल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों मे विलय कर दिया जाना चाहिए?

**तर्कः** 1. नहीं, निजी बैंक लाभ कमाने वाली संस्थाएं हैं, इसलिए उनका विलय नहीं किया जाना चाहिए।

2. हाँ, इससे ग्राहकों का मेहनत से कमाया गया धन सुरक्षित हो जाएगा और उनके हित सुरक्षित होंगे।

48. **कथनः** क्या देश में सभी पुलिस थानों के प्रभारियों को प्रत्येक दो वर्ष में स्थानांतरित कर दिया जाना चाहिए?

**तर्कः** 1. नहीं, इससे बड़ी प्रशासनिक समस्या पैदा हो जाएगी और पुलिस अधिकारियों के लिए भी बड़ी असुविधा उठ खड़ी होगी।

2. हाँ, पुलिस अधिकारियों और समाज विरोधी तत्वों के बीच सम्बन्ध को तोड़ने का यही एकमात्र तरीका है।

49. **कथनः** क्या तेल कम्पनियों को पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को बाजार की शर्तों पर निर्भर करते हुए तय करने की अनुमति दी जानी चाहिए?

**तर्कः** 1. हाँ, तेल कम्पनियों को वाणिज्यिक रूप से सक्षम बनाने का यही एकमात्र रास्ता है।

2. नहीं, इससे आवश्यक वस्तुओं की खुदरा कीमतों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और आम जनता को बहुत कठिनाई हो जाएगी।

50. **कथन :** क्या भारत में सभी कॉलेजों में पढ़ाई का केवल एक ही माध्यम होना चाहिए?

**तर्कः** 1. हाँ, बहुत से देशों में सभी कॉलेजों में पढ़ाई का माध्यम केवल एक ही है।

2. नहीं, भारत जैसे बहुभाषी देश में यह व्यावहारिक नहीं है।

51. **कथन :** क्या सरकारी नौकरियों में एक संतान वाले परिवार के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण होना चाहिए?

**तर्कः** 1. नहीं, यह उपयुक्त नहीं है, क्योंकि बिना किसी विशिष्ट समूह के लिए आरक्षण के केवल योग्य उम्मीदवारों को नौकरियाँ दी जानी चाहिए।

2. हाँ, इससे भारत की बढ़ती हुई आबादी को कम करने में सहायता मिलेगी, क्योंकि माता-पिता एक संतान की नीति अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

52. **कथनः** क्या भारत में नए इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए?

**तर्कः** 1. हाँ, प्रत्येक वर्ष लाखों इंजीनियर और स्नातक नौकरी नहीं पा सकते हैं, क्योंकि माँग आपूर्ति की तुलना में

बहुत कम है।

2. नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में सतत बढ़ रही तकनीशियनों की माँग की पूर्ति के लिए भारत को अधिक तकनीकी अर्हता प्राप्त लोगों की जरूरत है।

53. **कथन:** क्या प्रशासनिक सेवा के कर्मिकों को छोड़कर सरकार द्वारा विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख रूप में नियुक्त सभी व्यक्तियों को सरकार बदलने पर त्यागपत्र दे देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, अमेरिका में इस प्रथा का पालन हो रहा है और यह प्रभावी पाई गई है।

2. नहीं, ऐसी नियुक्तियाँ राजनैतिक प्रभाव से बाहर रखी जानी चाहिए और इनमें से प्रत्येक को अपना कार्यकाल पूरा करने दिया जाना चाहिए।

54. **कथन :** क्या मरणांतक रोगों से पीड़ित सभी लोगों को यदि उनकी इच्छा हो तो अपना जीवन समाप्त करने की छूट देनी चाहिए?

**तर्क:** 1. नहीं, किसी को भी अपनी इच्छानुसार अपना जीवन समाप्त करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि यह मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है।

2. हाँ, ठीक होने की बिना किसी संभावना के दर्द पीड़ित रहने के बजाए उन्हें ऐसा करने की छूट देनी चाहिए।

55. **कथन :** क्या सरकार को सम्पूर्ण भारत में किसानों से सीधे फसल खरीदनी चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, इससे बड़े बिचौलिए व्यापारियों के द्वारा किसानों का शोषण रोका जा सकता है।

2. नहीं, लोग जरूरत के समय ऐसे लोगों से सहायता पाने का अवसर खो देंगे।

56. **कथन :** क्या शिक्षा मंत्रालय को कक्षा 8 से आगे बोर्ड परीक्षाएं आरम्भ कर देनी चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, इसके बाद केवल अच्छे योग्य विद्यार्थी ही कॉलेजों में नामांकन लेंगे।

2. नहीं, विद्यार्थियों को दूसरी गतिविधियों में भाग लेने का समय मिलेगा और वे तनाव महसूस करेंगे।

57. **कथन :** क्या कम्पनियों को जोखिम कम करने के रूप में शेयर बाजार में कुछ निश्चित प्रतिशत ही वापसी की गारंटी देनी चाहिए?

**तर्क :** 1. हाँ, कंपनी इस योजना के द्वारा बाजार से अतिरिक्त धन की उगाही करने में सक्षम होगी।

2. नहीं, यह निवेशकों के हित के विरुद्ध चला जाएगा।

58. **कथन :** क्या मधुमेह के मरीजों की संख्या में वृद्धि के कारण सरकार को चीनी का उत्पादन सीमित कर देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यह कदम मधुमेह मरीजों की संख्या को घटाएगा एवं मरीजों में मधुमेह की दर को कम करेगा।

2. नहीं, भारत में मधुमेह रोगियों की कुल संख्या दूसरे देशों में ऐसे रोगियों की संख्या से कम है।

59. **कथन:** क्या सरकार को डॉक्टरों के लिए अनिवार्य कर देना चाहिए कि उन्हें शहरी क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने से पहले ग्रामीण क्षेत्र में अपना व्यवसाय करना होगा?

**तर्क:** 1. हाँ, ग्रामीण जनता आसानी से दवा एवं उपचार तक पहुँच सकती है एवं उन्हें इस उद्देश्य से लम्बी यात्रा पर जाने की परेशानी का सामना नहीं करना होगा, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

2. नहीं, डॉक्टर इसमें अपनी रुचि खो देंगे, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में उनके लिए यह आकर्षक कार्य नहीं होगा।

60. **कथन:** क्या सरकारी कॉलेजों के अनुबंध आधारित शिक्षकों को अपनी सेवाओं को स्थायी करने के लिए सरकार पर दबाव डालना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, उन्हें व्यापक हित में ऐसी माँग के लिए दबाव बनाने का अधिकार है।

2. नहीं, स्थिति से निपटने के लिए एवं शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सरकार को विकल्पों की स्वतंत्रता के साथ छोड़ देना चाहिए।

61. **कथन :** क्या सरकार को सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए कैंटीन की सुविधा का आरम्भ कर देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, वे भी अपने घरों एवं परिवार से दूर हैं।

2. नहीं, सरकार कर्मचारियों को अच्छा वेतन दे रही हैं और वे बाजार से चीजें खरीद सकते हैं।

62. **कथन:** क्या संचार माध्यमों को डरावने एवं अंधविश्वास से सम्बन्धित कार्यक्रम दिखाने से रोक देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यह संचार माध्यमों के कार्यक्रमों के शैक्षिक महत्व को बनाए रखेगा।

2. नहीं, यह मनोरंजन का एक अच्छा तरीका है।

63. **कथन :** क्या सरकार को सभी धनी व्यक्तियों के लिए अपनी सुरक्षा के उद्देश्य से रिवाल्वर रखना अनिवार्य बना देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यह अपराध दर एवं धनी व्यक्तियों की सुरक्षा पर सरकार का व्यय कम करता है।

2. नहीं, सभी धनी व्यक्तियों के लिए रिवाल्वर एवं लाइसेंस स्वीकृत करना संभव नहीं है।

64. **कथन :** क्या सरकार को आगंतुकों एवं पर्यटकों के लिए ऐतिहासिक स्थानों पर जाना प्रतिबंधित कर देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, ऐतिहासिक स्थानों पर आतंकवादी हमलों का डर है।

2. नहीं, ऐतिहासिक स्थान पर्यटकों एवं आगंतुकों के लिए आकर्षण के केन्द्र है।

65. **कथन:** क्या सरकार को लाभ कमाने वाले PSUs में विनिवेश रोक देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, सरकार के पास बकाया एवं प्रस्तावित विकास योजनाओं के लिए पर्याप्त धन है।

2. नहीं, यह PSUs में स्वायत्तता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही लाएगा।

66. **कथन:** क्या राष्ट्रमंडल खेलों के सफलतापूर्वक आयोजन के बाद भारत को ओलंपिक खेलों के आयोजन का प्रस्ताव करना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यदि भारत यह करता है तो एथलीट अधिक मेडल जीतेंगे जैसा कि उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में किया।

2. नहीं, क्योंकि यह सरकारी खजाने पर हजारों करोड़ का भार डालता है, यह राशि दूसरी महत्वपूर्ण योजनाओं पर खर्च हो सकती है।

67. **कथन:** भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड टीम के साथ टूर्नामेंट खेलने जा रही है। क्या BCCI को वर्तमान टीम को आराम दे देना चाहिए।

**तर्क:** 1. हाँ, स्वस्थ खिलाड़ी विश्वकप जीतने की संभावना को बढ़ा देंगे।

2. यदि खिलाड़ियों को आराम दिया गया तो वे अभ्यास बंद कर देंगे और अपना समय दूसरे कामों में लगाएंगे जो कि विश्व कप जीतने की संभावना को कम कर देगा।

68. **कथन:** क्या भारत सरकार को छपी हुई किताबों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए एवं विद्यालयों तथा कॉलेजों में ई-किताबों का प्रयोग शुरू कर देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, यह पेड़ों की सुरक्षा करने में सहाता करेगा जो कि कागज बनाने के लिए असावधानी से काटे जाते हैं।

2. नहीं, इसके लिए एक बड़े निवेश की आवश्यकता होगी, क्योंकि ई-किताबों को पढ़ने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को इलेक्ट्रॉनिक यंत्रों की जरूरत होगी और यह भारत जैसे गरीब देश के लिए संभव नहीं है।

69. **कथन:** क्या भारत सरकार को जम्मू एवं कश्मीर से सेना वापस बुला लेनी चाहिए, ताकि प्रदर्शन बंद हो जाएं?

**तर्क:** 1. हाँ, लोग इसकी माँग कर रहे हैं।

2. नहीं, सेना जम्मू एवं कश्मीर में रुकना पसंद करती है और वहाँ से वापस लौटने से मना कर देगी।

70. **कथन:** क्या इसे एक नियम बना देना चाहिए कि एक बार चयनित हो जाने के बाद एक राज्य सरकार पूरे कार्यकाल के लिए काम करेगी, भले ही इसके विधायक इसे पसंद करे या न करें?

**तर्क:** 1. हाँ, यह मध्यावधि चुनावों में बर्बाद होने वाली बड़ी राशि को बचाएगा एवं राज्यों में स्थिरता लागएगा।

2. नहीं, यह विधायकों को मंत्री बनने एवं पार्टी बदल कर पैसा कमाने की सुविधा देता है।

71. **कथन:** क्या ब्लैकबेरी सेवाओं पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए, क्योंकि यह गुप्तचर विभाग को भी ग्राहकों की बातचीत एवं संदेश को उपलब्ध नहीं कराती है?

**तर्क:** 1. हाँ, यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक है, क्योंकि आतंकवादी बिना पता चले इन सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं।

2. नहीं, यह अपने उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत निजता प्रदान करती है।

72. **कथन:** क्या सरकार को प्रत्येक परिवार को मुफ्त रंगीन टेलीविजन वितरित करना चाहिए, ताकि वे सभी सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं से परिचित रहें?

**तर्क:** 1. हाँ, ऐसे बहुत से परिवार हैं, जो अपनी मासिक आय में रंगीन टेलीविजन नहीं खरीद सकते हैं।

2. नहीं, यह उन परिवारों में बच्चों को बिगाड़ देगा, क्योंकि वे स्कूल जाना बंद कर देंगे और पूरे दिन टेलीविजन देखते रहेंगे।

73. **कथन:** क्या भारत को सुरक्षा कारणों से चीनी कम्पनियों को भारतीय दूरसंचार कम्पनियों के सामान आपूर्ति का अनुबंध प्राप्त करने पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए?

**तर्क:** 1. हाँ, चीनी कम्पनियाँ घटिया स्तर के उत्पाद कम दरों पर बेच रही हैं और यह दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता को कम कर देगा।

2. जवाब में चीन भारतीय कम्पनियों को चीनी बाजार में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर देगा।

74. **कथन:** क्या भारत को 'बिग बॉस' कार्यक्रम को प्रतिबंधित कर देना चाहिए, क्योंकि यह खुलेआम सहभागियों की व्यक्तिगत निजता के अधिकारों का उल्लंघन करता है?

**तर्क:** 1. हाँ, निजता एवं व्यक्तिगत सम्मान सार्वजनिक नहीं किए जाने चाहिए।

2. कार्यक्रम ऐसा सहभागियों की सहमति से कर रहा है।

75. **कथन:** क्या IIT-JEE प्रवेश परीक्षा रोक देनी चाहिए एवं विद्यार्थियों को कक्षा XII में उनके अंकों के आधार पर नामांकन दिया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को कोचिंग संस्थानों द्वारा शोषित होने से बचाया जा सके।

**तर्क:** 1. हाँ, आईआईटी के प्राध्यापक किसी भी छात्र को एक मेघावी तकनीशियन के रूप में परिवर्तित करने में सक्षम हैं। ऐसी परीक्षा की आवश्यकता नहीं है।

2. नहीं, IIT-JEE की तैयारी कर रहे विद्यार्थी कोचिंग संस्थानों को फीस अदा करने के लिए पर्याप्त धनी हैं।

## व्याख्या सहित उत्तर

1. e. I ठोस है, क्योंकि हम कम उत्पादन वहन करने की स्थिति में नहीं है। II ठोस है, क्योंकि श्रमिकों का शोषण वांछनीय नहीं है।

2. a. राष्ट्र की सुरक्षा की दृष्टि से I ठोस है। II निर्बल है, क्योंकि परमाणु शस्त्रों का प्रयोग करना न कि इसको प्राप्त करना शांति के लिए खतरा होता है।

3. d. जानवरों की प्रचुरता का अर्थ यह नहीं है कि हम इनकी संख्या को कम कर दें। अत: I निर्बल है। II भी एक निर्बल तर्क है, क्योंकि यह वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाता है। क्या वास्तव में हम लोग जीवन के हर चरण में अहिंसा के पक्षधर हैं? इसके अतिरिक्त यह अहिंसा के मायने के कारण नहीं बनाता है।

4. b. तर्क I समर्थन करता है कि सम्मानजनक लोग जानबूझकर अपराध नहीं करते हैं। क्या यह सत्य है? उत्तर नहीं।

अत: निर्बल तर्क है। तर्क II ठोस तर्क है।

5. a.

6. a. I ठोस है, क्योंकि यह इसके दावे के पक्ष में अपरिहार्य जरूरतों की चर्चा करता है, परन्तु II ठोस नहीं है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्य बनने के अवसर को हथियाना, इसके विपरीत, विकास कार्य को एक नया आवेग प्रदान करेगा।

7. a. I ठोक है, क्योंकि हम कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। II ठोस नहीं है, क्योंकि यह कथन में कुछ भी जोड़ता नहीं है।

8. b. I सत्य नहीं है। अत: I ठोस नहीं है। II ठोस है, क्योंकि लोगों की पसंद को प्रधानता देनी चाहिए।

9. a. चूंकि भारत विश्व का भाग है। पूरे विश्व के लिए जो सत्य लोगा, वह भारत के लिए भी सत्य होगा। अत: I ठोस है, लेकिन II निर्बल है, क्योंकि यह कारण में जाने के बजाय एक विकल्प उपलब्ध कराता है।

10. a. I ठोस है, क्योंकि यह न केवल हमारे समाचार-पत्रों की रिपोर्टिंग पर विदेशी मीडिया के पड़ने वाले धनात्मक प्रभाव के बारे में कहता है, बल्कि यह परिवर्तन कैसे आएगा, इसके बारे में भी कहता है। II निर्बल तर्क है, क्योंकि विदेशी मीडिया कंपनियों को अंशदरी खरीदने की अनुमति देने का तात्पर्य यह नहीं है कि कम्पनियों को भारत में अपने मीडिया में पूर्ण स्वतंत्रता दे दी जाएगी। इसके अतिरिक्त यह तर्क मानता है कि पाठक मूर्ख है।

11. b. I निर्बल है, क्योंकि यह मुख्य मुद्दे पर केन्द्रित नहीं है तथा इसे गलत पूर्वधारणा से समर्थन करता है। ध्यातव्य हो कि यदि भारत में अभीष्ट तकनीक नहीं है, तो दूसरे देशों की मदद से अपनी जरूरत पूरी कर सकता है। II ठोस तर्क है, पानी का समान उपयोग वांछनीय है।

12. d.

13. b. I निर्बल है, क्योंकि यह तेल रिजर्व की जरूरत को नकारता है। II ठोस है, क्योंकि इस प्रकार के तेल रिजर्व अनपेक्षित कारणों से तेल के मूल्य में वृद्धि के धक्के को वहन करने में एक मुख्य भूमिका अदा करते हैं।

14. d.

15. e. दोनों तर्क ठोस हैं। I ठोस है, क्योंकि बेरोजगारी एक बहुत बड़ी समस्या है। II भी ठोस है, क्योंकि यह सरकार की वित्तीय हालत को कमजोर करेगा। कमजोर वित्तीय हालत सरकार के विकास को प्रभावित करते हैं।

16. b. ठोस नहीं है, क्योंकि इसके पास कुछ भी सारगर्भित नहीं है। प्रश्न में ''अनिवार्य'' के प्रयोग से तात्पर्य है कि ''बाध्य किया जा रहा है।'' II ठोस है, क्योंकि राष्ट्र भाषा को केवल संकेत के रूप मे नहीं देखा जा सकता है।

17. e. दोनों तर्क ठोस हैं। I ठोस है, क्योंकि इसमें युवाओं को अधिक अवसर प्राप्त होगा तथा उत्पादन को और गतिशील बनाएगा। II ठोस है, क्योंकि उत्पादकता बढ़ाने में अनुभव एक अत्यावश्यक भूमिका अदा करता है।

18. a.

19. a. I ठोस है, क्योंकि देश के लिए यह लाभदायक है। II कमजोर है, क्योंकि यह गलत धारणा पर आधारित है।

20. e. मावनीय आधार पर I ठोस है। II ठोस है, क्योंकि विश्व को हम अपनी जो छवि दिखाते हैं, उससे समझौता करना वांछनीय नहीं है।

21. b. I निर्बल है, क्योंकि यह एक अंतिम कार्यवाही का समर्थन करता है। यह लगी लागत का संज्ञान नहीं लेता है। मानवीय आधार पर II ठोस है।

22. b. दो कारणों से तर्क I ठोस नहीं है (i) व्यावसायिक प्रशिक्षण खोजने वालों के लिए और अधिक अवसर बनाने का केवल यही एक तरीका नहीं है। (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण का अवसर प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, प्रशिक्षण की गुणवत्ता उतनी ही महत्वपूर्ण है। तर्क II ठोस है, क्योंकि प्रशिक्षण के मानक में गिरावट की संभावना को नकारा नहीं जा सकता है।

23. d. वास्तव में महत्तम सीमा तय करना उनके लिए जो कठिन परिश्रम करते हैं तथा संस्था के लाभ में बहुत अधिक

योगदान देते हैं, उच्चतर वेतन प्राप्त करने की गुंजाइश को कम करेगा। अत: I सही नहीं है, इसलिए I ठोस नहीं है। II ठोस नहीं है, क्योंकि संस्थान में किसी एक व्यक्ति की कमाई पर कोई महत्तम सीमा लादने का कोई पर्याप्त कारण नहीं बताता है।

24. a. I मजबूत है, क्योंकि जनगणना बहुत तरह के डाटा उपलब्ध कराती है जैसे कि लिंग असमानता में वृद्धि आदि, जिसका विश्लेषण करके सरकार भविष्य की योजनाएं बना सकती है। II अमान्य है, क्योंकि सरकार जनसंख्य वृद्धि को तो नहीं रोक सकती, लेकिन इसके बेहतर प्रबंधन के लिए जनगणना जरूरी है।

25. d. I निर्बल है, क्योंकि यह सत्य नहीं है। क्या यही एकमात्र तरीका है? II भी निर्बल है, क्योंकि दण्ड अपराध को नियंत्रित करना है न कि इससे डरना है।

26. e. I ठोस है, क्योंकि इस प्रकार की शक्ति प्राय: निहित स्वार्थ का शिकार हो जाती है। कार्य के आधार पर II ठोस तर्क है।

27. b. I निर्बल है, क्योंकि यह व्यक्ति की गोपनीयता को डॉक्टरी जाँच से अर्थात् हेल्थकेयर से अधिक महत्व देता है। II एक ठोस तर्क है, क्योंकि यह वांछनीय सत्य है।

28. a. I ठोस है, क्योंकि यह एक स्थापित तथ्य पर आधारित है। II सत्य नहीं है, इसलिए II निर्बल तर्क है।

29. a. I ठोस है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को परेशानी में डालना वांछनीय नहीं है। II निर्बल है, क्योंकि यह एकमात्र तरीका नहीं है।

30. a. I ठोस है, क्योंकि यह अनावश्यक असुविधा से लोगों को बचाएगा। II ठोस नहीं है, क्योंकि यह सत्य नहीं है। खतरनाक रोगों को नियंत्रित करने के अन्य तरीके भी होते हैं।

31. a. I ठोस है, क्योंकि उच्चतर दर लोगों को अधिक समय के लिए धन जमा करने के लिए आकर्षित करता है। II ठोस नहीं है, क्योंकि केवल एक ब्याज की दर और अधिक बचत करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती है।

32. I ठोस है, क्योंकि यह चुनाव प्रक्रिया को और सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण बनाता है। लोकतंत्र के सिद्धांतों की वजह से II ठोस है।

33. b. I ठोस नहीं है, क्योंकि यही एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है और इसके दूसरे कम कठोर समाधान संभव है। II ठोस है, क्योंकि यह न्याय संगत है कि समाज से बुराई को समाप्त किया जाए न कि ऐसे करने वालों को।

34. a. संवैधानिक अधिकार के आधार पर I ठोस है। II सत्य है। अत: यह एक निर्बल तर्क है।

35. - I एवं II दोनों तर्क ठोस है। तर्क I ठोस है, क्योकि राजकोष के संसाधनों का श्रेष्ठ उपयोग वांछनीय है। इस तरह के लोगों को हतोत्साहित करने से प्रतिभा पलायन की समस्या में कमी आएगी। संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदत्त शक्तियों के आधार पर तर्क II ठोस है।

36. d. तर्क I ठोस है, क्योंकि भारत को अपना पक्ष अपनी जरूरत के हिसाब से रखना चाहिए। शब्द 'केवल' के कारण तर्क II सही नहीं है। अत: तर्क II ठोस नहीं है।

37. b. तर्क I सही नहीं है, क्योंकि तर्क में शब्द 'केवल' का प्रयोग हुआ है। अत: तर्क I ठोस नहीं है। तर्क II ठोस है, क्योंकि कृषि पर विपरीत असर अर्थव्यवस्था की रीढ़ को कमजोर करेगा।

38. a. तर्क I ठोस है। इसमें कोई शक नहीं है कि श्रमिक सुधार, श्रमिकों को और दक्षतापूर्वक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, जो कि उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगा। तर्क II ठोस नहीं है, क्योंकि तर्क करने का यह सही तरीका नहीं है। भारत की बुनियादी जररूत अन्य देशों से भिन्न हो सकती है।

39. e. दोनों तर्क I एवं II ठोस है, वास्तविक लाभार्थी को इसके लाभ के आधार पर तर्क I ठोस है। देश की अर्थव्यवस्था पर अनुदान के विपरीत प्रभाव के कारण तक II ठोस है।

40. b. शब्द 'केवल' के कारण I ठोस नहीं है। चूंकि विकल्प (b) के अलावा सभी विकल्पों में I दिया हुआ है, इसलिए (b) के अतिरिक्कत सभी विकल्पों को छांट दें।

41. b. I निर्बल है, क्योंकि इसमें फोकस की कमी है, यह सामान्य नियमों की बात करता है। II ठोस है, क्योंकि अपने

विवेक का उपयोग करना दूसरों से निर्देशित होने से बेहतर है। III कमजोर है, क्योंकि यह गलत मान्यता देता है कि सिर की रक्षा करना जरूरी नहीं जब तक कि पूरे शरीर की भी रक्षा नहीं की जाती है। अवांछनीय है। IV ठोस है, क्योंकि सबसे अधिक संवेदनशील अंग की रक्षा करना वांछनीय है।

42. d. तर्क I सत्य है। अत: यह ठोस है। तर्क II निर्बल है, क्योंकि यह किसी खास चीज को जोड़ता नहीं है। अत: वैसे सारे विकल्प जिसमें II शामिल है तथा I शामिल नहीं है, को छांट लें। अत: विकल्प a, b, c एवं e को छांट दें।

43. c. दोनों तर्क I एवं IV सत्य हैं। अत: ये ठोस है। II अप्रासंगिक है, अत: यह एक निर्बल तर्क है। III निर्बल है, क्योंकि भारत की जमीनी वास्तविकताएं पश्चिमी देशों से अलग हैं। अत: विकल्प a, b, d और e को छांट दें।

44. b. I ठोस नहीं है, क्योंकि पढ़ाई के लिए प्रेरणा देने का यही एकमात्र रास्ता नहीं है। II ठोस है, क्योंकि बिना मजे के पढ़ाई का कोई लाभ नहीं है। III ठोस नहीं है। क्योंकि बोर्ड परीक्षा अधिक ज्ञान को सुनिश्चित नहीं करती है। IV ठोस है, क्योंकि बिना खेल के पढ़ाई बच्चों को सुस्त बनाती है।

45. e. I ठोस है, क्योंकि व्यावसायिक नौकरियों में गुण एवं योग्यता की आवश्यकता होती है और यह सत्य है कि जिनके पास अभीष्ट योग्यता है वे अपना कोर्स उन लोगों की तुलना में, जिन्होंने रियायत पर कोर्स में प्रवेश लिया है कम कठिनाई से पूरा कर सकते हैं। संवैधानिक आधार पर II ठोस है (सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ों के उत्थान के लिए)।

46. d. I सत्य नहीं है। अत: I ठोस नहीं है। केन्द्रीय करों में राज्य सरकार की भागीदारी केवल इसलिए नहीं है कि राज्य सरकार कुछ विकास कार्यक्रमों के लिए निधि प्रदान करती है, बल्कि कुछ दूसरे खर्च भी होते हैं। II ठोस नहीं है, क्योंकि इसमें सटीक कारण की कमी है।

47. d. I त्रुटिपूर्ण पूर्वधारणा पर आधारित है। लाभ कमाने वाली संस्थाओं का विलय नहीं होना चाहिए। अत: यह निर्बल है। II निर्बल है, क्योंकि यह गलत मान्यता है कि ग्राहकों का हित केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में ही सुरक्षित है।

48. a. I ठोस है, क्योंकि यह सत्य है। ध्यातव्य है कि अनावश्यक प्रशासकीय बाधाएं वांछनीय नहीं है। शब्द 'केवल' की वजह से II सत्य नहीं है अत: II एक निर्बल तर्क है।

49. b. शब्द 'केवल' की वजह से I निर्बल है। II सत्य नहीं है। जरूरी वस्तुओं की कीमत में वृद्धि का आम जनता की आर्थिक स्थिति पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है, जो कि वांछनीय नहीं है। अत: II ठोस है।

50. a. I ठोस नहीं है, क्योंकि भारत में स्थिति या हालत एक जैसी हो भी सता है और नहीं भी। अब तथ्य के अनुसार, हम जानते हैं कि भारत एक बहुभाषी देश है तथा इसलिए भारत में सभी कॉलेजों में पढ़ाई का केवल एक माध्यम व्यवहारिक नहीं है। अत: II ठोस है।

51. a. I ठोस है। II निर्बल है, क्योंकि जनसंख्या नियंत्रण के लिए यह बहुत बड़ा पुरस्कार प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त उन बच्चों के साथ जिनके माता-पिता ने परिवार नियोजन को नहीं माना है, भेदभाव क्यों?

52. a. यदि I आपने दिमाग में है, तो नए कॉलेज खोलना संसाधन की बर्बादी है। अत: I ठोस है। II निर्बल है, क्योंकि इस समस्या को दृढ़ीकरण से दूर किया जा सकता है न कि फैलने से। नए कॉलेजों को खोलने के बजाए वर्तमान कॉलेजों में सुधार लाना चाहिए।

53. d. सरकार द्वारा नियुक्त विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों को क्यों अपने पदों पर बने रहना चाहिए या अपने पद से त्याग-पत्र देना चाहिए। इसका कारण न I और न ही II देता है। अत: न I और न ही II ठोस है।

54. c. I एवं II दोनों ठोस है, क्योंकि I एवं II दोनों इच्छा मृत्यु के पक्ष में एवं विपक्ष में ठोस तर्क देते हैं।

55. e. I कथन से नीचे प्राप्त किया जा सकता है, जो कि किसानों से सीधे फसल खरीदने का मुख्य उद्देश्य है, जबकि II असंगत है।

56. b. I मजबूत नहीं है, क्योंकि यह मध्यम स्तर के विद्यार्थियों से शिक्षा प्राप्त करने के अवसर को छीनता है, जिनका बौद्धिक स्तर सक्षम नहीं है, जबकि तर्क II मजबूत है क्योंकि परीक्षा से समय मुक्त होने पर अतिरिक्त गतिविधियों

के लिए समय प्राप्त होता है।

57. a. I मजबूत है। यह कंपनी के पक्ष में है और इसमें निवेशकों की कोई हानि नहीं है। II कथन के विपरीत है, क्योंकि वापसी की गारंटी देना ग्राहक के हितों के विपरीत जाना नहीं है। अत: यह भी कमजोर है।

58. a. चीनी उत्पादन में कमी मधुमेह मरीजों की संख्या कम करेगा। अत: I ठोस है। II दूसरे देशों की बात करता है, जिसका कोई डाटा ज्ञात नहीं है। अत: II कमजोर है।

59. a. I मजबूत है, क्योंकि यह कथन एवं सामाजिक मूल्यों के पक्ष में है और कथन से सीधे प्राप्त किया जा सकता है। II कथन से असंगत है।

60. e. तर्क I दिए गए कथन के समर्थन में है। अत: मजबूत है एवं II कथन के अनुरूप है तथा बेहतर शिक्षा पर केन्द्रित है जो कि इसे मजबूत बनाता है।

61. b. I कमजोर है, क्योंकि सभी कर्मचारियों को घर के बाहर करना सत्य नहीं है। II मजबूत है और स्थापित तथ्य है।

62. a. I मजबूत है, क्यों मीडिया से शैक्षिक कार्यक्रम का प्रसारण अपेक्षित है, जबकि II बहुत साधारण है। अत: यह कमजोर है।

63. d. I धनी लोगों की बात करता है, परन्तु सरकार धनी एवं गरीब में भेद नहीं करती। II असत्य है, क्योंकि सरकार के लिए यह संभव है कि सभी धनी लोगों को लाइसेंस दे दे। अत: यह भी कमजोर है।

64. b. I कमजोर है, क्योंकि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि सभी जगहों को सुरक्षित बनाए बजाए उन्हें बंद करने के। II एक सर्वमान्य तथ्य है। अत: II मजबूत है।

65. b. I कथन के विरुद्ध है। अत: कमजोर है। II मजबूत है जो कि विनिवेश के मूल उद्देश्य को बताता है।

66. d. I कमजोर है, क्योंकि हम एथलीटं के भविष्य के प्रदर्शन की भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। II भी मजबूत नहीं है, क्योंकि दूसरे पहलू जैसे खेल हमारी आयोजन क्षमता एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रमाणित करते हैं एवं हजारों लोगों को रोजगार देते हैं भी महत्वपूर्ण है।

67. b. I मजबूत नहीं है, क्योंकि सिर्फ स्वस्थ होना ही जीतने के लिए पर्याप्त नहीं है। नए खिलाड़ी भी जीतने की क्षमता रखते हैं। II मजबूत है, क्योंकि यह एक स्वाभाविक बात है और अभ्यास नहीं करने से जीतने की संभावना कम होती है।

68. - दोनों ही समान रूप से मजबूत हैं, क्योंकि सर्वमान्य तथ्य है।

69. d. I कमजोर है, क्योंकि सभी मार्ग राष्ट्रहित में नहीं हो सकती एवं सरकार उन्हें पूरा नहीं कर सकती। II मान्य नहीं है, क्योंकि सेना न तो वहां मौज-मस्ती कर रही है न ही सरकार के निर्णय के विरुद्ध जाएगी।

70. a. I मजबूत है, जो सरकार की भारी बचत की बात करता है। II कमजोर है जो एक असामाजिक तर्क है।

71. - I मजबूत है, क्योंकि ऐसी सेवाएं आतंकियों के लिए लाभदायक हो सकती हैं। II भी मजबूत है जो कि एक स्वीकृत तथ्य है।

72. d. I कमजोर है। ऐसे कई उपयोगी यंत्र हैं, जो कई परिवार नहीं खरीद सकते। लेकिन सरकार के लिए यह व्यावहारिक नहीं है कि ये सब मुफ्त उपलब्ध करए। II स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि कई परिवारों के पास टेलीविजन हैं और उनके बच्चे पूरे दिन टेलीविजन नहीं देखते हैं। यह कमजोर है।

73. - I मजबूत है, क्योंकि घटिया उत्पाद सुरक्षित नहीं है और सुरक्षा की दृष्टि से सही नहीं है। II अमान्य है, क्योंकि सिर्फ व्यवसाय की तुलना में सुरक्षा को अधिक महत्व देना चाहिए। यह कमजोर है।

74. e. दोनों मजबूत हैं, क्योंकि I व्यक्तिगत निजता की बात करता है, जो सर्वमान्य है। II किसी की सहमति से ऐसा करना उल्लंघन नहीं है। अत: II भी मजबूत है।

75. a. I मजबूत है, क्योंकि सभी विद्यार्थियों को उम्दा टेक्नीशियनों में बदल देने की बात व्यावहारिक नहीं है। II कमजोर है, क्योंकि यह दिया गया नहीं है कि सभी विद्यार्थी अमीर हैं।

# इकाई-2

# पूर्वधारणा (Assumption)

## ▸▸ पूर्वधारणा क्या है?

पूर्वधारणा वह है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है, जिसका अनुमान लगाया जा रहा है अथवा सत्य मान लिया गया है। जब कोई व्यक्ति एक बात कहता है, तो वह सारी चीजें एवं अपने विचार का प्रत्येक पक्ष सामने नहीं रखता है। बहुत सारी बातें वह अनकही छोड़ देता है। जो वह अनकहा छोड़ देता है अर्थात् जो उसके द्वारा गृहित बात है, उसे पूर्वधारणा के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

माना कि एक बहुत ही रोमांचक अन्तर्राष्ट्रीय एक दिवसीय मैच चल रहा है। दूसरे देश ने एक अच्छा स्कोर खड़ा कर दिया तथा जवाब में भारत ने जल्दी-जल्दी को विकेट खो दिए हैं। अब सचिन तेंदुलकर बल्लेबाजी करने आता है। आप सचिन के बहुत बड़े फैन हैं तथा इस विषम परिस्थिति के बावजूद, आप इतने उत्तेजित हो जाते हैं कि यह कहने से अपने आपको नहीं रोक पाते कि ''तेंदुलकर बहुत अच्छा बल्लेबाज है। भारत इस मैच को अवश्य जीतेगा।'' अब, आपको इस कथन में, आपने दो तथ्यों को एक-दूसरे से जोड़ा (co-relate) है। पहला, तेंदुलकर बहुत अच्छा बल्लेबाज है तथा दूसरा भारत अवश्य जीतेगा। दोनों वाक्यों को आप कैसे संबद्ध करते हैं? स्पष्टत: यह मानते हुए कि एक अच्छा बल्लेबाज मैच को जीतने में अपनी टीम की मदद कर सकता है। अब नीचे दी गई सारणी को देखें:-

| क्रमांक | तर्क करने का आदर्श तरीका | क्र. | तर्क करने के का आदर्श तरीका |
|---|---|---|---|
| 1. | तेंदुलकर एक अच्छे बल्लेबाज है। | 1. | तेंदुलकर एक अच्छा बल्लेबाज है। |
| 2. | एक अच्छा बल्लेबाज जीतने में अपनी टीम की मदद कर सकता है (इस कथन को अनकहा छोड़ दिया गया है, क्योंकि यह स्वीकृत बात है। अत: यह एक पूर्वधारणा है।) | 2. | इसलिए भारत को मैच जीतना चाहिए। |
| 3. | इसलिए भारत इस मैच को जीत सकता है। | | |

## पूर्वधारणा के कुछ सुझाव

**(i) निश्चयात्मक (Definitive) शब्द-**एक पूर्वधारणा का मूल्यांकन करते समय कथन को एक निश्चित अर्थ प्रदान करने वाले कुछ शब्दों से हमेशा एक सुराग (clue) मिलता है। ''सभी'', ''केवल'', ''प्रत्येक'' इत्यादि शब्द प्रकृति से निश्चयात्मक है, जबकि कुछ ''छोड़ा'', ''बहुत'' इत्यादि शब्द निश्चयात्मक नहीं हैं, इसलिए आपको ''सभी प्रयास किए जा रहे हैं तथा ''कुछ प्रयास किए जा रहे हैं'', के आशय के बीच अंतर करने में सक्षम होना चाहिए। नीचे दिए गए उदाहरण उपर्युक्त तथ्य को स्पष्ट करते हैं।

**उदाहरण-1**

**कथन-**BoP संकट और गहरा हो गया है तथा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार को सब तरह से प्रयास करना चाहिए।

*पूर्वधारणाएँ-*

I. BoP संकट को रोकने का सबसे अच्छा उपाय निर्यात है।

II. BoP संकट को रोकने का यथोचित अच्छा उपाय निर्यात है।

III. BoP संकट से उबरने का उपाय केवल निर्यात है।

IV. निर्यात को बढ़ावा देने से BoP संकट निश्चित रूप से समाप्त हो जाएगा।

V. निर्यात को बढ़ावा देने से BoP संकट संभवत: समाप्त हो जाएगा।

**व्याख्या-**उपर्युक्त उदाहरण में II एवं V वैध (Valid) पूर्वधारणाएँ हैं, जबकि I, III एवं IV वैध नहीं हैं। कारण यह है कि I, III एवं IV में ''सबसे अच्छा'', ''केवल'' तथा ''निश्चित रूप से'' जैसे निश्चयात्मक शब्दों का प्रयोग किया गया है। प्रश्न में दिया गया कथन इस तथ्य की चर्चा करता है कि BoP संकट और गहरा हो गया है तथा तब यह सलाह देता है कि निर्यात को बढ़ावा देना चाहिए। नि:संदेह लेखक अपनी सलाह में यह मान रहा है कि निर्यात को बढ़ावा देने के द्वारा BoP संकट से उबरने में देश को मदद मिलनी चाहिए या BoP संकट से बचने का निर्यात एक अच्छा (या 'यथोचित अच्छा') उपाय है, लेकिन यहाँ पर कोई संकेत नहीं है कि निर्यात ही केवल एक उपाय है या सबसे अच्छा उपाय है या एक निश्चित रूप से प्रभावी उपाय है।

**(ii) समुच्चय बोधक अव्यय (Conjunctions):-**जब एक वाक्य में दो वाक्य (Clauses) हों एवं ये उपवाक्य एक समुच्चय बोधक अव्यय (conjunction) द्वारा जोड़े हों, तो प्रयोग किए गए समुच्चय बोधक अव्यय का स्वभाव उस पूर्वधारणा का पता लगाने में बहुत उपयोगी होता है। कुछ महत्वपूर्ण समुच्चय बोधक अव्यय है: ''क्योंकि'', ''इस कारण से'', ''इसलिए'', ''बावजूद'', ''के बदले में'', ''इसके बाद भी'', ''यद्यपि'', ''यथा'', ''परिणामस्वरूप'' आदि।

**उदाहरण-**2 : **कथन-**पिछली रात को एक हत्या हुई थी, बावजूद इसके कि पुलिस ने क्षेत्र के चारों तरफ अधिकतम सुरक्षा की व्यवस्था की थी।

**वैध पूर्वधारणा-**सामान्यत: अधिकतम सुरक्षा की व्यवस्था हत्याओं को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है।

**उदाहरण -3 : कथन:** इस साल लगातार चार दिनों तक वर्षा के जल का जमाव हुआ था, इसके बाद भी डेंगू का कोई फैलाव नहीं हुआ।

**वैध पूर्वधारणा-** वर्षा के जल का जमाव सामान्यत: डेंगू का कारण होता है।

**(iii) आधिक्य सूचक वाक्यखंड (Connotive Phrases)-**कभी-कभी ऐसा होता है कि एक लेखक वह सब कुछ कहता है जो वह चाहता है, परन्तु आप से यह बात छूट जाती है कि उसने ऐसा कुछ कहा है, क्योंकि वे शब्द जिनका प्रयोग लेखक सब कुछ कहने के लिए कहता है, कुछ अप्रत्यक्ष एवं कुछ अप्रचलित होते हैं। हम उन शब्दों को आधिक्य वाक्यखंड कह सकते हैं। उदाहरण के लिए ''यह सत्य है कि...'' को लिखा जा सकता है-

(अ) यह कहना सही होगा कि.... (ब) सबसे नास्तिक पुरुष भी सहमत होगा कि....

(स) उचित मात्रा में सच्चाई के साथ यह दावा किया जा सकता है कि ...

इसी प्रकार ''यह असत्य है'' को लिखा जा सकता है-

(अ) यह कहना काफी बहकाने वाला होगा कि.... (ब) सत्य से इससे दूर कुछ नहीं हो सकता कि...

(स) यह कहना निराधार होगा कि...

यद्यपि उन प्रश्नों में जो आजकल पूछे जाते हैं, आधिक्य सूचक वाक्यखण्डों की भूमिका बहुत सीमित है। इनकी चर्चा

इसलिए की गई है कि जब भी ये आपके सामने आएँ तो आपकी दृष्टि से बच न पाएं।

**(iv) कर्ता का अस्तित्व/अनअस्तित्व-**इस वर्ग में एक अत्यंत साधारण पूर्वधारणा होती है कि कथन में जिसके बारे में कहा जा रहा है, वह अवश्य ही अस्तित्व में हो। इसी प्रकार यदि किसी की अनुपस्थिति के बारे में कहा जा रहा है तो उसे अवश्य ही अस्तित्व में नहीं होना चाहिए।

***उदाहरण-4-***

**कथन-**कंपनी तब तक लाभ में नहीं जाएगी, जब तक कि एक विदेश में प्रशिक्षित प्रबंधक नहीं लाया जाता है।

**वैध पूर्वधारणा-**वर्तमान में कंपनी में कोई भी विदेश में प्रशिक्षित प्रबंधक नहीं है।

**टिप्पणी:**उपरोक्त उदाहरण में जहाँ हम किसी चीज के अनस्तित्व (non-existence) की कल्पना करते हैं, उसकी अनुपस्थिति की चर्चा की गई है।

**(v) विशेषण-**हम जानते हैं कि विशेषण कर्ता के गुणों को दर्शाता है। अत: स्वाभाविक रूप से, यदि एक विशेषण को कर्ता के साथ (बिना किसी शर्त के) जोड़ा जाता है, तो यह अवश्य ही मान लिया जाना चाहिए कि ''विशेषण के द्वारा दर्शाया गया गुणकर्ता में अवश्य ही विद्यमान हैं।'' उदाहरण के लिए-

***उदाहरण -5 :***

**कथन-**मनुष्य की सामाजिक प्रकृति ही समाज के अंदर आपसी सहयोग एवं समन्वयन का रास्ता दिखाती है

**वैध पूर्वधारणा-**मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।

**(vi) कारण-परिणाम-**कुछ कथन 'कारण एवं परिणाम' संबंध की चर्चा करते हैं। उपवाक्यों (clauses) के बीच सामान्यतया ''इसलिए'' (therefore, hence), ''क्योंकि'', ''जैसा कि'' (as), ''इस प्रकार'' (Thus) इत्यादि संयोजक आते हैं। इस प्रकार के सभी मामलों में यह वैध पूर्वधारणा होगी कि ''यह कारण, इस परिणाम को दिखाता है।'' कभी-कभी प्रश्न का भिन्न रूप भी हो सकता है- कभी-कभी कारण परिणाम संबंध को स्पष्ट रूप से कहा जाता है। कभी-कभी इस रूप में कहा जाता है कि ''क्योंकि कोई कारण नहीं है, इसलिए कोई परिणाम नहीं हो सकता है'' तथा कभी-कभी इस रूप में कहा जाता है कि ''जबकि कारण है, परन्तु कोई परिणाम नहीं हो सकता है।'' नीचे दिए गए उदाहरण इसे स्पष्ट करेंगे।

***उदाहरण 6-***

**कथन-**पिछली रात बारिश हुई थी। धरती अवश्य ही गीली हो जानी चाहिए थी।

**वैध पूर्वधारणा-**जब बारिश होती है, धरती गीली हो जाती है।

***उदाहरण 7- कथन-***

क्योंकि तुम्हारे पास दक्षता नहीं है, तुम्हारा चयन नहीं हो सकता है।

**वैध पूर्वधारणा-**चयन के लिए दक्षता अति आवश्यक है।

**(vii) कार्यवाहियाँ-**कभी-कभी आपको एक तथ्य/रिपोर्ट/डाटा/प्रेक्षण दिया जाता है। इसके बाद कार्यवाहियों सुझाव के रूप में प्रस्तावित की जाती है। हम जानते हैं कि सुझाव और कुछ नहीं बल्कि एक सलाह होता है। इसके अतिरिक्त जब एक व्यक्ति एक सलाह देता है, तो वह (कम-से-कम) यह सोचता है कि (अ) यह परिस्थिति ऐसी है, जिसमें सलाह आवश्यक (ब) यह सलाह परिस्थिति में कुछ सुधार लाएगी, इसलिए उदाहरण के लिए यदि मैं एक प्रेक्षण का उल्लेख करता हूं कि ''विद्यार्थी गणित में कमजोर है और तब मैं अवलोकन करता हूं कि ''उनके लिए गणित की अतिरिक्त कक्षाएं होनी चाहिए।'' मैं यहाँ अवश्य ही यह मान रहा हूं कि (अ) विद्यार्थियों का गणित में कमजोर होना अच्छी बात नहीं है (और इसलिए

एक सलाह आवश्यक है) और (ब) ''अतिरिक्त कक्षाएं परिस्थिति में सुधार लाएगी।''

नीचे दिए गए उदाहरण इसे और स्पष्ट करेंगे-

***उदाहरण 8 :***

**कथन-**हमारे सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में, काम करने के वातावरण का वर्णन केवल अनुशासि एवं असमन्वित रूप में किया जा सकता है, इसलिए कोई बड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

**वैध पूर्वधारणाएं-**

1. सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के काम करने का वातावरण आदर्श नहीं है/सुधार की आवश्यकता है।
2. अनुशासनहीनता तथा समन्वयन की कमी किसी भी उद्योग में अवांछित है।
3. कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही हमारे सार्वजनिक क्षेत्र के काम करने के वातावरण में सुधार लाएगी।
4. कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही से हानि (यदि कोई है, तो) के बजाय लाभ ज्यादा है।

उसी प्रकार, आप पूर्वधारणा का मूल्यांकन कर सकते हैं कि यदि X के किसी भी धनात्मक पक्ष की चर्चा की जाती है तथा एक कार्यवाही Y प्रस्तावित की जाती है, तो तर्क (Logic) पूर्णतया उसी दिशा में होगा।

**(Viii) विज्ञापन/सूचना/अपील-**आजकल परीक्षाओं में, कथनों को सामान्यतया विज्ञापन, सरकारी सूचना, जनहित के रूप में जारी की गई सूचना या एक अपील के रूप में दिया जाता है।

आप इस बात से अवश्य ही सहमत होंगे कि विज्ञापन सामान्यतया फर्म/कंपनी के द्वारा सरकारी सूचनाएं एक कार्यालय के अंदर, अपील सरकार द्वारा या स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा तथा जनहित सूचनाएं सरकार द्वारा दी जाती है। इन सभी स्थितियों में नीचे दी गई पूर्वधारणाएं वैध मानी जाएंगी।

1. एक विज्ञापन/अपील/सूचना का कुछ प्रभाव होता है।
2. विज्ञापन में, जिस चीज की विशिष्टता दिखाई जाती है, उसे खोजा जाता है तथा लोगों से भी यही अपेक्षा की जाती है।
3. जनहित सूचना में, यह उनका कर्तव्य होता है, जो इसे जारी करते हैं।
4. जनहित सूचनाओं में, जो सलाह दी जा रही है, लोगों के लिए आश्यक ही लाभदायक होनी चाहिए तथा इसका अभ्यास नहीं करने पर किसी-न-किसी रूप में हानि होती है।
5. एक अपील में, इसे जारी करने का कारण होना चाहिए।
6. सरकारी सूचना में इसके लागू करने का प्रभाव संस्थान के लिए लाभदायक होगा।

***उदाहरण 9 -***

**कथन-** ''मेरे अनुसार, आप अपने बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा जाँच करा लीजिए।''

**पूर्वधारणा-**विशेषज्ञ चिकित्सक लक्षण द्वारा रोग पहचानने में साधारण चिकित्सकों से बेहतर हैं।

**व्याख्या-**पूर्वधारणा वैध है। एक व्यक्ति सलाह दे रहा है (शायद उसका मित्र) कि श्रोता अपने बच्चे की विशेषज्ञ चिकित्सक से जाँच करवाए। स्पष्टत: वह अवश्य ही कल्पना कर रहा होगा कि विशेषज्ञ चिकित्सक साधारण चिकित्सकों से बेहतर रोग-परीक्षण करते हैं अन्यथा उसने ऐसी सलाह नहीं दी जाती है।

*उदाहरण-10*

**कथन-**पुस्तक का उद्देश्य अनुभवहीन लोगों का शिक्षक की अनुपस्थिति में योग का अध्ययन करने के लिए मार्गदर्शन करना है।''

**पूर्वधारणाएं-**

1. प्रत्येक व्यक्ति के लिए योग का शिक्षक उपलब्ध नहीं हो सकता है।
2. योग एक पुस्तक की सहायता से सीखा जा सकता है।

**व्याख्या-**दोनों ही पूर्वधारणाएं सही है। पुस्तक का उद्देश्य शिक्षक की अनुपस्थिति में योग सिखाना है। इसका अर्थ है कि शिक्षक की अनुपस्थिति एक संबावना है, अत: 1 वैध है। यह कि पुस्तक का उद्देश्य योग सिखाना है। यह सूचित करता है कि 2 भी वैध है।

*उदाहरण-11*

**कथन-**एक संस्थान में प्रशासकीय निकाय की अगली बैठक एक वर्ष के बाद होगी।

**पूर्वधारणा-**संस्थान एक वर्ष के बाद भी परिचालन में रहेगी।

**व्याख्या-** पूर्वधारणा वैध है। यह सामान्य बात है कि केवल उन निकायों की बैठक होती है, जो कि कार्य कर रहे हैं। अत: यदि यह घोषणा की गई है कि अगली बैठक एक वर्ष के बाद होगी, तो उद्घोषक अवश्य यह कल्पना कर रहा है कि संस्थान एक वर्ष के बाद भी कार्य करता रहेगा।

*उदाहरण-12*

**कथन-**''लड़की इतनी चालाक है कि परीक्षा में अनुत्तीर्ण नहीं हो सकती है।''

**पूर्वधारणा-**बहुत चालाक लड़कियाँ परीक्षा में अनुत्तीर्ण नहीं होती है।

**व्याख्या-**पूर्वधारणा सही है। कथन यह कहता है कि लड़की अनुत्तीर्ण (प्रभाव) नहीं हो सकती है, क्योंकि वह बहुत चालाक (कारक) है। स्पष्टत: यह कल्पना की गई है कि बहुत चालाक लड़कियाँ अनुत्तीर्ण नहीं होती है।

*उदाहरण-13*

**कथन-**भारत में उत्पादित सभी टी.वी. सेटों के बीच X ब्रांड की बिक्री सर्वाधिक है।

**पूर्वधारणा-**भारत में उत्पादित सभी सेटों की बिक्री ज्ञात हैं।

**व्याख्या-**पूर्वधारणा वैध है। यहाँ यह दावा किया गया है कि सभी उत्पादित टी.वी. सेटों में से, X ब्रांड की बिक्री सर्वाधिक है। यदि सभी ब्रांडों की बिक्री ज्ञात न हो तो ऐसा कोई दावा नहीं किया जा सकता है। अत: कथन में निश्चय ही यह अंतर्निहित रूप से कल्पना की गई है कि सभी ब्रांडों की बिक्री के आँकड़े ज्ञात हैं।

## प्रश्न का प्रारूप (Format of theprolem)

निर्देश: नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन (या परिच्छेद) दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएं 1 और 2 दी गई है। कोई मानी हुई बात या गृहित बात पूर्वधारणा कहलाती है। आप, दिए हुए कथनों और दी हुई पूर्वधारणाओं को ध्यान में रखते हुए उन दो पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित है, उसका निर्णय कीजिए।

*उत्तर दीजिए-*

(a) यदि केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित हो।

(b) यदि केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित हो

(c) यदि या तो पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II अंतर्निहित हो।

(d) यदि कोई भी पूर्वधारणाएं अंतर्निहित हों।

(e) यदि दोनों पूर्वधारणाएं अंतर्निहित हो।

**कथन :** रीजनिंग-इम्प्रूवमेंट कोर्स करें और अपने सफल होने की संभावनाओं को तीव्र करें''- एक विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएं:**

I. अच्छी तार्किक योग्यता सफलता प्राप्त करने में सहायक होगी।

II. प्रस्तावित कोर्स अच्छी गुणवत्ता का है।

**नोट:-**कभी-कभी प्रश्नों का प्रारूप भिन्न भी होता है। उदाहरण के लिए कभी-कभी प्रश्न में दी गई दो पूर्वधारणाओं की जगह पर तीन पूर्वधारणाएं भी होती हैं।

## अभ्यास प्रश्न

निर्देश (प्र. 1-70): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे दो पूर्वधारणाएं दी गई हैं, जिन्हें I और II क्रमांक दिया गया है। कोई मानी हुई या गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती है। आपको कथन और दी गई पूर्वधारणाओं दोनों पर विचार करना है और फिर यह तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित है।

*उत्तर दीजिए-*

(a) यदि केवल पूर्वधारणा I अंतर्निहित है।

(b) यदि केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

(c) यदि या तो पूर्वधारणा I या पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

(d) यदि न तो पूर्वधारणा I और न ही पूर्वधारणा II अंतर्निहित है।

(e) यदि पूर्वधारणाएं I और II दोनों ही अंतर्निहित है।

1. **कथन :** एक विज्ञापन यदि आप आदर्श नेता के पदचिन्हों का अनुसरण करना चाहते हैं, तो 'X' ने आपके जूते पहने।

**पूर्वधारणाएं:** I. ज्यादातर लोगों को आदर्श नेता बनना अच्छा लगता है।

II. कोई आदर्श नेता नहीं बन सकता, जब तक कि वह 'X' छाप का जूता नहीं पहनता।

2. **कथन:** प्रत्येक नागरिक का सामाजिक हितों के प्रति वचनबद्ध होना आवश्यक है। यदि वह नहीं है, तो उसकी नागरिकता रद्द होनी चाहिए।

**पूर्वधारणाएं:** I. यह ज्ञात करना संभव है कि क्या कोई नागरिक सामाजिक हितों हेतु वचनबद्ध है या नहीं।

II. किसी भी नागरिक की नागरिकता रद्द हो सकती है।

3. **कथन:** एक विज्ञापन : अब आप प्रति माह केवल 1,999 रुपए में अपनी नई कार ले सकते हैं।

**पूर्वधारणाएं:** I. लोग इस्तेमाल की हुई गाड़ी नहीं खरीदना चाहते हैं।

II. ज्यादातर लोग, नई गाड़ी के लिए प्रति माह 1,999 रुपए अदा करने में समर्थ हो सकते हैं।

4. **कथनः** कुत्तों से सतर्क रहिए, हमारे कुत्ते भौंकते नहीं हैं, किन्तु उन्हें प्रामाणिक मेहमान और अनधिकृत रूप से प्रवेश करने वालों के बीच फर्क करने का प्रशिक्षण दिया गया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. भौंकने वाले कुत्ते कभी-कभी ही काटते हैं।

II. हमारे कुत्ते अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने वालों के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं।

5. **कथन :** जब तक हम समग्र शासन प्रणाली का सुधार नहीं कर लेते हैं, तब तक भ्रष्टाचार और स्वजन पक्षपात को हमारे समाज से नहीं मिटाया जा सकता है।

**पूर्वधारणाएं:** I. भ्रष्टाचार और स्वजन पक्षपात का बना रहना अच्छा है।

II. शासन प्रणाली में परिवर्तन करने के लिए पर्याप्त लचीलापन है।

6. **कथन :** गिरते शेयर मूल्यों के कारण का पता लगाने के लिए नियामक प्राधिकार ने एक जाँच आयोग का गठन किया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. इस तरह के निर्णय से शेयर बाजार पर निवेशकों का विश्वास लौट सकता है।

II. स्टॉक बाजार की अस्थिरता का पता लगाने में पुनरीक्षण समिति दक्ष है।

7. **कथनः** ''भविष्य के लिए अपने अतीत से पीछा छुड़ाइए। पुराने फ्रिज के बदले हमारा नई पीढ़ी का फ्रिज छूट पर प्राप्त कीजिए।

**पूर्वधारणाएं:** I. आने वाले महीनों में नए फ्रिज की बिक्री बढ़ सकती है।

II. मनुष्य अतीत को भविष्य में बदलने को प्राथमिकता देता है।

8. **कथनः** भारत के विविध शहरों में बड़ी संख्या में बहुराष्ट्रीय फास्ट फूड चेन दुकानें आधुनिक संगीत के साथ प्लश कॉफी खोल रही हैं और कॉफी के साथ विविध अल्पाहार पेश कर रही है।

**पूर्वधारणाएं:** I. लोग बड़ी संख्या में इन कॉफी शॉप के नियमित ग्राहक बन सकते हैं।

II. लोग कॉफी और अल्पाहार लेते समय आरामदायक वातावरण में समय व्यतीत करना पसंद करते हैं।

9. **कथनः** रेलवे अधिकारियों ने दस नई ट्रेनें शुरू की हैं और चौदह विद्यमान ट्रेनों की आवृत्ति में भी वृद्धि की है।

**पूर्वधारणाएं:** I. विद्यामान ट्रेनें सभी यात्रियों को जगह देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

II. नई और अतिरिक्त ट्रेनों को पर्याप्त रूप से यात्री मिल पाएंगे, जिससे कि ये आर्थिक रूप से परिचालन योग्य होंगी।

10. **कथनः** सरकार ने स्कूल फीस की राशि को माता-पिता की आय के साथ जोड़कर स्कूल फीस के ढाँचे का कायापलट करने का निर्णय किया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. माता-पिता अपनी वास्तविक आय की जानकारी स्कूल को देंगे।

II. माता-पिता ढाँचे के कायापलट के बाद फीस को अदा करने के लिए राजी होंगे।

11. **कथनः** सरकार को चक्रवात से प्रभावित हुए लोगों का त्वरित पुनर्स्थापन करने के लिए सेना को लगाना चाहिए।

**पूर्वधारणाएं:** I. केवल सेना ही चक्रवात से पीड़ित लोगों का पुनर्स्थापन तीव्रगति से कर सकती है।

II. सेना युद्ध के अलावा अन्य कार्य भी अपने जिम्मे ले सकती है।

12. **कथनः** उसके द्वारा हाल ही में कम्पनी 'A' के शेयरों में निवेश केवल एक जुआ है।

**पूर्वधारणाएं:**I. उसे अपने निवेश पर हानि हो सकती है।

II. उसे निवेश से कुछ लाभ लो सकता है।

13. **कथन:** चक्रवात आकस्मिक रूप से आता है, अत: कम-से-कम इस वर्ष के लिए चक्रवात से प्रभावित लोगों के पुनर्स्थापन हेतु सरकार को सेना लगा देनी चाहिए।

**पूर्वधारणाएं:**I. आकस्मिक रूप से आने वाली ऐसी सभी घटनाओं के लिए सेना को लगाया जाना चाहिए।

II. चक्रवात से होने वाले विनाश को रोकने के लिए पहले से ही कुछ सावधानी बरतने वाली योजनाएं बन रही हैं।

14. **कथन:** यह हमेशा सच नहीं होता है कि अत्याधुनिक तकनीक अपनाने से उत्पादकता और क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित होती है।

**पूर्वधारणाएं:**I. अत्याधुनिक तकनीक अपनाने के कारण उत्पादकता और क्षमता में हुई वृद्धि को प्रमाणित करना संभव है।

II. अत्याधुनिक तकनीक से छुटकारा पाकर उत्पादकता और क्षमता में वृद्धि की जा सकती है।

15. **कथन :** यदि आप मौखिक आव्हान के फलस्वरूप अपेक्षित निधि इकट्ठी नहीं कर पाते हैं, तो सर्वाधिक पढ़े जाने वाले समाचार-पत्र में एक विज्ञापन प्रकाशित कीजिए।

**पूर्वधारणाएं:**I. लोग कभी-कभी ही मौखिक आव्हान के प्रति प्रतिक्रिया देते हैं।

II. सामान्यत: लोग समाचार-पत्रों में कोई विज्ञापन पढ़ने के इच्छुक नहीं होते हैं।

16. **कथन:** एक विज्ञापन- ''बिना लागत के कम्प्यूटर सीखिए और अपना जीवन अधिक सार्थक बनाइए।''

**पूर्वधारणाएं:**I. लोग किसी शुल्क के बिना पाठ्यक्रमों में भर्ती होना अधिक पसंद करते हैं।

II, कम्प्यूटर का ज्ञान जीवन को अधिक सार्थक बनाता है।

17. **कथन:** सरकार ने सभी सूखाग्रस्त क्षेत्रों में काम के बदले अनाज कार्यक्रम प्रारम्भ करने का निर्णय किया है।

**पूर्वधारणाएं:**I. सरकार के पास सभी सूखाग्रस्त क्षेत्रों में काम के बदले अनाज कार्यक्रम कार्यान्वित करने का तंत्र है।

II. इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए अनाज का पर्याप्त भंडार है।

18. **कथन:** संगठन के प्रमुख ने उन कर्मचारियों को पुरस्कृत करने का निर्णय किया है, जो नवीन तकनीकें सुझाकर व्यय में भारी कटौती करने में सहायता करेंगे।

**पूर्वधारणाएं:**I. कर्मचारी नवीन सुझाव लेकर सामने आने में समर्थ हो सकते हैं।

II. कर्मचारियों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है कि वे पुरस्कार जीतने के लिए अपना दिमाग लगाएं

19. **कथन:** चूंकि बहुत से लोग मलेरिया से पीड़ित हैं, अतएव नागरिक प्राधिकारी ने क्षेत्र के निवासियों को यह सुझाव दिया है कि वे या तो मच्छर भगाने वाले उपायों का प्रयोग करें अथवा मच्छरदानियों के भीतर सोएं।

**पूर्वधारणाएं:**I. निवासियों के पास मच्छर भगाने वाले उपायों अथवा मच्छरदानियों की व्यवस्था करने के लिए पर्याप्त पूँजी है।

II. दूसरी अत्यावश्यक जरूरतों के कारण लोग इसकी उपेक्षा करके मच्छरों का काटना सहते रहेंगे।

20. **कथन:** "यदि आप बुद्धिमान हैं, तो आपके निष्पादन में सुधार लाने के लिए हम ही सही लोग हैं।" एक कोचिंग क्लास का विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएं:** I. कुशाग्र बुद्धिवाले विद्यार्थी कोचिंग क्लासों में भर्ती होना अधिक पसंद करते हैं।

II. कोचिंग क्लासें विद्यार्थियों को उनका निष्पादन सुधारने में मदद करती है।

21. **कथन:** यह सत्य नहीं है कि सर्वाधिक बलवान महाशक्ति की ही युद्ध में सदा जीत होती है और उसे अन्य देशों से सम्मान प्राप्त होता है।

**पूर्वधारणाएं:** I. जीतने वालों को कभी-कभी प्रशंसा और प्रोत्साहन मिलता है।

II. जीतने वालों की कभी-कभी आलोचना की जाती है।

22. **कथन:** कोई भी यह भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि हमारे देश को दुर्भाग्यपूर्ण और विनाशकारी आतंकवादी गतिविधियों को रोकने में कितना समय लगेगा।

**पूर्वधारणाएं:** I. आतंकवादी गतिविधियों की समाप्ति करना असंभव है।

II. आतंकवादी गतिविधियों के नियंत्रण के प्रयास जारी हैं।

23. **कथन:** यद्यपि अधिकांश युद्धपीड़ित शांतिप्रिय लोगों के लिए पीड़ादायक हों, तब भी युद्ध की तीव्रता से तिरस्कार किया जाना चाहिए।

**पूर्वधारणाएं:** I. कुछ लोग शांतिप्रिय लोगों के लिए समस्याएं खड़ी कर देते हैं।

II. युद्ध में अधिकांश दुष्ट जन मारे जाते हैं।

24. **कथन:** हाल ही में थोपे गए युद्ध में, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और वैज्ञानिक रूप से विकसित महाशक्ति द्वारा वैश्विक जनमत का अनादर किया गया था।

**पूर्वधारणाएं:** I. महाशक्तियों द्वारा वैश्विक जनमत की ओर ध्यान देना जरूरी नहीं है।

II. वैश्विक जनमत युद्ध थोपने के विरोध में होना चाहिए था।

25. **कथन:** युद्ध के अधिकांश शिकार शांति प्रिय लोगों के लिए त्रादसायक हों, तब भी युद्ध का तीव्रता से तिरस्कार किया जाना चाहिए।

**पूर्वधारणाएं:** I. युद्ध में निर्दोष लोग भी मारे जाते हैं।

II. युद्ध के तीव्र विरोध का कुछ वांछित असर पड़ सकता है।

26. **कथन:** केन्द्र सरकार ने अपनी कर वसूली बढ़ाने के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर दी जा रही वर्तमान कर राहत चरणबद्ध तरीके से वापस लेने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. लोग अभी भी लघु बचत योजनाओं में धन रख सकते हैं और कर भी देते हैं।

II. कुल कर-वसूली पर्याप्त मात्रा में बढ़ सकती है।

27. **कथन:** सूखा सहायता निधि के लिए सरकार ने देय कर राशि पर 2 प्रतिशत अधिभार लगाने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. सूखा सहायता कार्यक्रमों के लिए निधि जुटाने हेतु सरकार के पास पर्याप्त धन नहीं है।

II. अधिभार के रूप में उगाही गई राशि इन सूखा सहायता कार्यक्रमों के निधिकरण के लिए पर्याप्त होगी।

28. **कथनः** 'X' गृह वित्त कंपनी ने उससे गृह-ऋण लेने वालों के लिए बिना अतिरिक्त लागत के उपयुक्त घर ढूंढने की सेवा प्रदान करने का प्रस्ताव किया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. ग्राहक उपयुक्त घर ढूंढने में लगने वाला अपना बहुत सा समय और धन बचा सकते हैं, इसलिए वे 'X' गृह वित्त कंपनी से गृह-ऋण लेना पसंद करेंगे।

II. अन्य किसी गृह वित्त कंपनी ने गृह-ऋण के साथ इस प्रकार की अतिरिक्त सेवा देने का प्रस्ताव नहीं किया है।

29. **कथनः** अन्य कई देशों की तुलना में भारत में स्वास्थ्य पर प्रति व्यक्ति व्यय बहुत कम है, इसलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में विविध स्वास्थ्य कार्यक्रमों को अपनी सहायता दुगुनी करने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. बढ़ी हुई सहायता से भारत में प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य व्यय में पर्याप्त वृद्धि होगी और यह अन्य देशों के समतुल्य हो जाएगा।

II. भारत में आधारभूत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकारी निधिकरण अपर्याप्त है।

30. **कथनः** गैलेक्सी हाउसिंग सोसाइटी के प्रबंध समिति ने अपने सदस्यों को जीवों के हिए हानिकर (bio-degradable) कूड़ा-कचरा अलग कर उन्हें पृथक पात्रों में रखने का अनुरोध किया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. इससे वातावरण को संतुलित बनाए रखने में सहायता मिलेगी और इस कारण अन्य हाउसिंग सोसायटियाँ भी इस प्रथा का अनुसरण करेंगी।

II. प्रबंध समिति के अनुरोध पर गैलेक्सी हाउसिंग सोसायटी के सदस्यों की प्रतिक्रिया सकारात्मकम होगी।

31. **कथनः** सरकार ने रेल दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को 1 लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. मुआवजे के कारण होने वाले व्यय की पूर्ति के लिए सरकार के पास पर्याप्त निधियाँ हैं।

II. निकट भविष्य में रेल दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

32. **कथन :** विमान चालकों के संघ द्वारा हड़ताल की घोषणा-कारण X एयरलाइंस ने गुछ गंतव्यों की उड़ानें अगले चार दिनों के लिए निलंबित की है।

**पूर्वधारणाएं:** I. चार दिनों के बाद एयरलाइंस सभी उड़ानें फिर से चालू कर पाने में सक्षम होगी।

II. चार दिनों में विमान चालक संघ अपनी हड़ताल वापस ले लेगा।

33. **कथनः** नागरिक अधिकरण ने क्षेत्र में बिजली की निरंकुश चोरी की रोकथाम के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

**पूर्वधारणाएं:** I. स्थानीय नागरिक दल इस अनुरोध की प्रतिक्रिया में बिजली चोरी के ऐसे मामलों का पता लगाने के लिए लोगों के दल बनाएंगे।

II. बिजली चोरी करने वाले समाज की फटकार के डर से बिजली चोरी करना छोड़ देंगे।

34. **कथनः** एक स्कूल के पैरेंट टीचर एसोसिएशन (PTA) ने प्रधानाचार्य को सूचित किया है कि यदि स्कूल अधिकरण तत्काल फीस नहीं घटाता है तो वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

**पूर्वधारणाएं:** I. अधिकांश माता-पिता पैरेंट-टीचर एसोसिएशन (PTA) से सहमत होंगे और अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

II. स्कूल अधिकरण पैरेंट टीचर एसोसिएशन (PTA) की माँग स्वीकार कर फीस घटाएगा।

35. **कथन:** ''यदि आप प्रथम श्रेणी स्नातक हैं तो हमारा संगठन आपके लिए काम करने का श्रेष्ठ स्थान है।'' एक विज्ञापन।

**पूर्वधारणाएं:** I. किसी अन्य संगठन को प्रथम श्रेणी स्नातकों की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि उन्हें पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं होंगे।

II. प्रथम श्रेणी स्नातक आकर्षित हो सकेंगे और इस संगठन में आवेदन करेंगे।

36. **कथन:** सरकार ने नियोजकों को अपने सभी कर्मचारियों की आय स्रोतों पर कर कटौती करने हेतु उत्तरदायी बनाने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. नियोजक अब भी अपने कर्मचारियों के लिए आय स्रोत पर कर कटौती की व्यवस्था नहीं कर सकेंगे।

II. कर्मचारी नियोजकों को स्रोत पर कर कटौती नहीं करने देंगे।

37. **कथन:** 'X' एयरलाइंस ने तत्काल प्रभावी रूप से यात्री किराये में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. किराये में वृद्धि के बाद भी 'X' एयरलाइंस की सीटों की माँग अपरिवर्तित रहेगी।

II. अन्य एयरलाइन्स कंपनियाँ भी यात्री किराये में वृद्धि कर सकती है।

38. **कथन:** ''हमारा बैंक आपकी सभी बैंकिंग जरूरतों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है।'' एक बैंक का विज्ञपन।

**पूर्वधारणाएं:** I. ग्राहक सारे बैंकिंग लेन-देन एक ही स्थान पर करना पसंद करते हैं।

II. लोग विज्ञापन से आकर्षित होकर इस बैंक के साथ अपने संव्यवहार कर सकते हैं।

39. **कथन:** बैंक 'A' ने रीटेल ऋण पर तत्काल प्रभावी रूप से ब्याज दर आधा प्रतिशत घटाने की घोषणा की है।

**पूर्वधारणाएं:** I. प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए अन्य बैंक भी रीटेल ऋण पर ब्याज दर घटा सकते हैं।

II. बैंक 'A' रीटेल ऋण लेने के लिए अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर पाएगा।

40. **कथन :** 'M' सहकारी हाउसिंग सोसाइटी ने अपने द्वार पर एक नोटिस लगाई है कि विक्रयकर्ताओं को सोसायटी में प्रवेश की अनुमति नहीं है।

**पूर्वधारणाएं:** I. सभी विक्रयकर्ता 'M' सहकारी सोसायटी से दूर रहेंगे।

II. द्वार पर तैनात सुरक्षा गार्ड विक्रयकर्ताओं को सोसायटी में प्रवेश करने से रोक पाएगा।

41. **कथन:** हाल ही में भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में स्थित एक बैंक मे डकैती की घटना हुई।

**पूर्वधारणाएं:** I. डकैती का दिन छुट्टी का दिन था।

II. बैंक के पास CCTV कैमरों की कोई व्यवस्था नहीं थी।

42. **कथन:** बहुत से लोग अपनी बैठने की नौकरी के कारण मोटापे की समस्या का सामना कर रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:** I. मोटापे को घटाने के लिए थोड़े से व्यायाम की आवश्यकता है।

II. मोटापा एक आम बीमारी हो गई है।

43. **कथन:** सर्वेक्षण कहता है ''भारत में नौकरी के अवसर प्रतिदिन कम हो रहे हैं, जबकि कुछ कर्मचारी अच्छा वेतन पा रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:** I. नौकरियों के अवसरों की कमी के साथ-साथ वेतन भी कम होते हैं।

II. सर्वेक्षण के पास रोजगार पर ऐसा डाटा संकलित करने का कोई प्रबल कारण होगा।

44. **कथनः** हिन्दी भाषा की एक परीक्षा में यह पाया गया है कि केवल 12% परीक्षार्थियों की ही हिन्दी पर अच्छी पकड़ (Command) थी।

**पूर्वधारणाएं:** I. शिक्षकों को हिन्दी का पर्याप्त ज्ञान नहीं है।

II. विद्यार्थी हिन्दी के बजाए अन्य भाषाओं को अधिक महत्व दे रहे हैं।

45. **कथनः** विकलांग लोगों ने शिकायत की है कि सरकार उनके कल्याण की ओर उचित ध्यान नहीं दे रही है।

**पूर्वधारणाएं:** I. विकलांग लोग सरकार की तरफ से कुछ मदद की आशा करते हैं।

II. विकलांग लोगों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

46. **कथनः** आजकल अनुभवी लोगों की तुलना में नए शिक्षित लोग अधिक कमाई कर रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:** I. कंपनी पुराने अनुभवी लोगों की तुलना में नए शिक्षित युवा कर्मचारियों के योगदान से अधिक लाभान्वित हो रही हैं।

II. अनुभवी लोग ज्यादा देर तक काम नहीं कर सकते एवं थकान महसूस करते हैं।

47. **कथनः** डॉक्टरों ने सभी लोगों को वातानुकूलन यंत्र (Air conditioners) से दूर रहने की सलाह दी।

**पूर्वधारणाएं:** I. वातानुकूलन यंत्र स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

II. डॉक्टर समाज में समानता लाना चाहते हैं।

48. **कथनः** एक सरकारी कॉलेज में प्राध्यापकों ने सभी विद्यार्थियों को आश्वस्त किया है कि अंतिम परीक्षा में कोई अनुत्तीर्ण नहीं होगा।

**पूर्वधारणाएं:** I. प्राध्यापकों को अपने व्याख्यान (lecture) पर पूरा भरोसा है।

II. कॉलेज का 100% उत्तीर्णता का ट्रैक रिकार्ड है।

49. **कथनः** सड़क पर गाड़ियों द्वारा दुर्घटनाओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:** I. बढ़ते हुए ट्रैफिक के परिणामस्वरूप यात्रियों को नुकसान पहुंच सकता है।

II. लोग सड़कों पर ही वाहन चलाना सीख रहे हैं।

50. **कथनः** मोबाइल नेटवर्क की पहुंच उतनी अच्छी नहीं है, जितनी कि पहले थी।

**पूर्वधारणाएं:** I. कंपनी ने उसी मशीन पर ब्रांडबैण्ड कार्ड सेवा भी शुरू कर दिया है।

II. मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

51. **कथनः** कंपनी में कर्मचारी किसी भी बात के लिए शिकायत नहीं कर रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:** I. उन्हें शिकायत नहीं करने के लिए धमकाया गया है।

II. कर्मचारियों के बीच सामान्य स्तर की संतुष्टि हो सकती है।

52. **कथनः** BCCI आने वाली श्रृंखला के लिए वरिष्ठ खिलाड़ियों का चयन नहीं कर रही है, जबकि वे अच्छी फॉर्म में हैं।

**पूर्वधारणाएं:** I. ऐसे समान अच्छे खिलाड़ी उपलब्ध हैं, जो वरिष्ठ खिलाड़ियों के बिना भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

II. युवा खिलाड़ियों से भी वरिष्ठ खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में परिणाम देने की अपेक्षा की जाती है।

53. **कथन:** CWG खेलों के बाद भारत ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल द्वारा जारी की गई सर्वाधिक भ्रष्ट देशों की सूची में और ऊपर आ गया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. भारत में CWG खेलों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं।

II. पिछले वर्ष भाररत ने अपनी स्थिति बेहतर की थी।

54. **कथन:** सरकारी संस्थाओं में अनुशासन का अभाव है।

**पूर्वधारणाएं:** I. पुराने कर्मचारी अब थक गए हैं एवं अनुशासन के नियम भूल गए हैं।

II. सरकारी संस्थाओं में अनुशासन अपेक्षित है।

55. **कथन:** BSNL ने पिछले एक वर्ष से कोई छूट वाली योजना प्रस्तुत नहीं की है।

**पूर्वधारणाएं:** I. कंपनी का लाभ कम हो गया है व छूट वाली योजना कंपनी को और नुकसान पहुंचाएगी।

II. BSNL पहले ही अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में सस्ती योजनाएं दे रहा है।

56. **कथन:** सॉफ्टवेयर अभियंता विदेशों की ओर जा रहे हैं, जबकि भारत स्वयं एक बड़ा IT केन्द्र है।

**पूर्वधारणाएं:** I. भारत में IT कंपनियाँ उतना वेतन नहीं दे रही है, जितना कि अभियंता चाहते हैं।

II. सॉफ्टवेयर अभियंता विदेश जा रहे हैं, क्योंकि कंपनियाँ चाहती हैं कि वे ऐसा करें।

57. **कथन:** स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सभी मरीजों को ये निर्देश निर्गत किए गए हैं कि वे दवा खरीदने के पूर्व उसकी समाप्ति की तिथि (Expiry Date) की जाँच करें।

**पूर्वधारणाएं:** I. समाप्ति तिथि (Expiry Date) के बाद की दवाओं की बिक्री के बारे में मरीजों ने शिकायत की है।

II. स्वास्थ्य मंत्रालय चाहता है कि मरीज दवा खरीदने के पूर्व सावधानी बरते।

58. **कथन:** लोग विद्युतीय उत्पादों की खुदरा श्रृंखला (retail chain) पर ऐसे उत्पाद खरीदने के लिए नहीं जा रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:** I. वे किसी अन्य जगह से ये उत्पाद सुविधाजनक रूप से प्राप्त कर रहे हैं।

II. विद्युत खुदरा श्रृंखला में उत्पादों के मूल्य स्थानीय खुदरा विक्रेता की तुलना में अधिक हैं।

59. **कथन:** इस आधुनिक समय में भी भारत वेलेन्टाइन दिवस का विरोध कर रहा है।

**पूर्वधारणाएं:** I. भारत सरकार को भय है कि भारतीय संस्कृति बर्बाद हो जाएगी।

II. आधुनिक भारत में निश्चित प्रकार के उत्सवों के विरुद्ध प्रतिरोध है।

60. **कथन:** एक मनोवैज्ञानिक कहता है-एक निश्चित समय अवधि के बाद मानव मस्तिष्क सक्षमता के साथ कार्य नहीं कर सकता है।

**पूर्वधारणाएं:** I. यह उस मनोवैज्ञानिक का व्यक्तिगत अनुभव है।

II. आधुनिक विज्ञान भी समान कथन का समर्थन करता है।

61. **कथन:** शहर में दूध की आपूर्ति मिलावट से मुक्त नहीं है।

**पूर्वधारणाएं:**I. आपूर्तिकर्ता और अधिक लाभ कमाना चाहते हैं।

II. बाजार में दूध की उपलब्धता, माँग से कम है।

62. **कथन:** कुछ लोग कहते हैं कि न्यायालय में जिरह के दौरान ''गीता'' के प्रयोग की अनुमति नहीं होनी चाहिए।

**पूर्वधारणाएं:**I. वे ''गीता'' का अपमान महसूस करते हैं।

II. कुछ लोग सजा से बचने के लिए ''गीता'' की झूठी शपथ ले सकते हैं।

63. **कथन:** आजकल लोग उपभोग की वस्तुओं पर काफी धन खर्च कर रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:**I. वे पहले से अधिक राशि कमा रहे हैं।

II. उपभोग की वस्तुएं इस प्रकार के लोगों को एक संतुनिष्ट प्रदान करती है।

64. **कथन:** पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

**पूर्वधारणाएं:**I. महिलाओं हेतु सुरक्षा अपेक्षित हैं।

II. पुलिस इसे अपनी जिम्मेदारी समझती है कि वह सुरक्षा उपलब्ध कराए।

65. **कथन:** महानगरों में सरकारें लगातार नए फ्लाई ओवर बना रहीं है।

**पूर्वधारणाएं:**I. सरकार ट्रैफिक समस्या को कम करना चाहती है।

II. सरकार ट्रैफिक प्रशासन का ध्यान रखने के बारे में गंभीर है।

66. **कथन:** लोग सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंधित चीजें बेच रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:**I. सरकार का प्रतिबंध तंत्र उतना प्रभावी नहीं है।

II. अपेक्षा की जाती है कि प्रतिबंध के परिणामस्वरूप निश्चित चीजों की बिक्री पर रोक लगेगी।

67. **कथन:** कुछ सरकारी कॉलेज फीस नहीं बढ़ा रहे हैं एवं यह पिछले 10 वर्षों से अपरिवर्तित है।

**पूर्वधारणाएं:**I. इन कॉलेजों में पढ़ाई की गुणवत्ता अच्छी नहीं है।

II. उनको कुछ NGO's एवं ट्रस्ट का समर्थन प्राप्त है।

68. **कथन:** कई बड़े ब्रांड की दुकानें तेजी से खोली जा रही हैं।

**पूर्वधारणाएं:**I. ग्राहकों की संख्या बढ़ रही है।

II. ग्राहक इस स्थिति में हैं कि ऐसी दुकानों से चीजें खरीद सकते हैं।

69. **कथन:** लोग दो सिमकार्ड वाले मोबाइल फोन खरीद रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:**I. अब वे दो लोगों से एक साथ बात कर सकते है।

II. बाजार में तीन सिमकार्ड वाला कोई मोबाइल फोन नहीं है।

70. **कथन:** लोग कहते हैं कि चाय स्वास्थ्य के लिए अच्छी नहीं है, फिर भी लोग इसका सेवन कर रहे हैं।

**पूर्वधारणाएं:**I. लोग अपने स्वास्थ्य के बारे में चिंतित नहीं हैं।

II. कुछ लोग आदत से किसी प्रकार के व्यसन के अधीन हो जाते हैं, जिसे त्यागना उनके लिए कठिन होता है।

निर्देश (प्र. 71-75): नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक कथन दिया गया है और उसके नीचे तीन पूर्वधारणाएं दी गई

हैं, जिन्हें, I, II और III क्रमांक दिया गया है। कोई मानी हुई या गृहीत बात पूर्वधारणा कहलाती है। आपको कथन और दी गई पूर्वधारणाओं दोनों पर विचार करना है और फिर यह तय करना है कि कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित हैं?

71. **कथनः** सभी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर विदेशी पर्यटकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा संचालित वन-स्टॉप फेसिलिटेशन काउन्टर खड़ा किया है।

**पूर्वधारणाएं:** I. काउण्टर को शिफ्ट में चलाने के लिए पर्याप्त कर्मी उपलब्ध हैं।

II. इन काउण्टरों द्वारा दी जाने वाली सेवाएं विदेशी पर्यटकों के अंत:प्रवाह (inflow) में बढ़ोतरी में मदद करेगी।

III. अधिकांश विदेशी पर्यटक जब भारत पहुंचते हैं, तो उन्हें विभिन्न प्रकार की सेवाओं की आवश्यकता होती है।

1. केवल I एवं II अन्तर्निहित हैं।
2. केवल II एवं III अन्तर्निहित हैं
3. केवल III अंतरर्निहित हैं।
4. सभी अंतर्निहित हैं
5. इनमें से कोई नहीं

72. **कथनः** कार बनाने वाली कंपनी 'X' ने A, B एवं C सेगमेंट की कारों के मूल्य में तत्काल प्रभाव से 5% से 10% तक की वृद्धि करने का निर्णय किया है, क्योंकि हाल ही में स्टील के मूल्य में काफी वृद्धि हुई है।

**पूर्वधारणाएं:** I. A,B एवं C सेगमेंट के अलावा अन्य कारों के मूल्य पहले से ही काफी अधिक हैं और उनमें वृद्धि करने की आवश्यकता नहीं है।

II. प्रतिद्वंद्वी कार कंपनियाँ भी इन सेगमेंट की कारों के मूल्य बढ़ा सकती है।

III. मूल्य में वृद्धि के बावजूद इन सेगमेंट की कारों की बाजार में पर्याप्त माँग हो सकती है।

(1) केवल I अंतर्निहित है
(2) केवल II अंतर्निहित है
(3) केवल III अंतर्निहित है
(4) I एवं III दोनों अंतर्निहित हैं।
(5) सभी अन्तर्निहित हैं।

73. **कथनः** विश्वविद्यालय प्राधिकार ने टर्मिनल परीक्षा कराने को विकेन्द्रित करने का निर्णय किया है तथा प्रत्येक कॉलेज को यह जिम्मेदारी दी है कि उनके विद्यार्थियों के परिणाम की घोषणा में देरी न हो।

**पूर्वधारणाएं:** I. कॉलेज इस जिम्मेदारी का निर्वाह करने के लिए साधन सम्पन्न है।

II. सभी कॉलेजों में मूल्यांकन मानक में एकरूपता नहीं हो सकती है।

III. विद्यार्थी इस नए निर्णय का स्वागत कर सकते हैं।

(1) कोई अंतर्निहित नहीं है।
(2) केवल II एवं III अंतर्निहित है
(3) केवल I एवं II अंतर्निहित है
(4) I एवं III अंतर्निहित हैं।
(5) इनमें से कोई नहीं

74. **कथनः** शहर के वातावरण में प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए नागरिक प्राधिकार ने निर्णय किया है कि शहर के दायरे में अवस्थित-------------- को बाहर स्थानांतरित कर दिया जाए।

**पूर्वधारणाएं:** I. ---------------

II. इन फैक्ट्री के लिए शहर के दायरे के बाहर प्रयोग में लाने योग्य पर्याप्त जमीन उपलब्ध है।

III. फैक्ट्रियों में से अनेक दूसरे सटे शहरों में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे कि ये लाभ कमाने के योग्य रहे।

(1) केवल I अंतर्निहित है (2) केवल I एवं II अंतर्निहित है

(3) केवल II अंतर्निहित है (4) II एवं III दोनों अंतर्निहित हैं।

(5) इनमें से कोई नहीं

75. **कथन:** शहर के सभी सिंगल स्क्रीन सिनेमाघरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है तथा चेतावनी दी है कि वे तब तक अपनी लड़ताल खत्म नहीं करेंगे, जब तक सरकार मनोरंजन कर के वर्तमान स्तर में 50% कमी करने की माँग को स्वीकार नहीं कर लेती है तथा हॉलों को सभी तर्कसंगत मामलों में मल्टी स्क्रीन सिनेमाघरों के बराबर का दर्जा नहीं दे देती है।

**पूर्वधारणाएं:** I. सिनेमाघरों के सभी कर्मचारी प्रबंधन से असहमत हो सकते हैं तथा सरकार से हड़ताल को गैर-कानूनी घोषित करने की अपील कर सकते हैं।

II. जनता के किसी भी तरह के अवरोध से बचने के लिए सरकार हड़ताल करने वाले सिनेमाघरों की सभी माँगों को स्वीकार कर सकती हैं।

III. आम जनता सिनेमाघरों के मालिकों के पक्ष में हो सकती है तथा उनकी माँगों को स्वीकार करने के लिए सरकार उन पर दबाव डाल सकती है।

(1) कोई अंतर्निहित नहीं है (2) केवल I अंतर्निहित है

(3) केवल III अंतर्निहित है (4) केवल II अंतर्निहित हैं।

(5) सभी अन्तर्निहित हैं।

## व्याख्या सहित उत्तर

1. a. I अंतर्निहित है, इसलिए विज्ञापन दिया गया है। दूसरा निरर्थक है।
2. e. I स्पष्टत: अंतर्निहित है। II भी अंतर्निहित है, इसलिए नागरिकता रद्द करने की बात कही गई है।
3. b. I अस्पष्ट है। परन्तु II अंतर्निहित है, क्योंकि 1999 रुपए प्रति माह अदा करने की बात II को मानकर ही की गई होगी।
4. b. ''कुत्तों से सतर्क रहिए'' II अंतर्निहित बनाता है।
5. d. I अंतर्निहित नहीं है। वैध पूर्वधारणा यह है कि भ्रष्टाचार एवं स्वजन पक्षपात वांछनीय नहीं है। II भी अंतरर्निहित नहीं है। कथन इस बात पर चुप है कि क्या शासन प्रणाली को सुधारा जा सकता है।
6. e. असंतुलित स्टॉक मूल्य के कारण का पता लगाने के लिए जांच आयोग क्यों? सम्बद्ध अधिकारी ने अवश्य ही I को माना होगा। अत: I अंतर्निहित है। एक-दूसरे को कभी काम नहीं सौंपता है, जब तक पहला यह मानता है कि दूसरा इस काम को दक्षतापूर्वक कर सकता है। अत: II भी अंतर्निहित है।
7. e. पूर्वधारणा I अंतर्निहित है। विज्ञापक के द्वारा इस प्रकार का विज्ञापन क्यों प्रकाशित किया गया है? निश्चित

रूप से विज्ञापन I को मान रहा है। II भी अंतर्निहित है, इसलिए विज्ञापक ऐसा करने की वकालत करता है।

8. e.

9. e.

10. e.

11. b. सरकार के द्वारा पुनर्वास कार्य के लिए सेना को काम में लगाने का अर्थ है कि सरकार यह मानती है कि सेना के पास पीड़ित लोगों को शीघ्र गति से पुनस्थार्पन करने की अभीष्ट योग्यता है। अत: अंतर्निहित है परन्तु शब्द केवल की वजह से I अन्तर्निहित नहीं है।

12. c. कम्पनी 'A' के शेयरों में निवेश को एक जुआ माना गया है। इसका अर्थ है कि प्रवक्ता अवश्य ही यह मान रहा होगा कि निवेश से उसे हानि भी हो सकती है या लाभ भी हो सकता है।

13. b. I अंतर्निहित नहीं है (शब्द कम से कम इस वर्ष पर ध्यान दें)। II अंतर्निहित है क्योंकि 'कम से कम इस वर्ष शब्द खुद यह संकेत देता है कि सरकार कोई योजना बना रही है।

14. a. शब्द हमेशा सच नहीं होता, का अर्थ है कभी-कभी ऐसा करने से धनात्मक परिणाम मिलता है। अत: वक्ता अवश्य ही I को मान रहा होगा II स्पष्टत: अंतर्निहित नहीं है।

15. d. कथन के भाव से केवल यही तात्पर्य निकलता है कि वक्ता यह मानता है कि जबानी आव्हा की तुलना में समाचार-पत्र ज्यादा प्रभावी है। शब्द कभी-कभार की वजह से दी हुई पूर्वधारणा I अंतर्निहित नहीं है। II भी अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि यह वैध पूर्वधारणा को खंडित करता है। ध्यान दें कि यहां वैध पूर्वधारणा है "लोग विज्ञापन समाचार-पत्र में पढ़ते हैं।"

16. e. बिना लागत के कम्प्यूटर सीखने का लक्ष्य है सीधने वालों को आकर्षित करना। अत: I अंतर्निहित है। II भी एक पूर्वधारणा है, इसलिए विज्ञापन कम्प्यूटर सीखने की वकालत करता है।

17. e. I एवं II दोनों अंतर्निहित हैं।

18. e. अच्छे सुझाव के लिए पुरस्कार क्यों? अंतर्निहित है। दूसरी तरफ, नवोन्मेषी तकनीकें सामने लाने के लिए कर्मचारियों की सहायता ढूंढने का तात्पर्य है कि कर्मचारियों के पास अभीष्ट सामर्थ्य है, इसलिए I भी अंतर्निहित हैं।

19. a. I अंतर्निहित है, इसलिए नागरिक प्राधिकारी ऐसी सलाह दे रहे हैं। II अंतर्निहित नहीं है। कोई भी दूसरे को सलाह नहीं देता है, जब तक कि पहला यह मानता है कि दूसरा सलाह को मानेगा।

20. e.

21. b. कथन के भाव से तात्पर्य यह है कि कभी-कभी सर्वाधिक बलवान महाशक्ति युद्ध में जीत के बावजूद भी दूसरे देशों से सम्मान प्राप्त नहीं कर पाते हैं। अत: वक्ता II को अवश्य ही मान रहा होगा। कथन का भाव युद्ध में जीत के बावजूद सर्वाधिक बलवान महाशक्ति की दूसरे देशों में सम्मान प्राप्त करने में असफलता पर बल देता है, इसलिए जरूरी नहीं है कि अंतर्निहित है।

22. b. I अंतर्निहित नहीं है। वस्तुत: कथम यह संकेत करता है कि आतंकवादी गतिविधियों को रोका जा सकता है। कितना समय लगेगा पर विवाद है, लेकिन II अंतर्निहित है। कार्यवाही शुरू हो चुकी है पर इसका अंत कब होगा पता नहीं।

23. a. "शिकार शांतिप्रिय लोगों के लिए त्रासदायक है" से I अंतर्निहित है। II एक पूर्वधारणा नहीं है। ध्यान दें कि यहाँ पूर्वधारणा हो सकता है। "युद्ध में मारे गए अधिकांश लोग दुष्ट होते है।"

24. d. महाशक्ति द्वारा वैश्विक जनमत का अनादर किए जाने का तात्पर्य है कि वक्ता अवश्य ही मान रहा होगा कि वैश्विक जनमत युद्ध थोपने के विरोध में है, लेकिन ध्यान दें II कहता है। "चाहिए था।" अत: अंतर्निहित नहीं है। I अंतर्निहित नहीं है। यह वस्तुत: वक्ता की पूर्वधारणा के विपरीत है।

25. e. कथन में प्रयुक्त शब्द "तीव्रता से" का तात्पर्य है कि वक्ता अवश्य ही II को मान रहा होगा। युद्ध के अधिकांश शिकार शांतिप्रिय लोगों के लिए त्रासदायक हों, तब भी युद्ध का तीव्रता से तिरस्कार किया जाना चाहिए, के पक्ष में क्यों है? वक्ता अवश्य ही यह मान रहा होगा कि शांतिप्रिय लोगों के लिए भी युद्ध विध्वंसकारी होता है। अत: I भी अंतर्निहित है।

26. b. I अंतर्निहित नहीं है। यह माना जाता है कि लोग कर भरते हैं। इसलिए II अंतर्निहित है, लेकिन जरूरी नहीं है कि सरकार माने कि लोग इन नई योजनाओं को मानेंगे।

27. e. कोई सरकार अतिरिक्त कर थोपने का निर्णय नहीं लेती है, जब तक कि यह नहीं मानती है कि उसके पास जो राशि में वह उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपर्याप्त है अन्यथा सरकार ने 2% अधिभार उगाहने के लक्ष्य को बढ़ा दिया होता।

28. a. गृह वित्त ---------------- के भाव से I अंतर्निहित है।

29. b.

31. a. सरकार के द्वारा लिया गया निर्णय से तात्पर्य है कि सरकार अवश्य ही I को मान रही होगी? ध्यान दें कि कोई संस्था/सरकार/व्यक्ति तब तक शिकार की क्षतिपूर्ति करने का निर्णय नहीं ले सकता है, जब तक कि यह नहीं मानती है कि उसके पास खर्च करने के लिए पर्याप्त भंडार है। ----- को संबोधित नहीं किया जा सकता है। अत: II अतर्निहित नहीं है।

32. a. उड़ान को निलंबित करने की अवधि 4 दिनों के सीमित समय के लिए बनाई गई है क्यों? एयरलाइंस 'X' के अधिकारों द्वारा यह अवश्य ही मान लिया गया होगा कि उस सीमित समय को समाप्त होते ही संकट टल सकता है। अत: पूर्वधारणा I अंतर्निहित है। II या तो पूर्वधारणा हो सकती है या नहीं हो सकती है। अत: अंतर्निहित नहीं है।

33. b. नागरिक प्राधिकारियों द्वारा किया गया नागरिकों से अनुरोध का तात्पर्य है कि प्राधिकार अवश्य ही यह मान रहा होगा कि नागरिक धनात्मक प्रतिक्रिया देंगे। अब पूर्वधारणा I को देखें। यह पूर्वधारणा हो सकती है और नहीं भी हो सकती है, क्योंकि नागरिकों के द्वारा दी गई प्रतिक्रिया का तरीका जरूरी नहीं है कि पूर्वधारणा से उल्लिखित जैसा हो। अत: पूर्वधारणा I अंतर्निहित नहीं है। पुन: प्राधिकारियों द्वारा किए गए अनुरोध का तात्पर्य है कि प्राधिकार अवश्य ही यह मान रहा होगा कि उसका प्रयास पावर चोरी को कम करेगा। अब, वे इसे कैसे मान सकते हैं। स्पष्त: II एक पूर्वधारणा है।

34. e. PTA ने ऐसा कड़ा निर्णय क्यों लिया? वे अवश्य ही यह मान रहे होंगे कि इसका निर्णय स्कूल फीस पर पुनर्विचार करने के लिए प्रधानाचार्य को बाध्य कर सकता है। अत: पूर्वधारणा II अंतर्निहित है। पुन: निर्णय ऐसा परिणाम कैसे दिखा सकता है? स्पष्टत: PTA अवश्य ही यह मान रहा होगा कि बच्चों के माता-पिता सहयोग करेंगे। अत: पूर्वधारणा I भी अंतर्निहित हैं।

35. b. पूर्वधारणा I को कथन के साथ सह सम्बन्धित नहीं किया जा सकता है। अत: पूर्वधारणा I अंतर्निहित नहीं है। अब संगठन ने विज्ञापन क्यों दिया? स्पष्टत: II अवश्य ही मान लिया गया होगा। अत: केवल II अंतर्निहित है।

36. d. जब निर्णय लिया जाता है, तो पूर्वधारणाएं धनात्मक होती हैं। यह माना जाता है कि निर्णय को लागू करने में विभिन्न वर्ग सहायता करेंगे। अत: दोनों में से कोई भी अंतर्निहित नहीं है।

37. a. एयरलाइंस ने अवश्य ही अधिक राजस्व प्राप्त करने के लिए कदम उठाया होगा। बिना I को माने वांछित परिणाम प्राप्त नहीं किया जा सकता है। अत: I अंतर्निहित है। II एक पूर्वधारणा हो भी सकती है और नहीं भी।

38. e. सामान्यतया एक विज्ञापन ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दिया जाता है। अत: पूर्वधारणा II अंतर्निहित है। विज्ञापन कुछ विशेषता का उल्लेख करता है। उल्लिखित विशेषता ग्राहकों को क्यों आकर्षित करेगा? अत: I अवश्य ही माना गया होगा।

39. b. बैंक 'A' ने रिटेल ऋण पर ब्याज दर क्यों घटा दिया? बैंक ने अवश्य ही अधिक राजस्व उत्पन्न करने के लिए यह कदम उठाया होगा। अत: II अवश्य ही माना गया होगा। I एक पूर्वधारणा हो भी सकती है और नहीं भी। अत: अंतर्निहित नहीं है।

40. e. जब एक संघ के द्वारा व्यक्तियों के एक समूह को सूचना दी जाती है, तो पहले वह यह मानता है कि दूसरा इसका अनुसरण करेगा। अत: I अंतर्निहित है।

41. d. I अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि छुट्टी एक वैध कारण नहीं है, जबकि II भी अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि CCTV कैमरा भी चोरी को नहीं रोक सकता है।

42. a. Iअंतर्निहित है, क्योंकि थोड़ा-सा व्यायाम मोटापे को कम कर सकता है, जबकि दूसरा निरर्थक है।

43. e. I अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि यह सामान्यत: घटित होता है। II अंतर्निहित है, क्योंकि हो सकता है सर्वेक्षण किसी महत्वपूर्ण उद्देश्य से कराया गया हो।

44. d. I अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि यदि 12% विद्यार्थी हिन्दी में उत्तीर्ण हुए तो शिक्षक को अवश्य जानकारी है। II अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि दूसरी भाषा के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

45. a. I अंतर्निहित है, क्योंकि कोई भी तभी शिकायत करता है, जब उसकी अपेक्षा पूरी नहीं होती है, जबकि II असंगत है।

46. a. I अंतर्निहित है। यहाँ "युवाओं का योगदान उम्रदराज लोगों से अधिक है", यह एक ठोस पूर्वधारणा है। II वैध कारण नहीं है, क्योंकि अधिक वेतन पाने के अलावा कई और कारण भी हो सकते हैं। जैसे अधिक योग्यता आदि।

47. a. I अंतर्निहित है। यहाँ स्वास्थ्य के लिए वातानुकूलन यंत्र के नुकसानदायक होने की संभावना की बात की गई है। II असंगत है।

48. a. I अंतर्निहित है। प्राध्यापक को निश्चय ही अपने व्याख्यान पर विश्वास है, तभी उसने विद्यार्थियों को ऐसा आश्वासन दिया है। II भी अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि हम रिकार्ड के आधार पर कभी भी कल्पना नहीं कर सकते।

49. d. I अंतर्निहित नहीं है। दुर्घटनाओं के अन्य कारण भी हो सकते हैं। II एक वैध कारण नहीं है।

50. d. ब्राडबैण्ड ही एकमात्र कारण नहीं हो सकता है, प्राकृतिक विपदा जैसे आंधी, बाढ़ और भूकम्प भी खराब सेवा

के कारण हो सकते हैं।

51. b. I अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि कथन में धमकी का जिक्र नहीं है। ----- अंतर्निहित है क्योंकि संतुष्टि शिकायत न करने का वैध कारण हो सकता है।

52. e. दोनों I एवं II अंतर्निहित है, क्योंकि वरिष्ठ खिलाड़ियों के बिना भी अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना है। II एक संकाय-------- कारण के बारे बताता है।

53. a. I अंतर्निहित है, क्योंकि संभव है कि CWG खेलों में ------ हुआ हो, क्योंकि इसके बाद ही रिपोर्ट आई है, जबकि II कथन के साथ कोई मेल नहीं रखता।

54. b. I अंतर्निहित नहीं है। यह कथन में दिया हुआ नहीं है कि केवल बूढ़े स्टॉफ ही हैं। हम स्टॉफ सदस्यों की उम्र की कल्पना नहीं कर सकते। II अंतर्निहित हैं, क्योंकि यह अनुशासन की आवश्यकता के बारे में है।

55. d. दोनों ही पूर्वधारणाएं दिए गए कथन में निहित नहीं है। न तो कंपनी की लाभ-हानि न ही दूसरी कम्पनियों की योजनाओं की चर्चा है। अत: दोनों की कल्पना नहीं की जा सकती है।

56. d. I अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि कथन में अभियंताओं के विदेश जाने के कारण की चर्चा नहीं है और वेतन ही एकमात्र कारण नहीं हो सकता है। विदेश जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। II भी वैद्य नहीं है, क्योंकि यह तय नहीं है कि कंपनी ही उन्हें विदेश भेज रही है।

57. b. I वैध नहीं है। यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार मरीजों द्वारा शिकायत के पूर्व भी ऐसा सोच सकती है। II अंतर्निहित है और मान्य है।

58. a. I अंतर्निहित है। यहाँ एक संभावना है कि ग्राहकों के लिए ये चीजें नजदीक में सुविधाजनक रूप से उपलब्ध है। II अमान्य है, क्योंकि चीजों के मूल्यों की तुलना की जानकारी नहीं दी गई है।

59. b. I अंतर्निहित नहीं है। कथनानुसार इसमें सरकार की कोई भागीदारी नहीं है, जबकि वह भारत को आधुनिक बनाना चाहती है। II अंतर्निहित है। यह दर्शाता है कि लेखक यह कहना चाहता है कि कुछ खास उत्सवों के लिए लोगों के बीच विरोध है जो कि संभव है।

60. d. I में मनोवैज्ञानिक किसी एक विशेष अनुभव के आधार पर कोई बात नहीं करता। अत: यह जरूरी नहीं कि उसके दिमाग में स्वयं का अनुभव ही है। यह I को अमान्य बनाता है। II आधुनिक विज्ञान की बात करता है, जो एक बाहरी अवयव है।

61. a. I अंतर्निहित है क्योंकि यह एक सामान्य बात है कि प्रत्येक व्यक्ति पैसे के लिए ये काम करता है। II सिर्फ कम आपूर्ति का कारण देता है, जबकि मिलावट के अन्य कई कारण संभव है। अत: यह अमान्य है।

62. b. I अंतर्निहित नहीं है। यदि कोई ईश्वर को गाली भी दे तो इससे उनका सम्मान कम नहीं होता है। यह उस व्यक्ति का नुकसान है। II अंतर्निहित है, क्योंकि कुछ व्यक्ति सजा से बचने हेतु गीता की झूठी शपथ ले सकते हैं।

63. b. I अंतर्निहित नहीं है। लोगों की कमाई के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। II अंतर्निहित है, जो कि एक सामान्य बात है कि व्यक्ति उपभोग की चीजों पर व्यय करने के बाद निश्चय ही कुछ संतुष्टि पाता है।

64. e. I अंतर्निहित है। यह सामाजिक रूप से मान्य तथ्य है। II भी अंतर्निहित है। यह पुलिस की जिम्मेवारी है कि सुरक्षा उपलब्ध कराएं और इसलिए वह चिंतित है।

65. e. I अंतर्निहित है। ट्रैफिक घटाना ओवरब्रिज बनाने का मुख्य उद्देश्य है। II भी मान्य है, क्योंकि यदि सरकार लगातार ओवरब्रिज बना रही है, तो वह इंगित करता है कि सरकार गंभीर है और ट्रैफिक प्रशासन की संरचना को बेहतर करना चाहती है।

66. e. दोनों अंतर्निहित है। यदि प्रतिबंध के बावजूद चीजें बिकती हैं, तो यह व्यवस्था की असफलता है। II एक मौलिक अपेक्षा को दर्शाता है।

67. d. I अंतर्निहित नहीं है। सिर्फ फीस ''शिक्षा की गुणवत्ता'' को तय नहीं कर सककती। II भी मान्य नहीं है। इसमें एक अतिरिक्त अवयव NGO की चर्चा हैऐ।

68. e. I एवं II दोनों अंतर्निहित हैं। संभावना है कि ग्राहकों की संख्या बढ़ गई है और यह भी हो सकता है कि ग्राहकों की स्थिति ऐसी है कि ये चीजें खरीद सकें।

69. d. न तो I न ही II अंतर्निहित हैं। एक व्यक्ति दो लोगों से एक साथ बात नहीं कर सकता और न ही यहाँ तीन सिमकार्ड वाले मोबाइल की चर्चा हो रही है।

70. b. I अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि सभी लोग अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हैं। II मान्य है क्योंकि लोग चाय इसलिए नहीं छोड़ पा रहे हैं, क्योंकि इसके आदी हो गए हैं।

71. d. सरकार ऐसी पहल ------------यह को अवश्य ही III मान रही होगी। अत: III अंतर्निहित है। पुन: कोई सरकार अपनी क्षमता को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करती है। अत: II अंतर्निहित है। पुन: सरकार द्वारा की गई पहल को लक्ष्य की प्राप्ति कैसे होगी? अत: सरकार अवश्य ही I को मान रही होगी।

72. -- I अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि दूसरे सेगमेंट के सम्बन्ध में कम्पनी की नीति के बारे में हम नहीं जानते हैं। पुन: यदि एक उत्पादक अपने उत्पाद का मूल्य बढ़ात है, तो उत्पादक यह मान लेता है कि उसके उत्पाद की माँग अभी भी बाजार में पर्याप्त हो सकती है। अत: III अंतर्निहित है। इस प्रकार विकल्प 1, 2, 4 एवं 5 निकल जाते हैं। II एक पूर्वधारणा हो भी सकता है और नहीं भी।

73. d. यदि एक संघ या एक व्यक्ति एक संघ या व्यक्ति पर जिम्मेदारी सौंपता है, तो पहला मानता है कि दूसरा जिम्मेदारी का निर्वाह अच्छे तरीके से करेगा और एक संघ या एक व्यक्ति बिना अभीष्ट सुविज्ञता के दी गई जिम्मेदारी का निर्वाह कैसे कर सकता है? स्पष्टत: I अंतर्निहित है। यह माना जाता है कि विश्वविद्यालय रचनात्मक उद्देश्य के साथ निर्णय लेता है, जिसका प्रभाव विद्यार्थियों के भविष्य पर घनात्मक होगा। स्पष्टत: विश्वविद्यालय प्राधिकार अवश्य ही III को मान रहा होगा। अत: III अंतर्निहित है। पुन: अधिकारी अवश्य ही II को मान रहा होगा। अत: II अंतर्निहित है। III को कथन के साथ सहसंबंधित नहीं किया जा सकता है। अत: III अंतर्निहित नहीं है।

75. a. हड़ताल केवल दो पक्षों को शामिल करता है : सिनेमा घर तथा सरकार। कार्मिक या जनता को हड़ताल से कुछ लेना-देना नहीं है। अत: I एवं III अंतर्निहित नहीं है। शब्द ''सभी'' की वजह से II अंतर्निहित नहीं है।

# इकाई-3
# कार्यवाहियाँ (Course of Action)

## परिचय

कई प्रतियोगिता-परीक्षाओं में इस प्रकार के प्रश्न एक सामान्य बात हो गई है। इन प्रश्नों में एक स्थिति प्रस्तुत की जाती है एवं उस स्थिति के संदर्भ में कुछ कार्यवाहियाँ (Sourse of Action) सुझाई जाती हैं। परीक्षार्थी से यह ज्ञात करने को कहा जाता है कि इनमें से कौन-सी कार्यवाही का अनुसरण किया जाना चाहिए।

## तकनीक

आइए अब तकनीक पर आते हैं। इस प्रकार के बहुत से प्रश्नों का अवलोकन करने के अनुभव के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सामान्यत: इस प्रकार के प्रश्नों के दो व्यापक प्रकार होंगे:-

(i) एक, जहाँ प्रस्तुत स्थिति एक समस्या की बात करती है तथा सुझाई गई कार्यवाहियाँ समाधान की बात करती है।

(ii) दो, जहाँ प्रस्तुत स्थिति एक साधारण तथ्य होती है (कोई समस्या नहीं, केवल एक स्थिति) एवं सुझाई गई कार्यवाहियाँ स्थिति को सुधारने के तरीकों की बात करती है।

अब जबकि अपने समस्या के प्रकार का निर्णय कर लिया है, आप इनमें से प्रत्येक के लिए तार्किक चरणों का अध्ययन कर सकते हैं-जैसा कि नीचे दिया गया है-

## चरण I : समस्या समाधान संबंध

जैसा कि पहले कहा जा चुका है, इस प्रकार के प्रश्नों के सुझाव में एक समाधान सम्मिलित रहता है, जबकि दिया गया तथ्य एक प्रकार की समस्या होती है। इस प्रकार के मामलों में यह देखना आसान होता है कि कब एक सुझाई गई कार्यवाही उचित है एवं कब नहीं। समस्या-समाधान सम्बन्ध के मामले में कार्यवाही को सही घोषित करेंगे, यदि-

(i) यह समस्या का समाधान करती हो या उसे कम करती हो या न्यूनतम बनाती हो।

(ii) यदि यह एक व्यावहारिक समाधान है।

अब अपने दैनिक अनुभव, व्यावहारिक ज्ञान एवं अपने सामान्य ज्ञान के द्वारा आप आसानी से निर्णय कर सकते हैं कि क्या सुझाई गई कार्यवाही समस्या का समाधान (अथवा कम या न्यूनतम करता है) करती है या नहीं। यह अनुमान लगाना कठिन नहीं है। अब आगे व्यावहारिकता की समस्या आती है। यहाँ आपको जाँच करनी चाहिए कि क्या समाधान दैनिक जीवन में लागू होने के योग्य है। क्या इसका अनुसरण करना व्यावहारिक एवं बुद्धिमत्तापूर्ण होगा? आदि।

A. कैसे निर्धारित करें कि एक सुझाया गया कदम समस्या का समाधान करता है?

यदि आपको यह निर्धारित करने में समस्या है कि क्या एक सुझाया गया कदम समस्या का कम या उसका समाधान करता है? तो आप निम्नलिखित नियमों का अनुसरण कर सकते हैं:-

(i) स्थापित तथ्य (Established fact)

(ii) अनुभव ऐसी भविष्यवाणी करते हैं।

(iii) तर्क ऐसी भविष्यवाणी करता है।

(iv) प्रबल सत्य कथन (Prevailing notion of turth)

**(i) स्थापित तथ्य (Established fact)-** स्थापित तथ्यों के प्रकार सामाजिक, शैक्षिक, जीव विज्ञान संबंधी, समाजशास्त्र सम्बन्धी अथवा अन्य भी हो सकते हैं, परन्तु यह वर्णित समस्या के समाधान के रूप में सार्वभौमिक तौर पर स्वीकृत हो।

उदाहरण के लिए यह एक जैव वैज्ञानिक स्थापित तथ्य है कि मच्छरों के विरुद्ध सुरक्षा का उपाय करके मलेरिया को रोका जा सकता है। यह एक सामाजिक रूप से स्थापित तथ्य है कि बाल अपराधियों के साथ दंडनीय दुष्ट अपराधियों जैसा व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें ऐसा बनाया जाना चाहिए कि वे अपना रास्ता बदल सकें, आदि।

**(ii) अनुभव ऐसी भविष्यवाणी करते हैं-**समाधान अथवा कार्यवाही एक सार्वभौमिक सत्य के रूप में घोषित नहीं हो सकती है एवं यह पूर्व अनुभव पर आधारित है। यह आसानी से निश्चित किया जा सकता है कि वास्तव में इस विशेष कार्य या कदम के द्वारा हल की जा सकती है।

उदाहरण के लिए पूर्व के अनुभव बताते हैं कि भारत केवल तभी विदेशी शक्तियों का शिकार हुआ है जब यह एकजुट नहीं रहा है। पूर्व अनुभव हमें यह भी बताते हैं कि दहेज समस्या के विरुद्ध कई नियम बनाने के बाद भी इसे हल नहीं किया जा सका है। (यहाँ ध्यान दें कि हम अनुभव की बात कर रहे हैं न कि स्थापित तथ्य की। यह एक स्थापित तथ्य नहीं है कि जब भी भारत में एकजुटता की कमी उत्पन्न होती है, विदेशी शक्तियाँ हमें शासित करने आएँगी, न ही यह स्थापित तथ्य है कि नियम दहेज समस्या को नियंत्रित नहीं कर सकते हैं संभव है कि एक कठोर नियम ऐसा कर पाएगी, परन्तु अब तक हमारे अनुभव कुछ और सिद्ध करते हैं)।

**(iii) तर्क ऐसी भविष्यवाणी करता है-**ऐसे मामलों में आपको यह देखने के लिए स्वयं तर्क एवं तर्कशक्ति का प्रयोग करना है कि एक विशेष समस्या, एक विशेष समाधान के द्वारा कम अथवा हल की जा सकती है या नहीं?

उदाहरण के लिए-

**कथन-**पंजाब में फिर से आतंकवादी बढ़ रहे हैं एवं इनके पीछे कश्मीर एवं पाकिस्तान का हाथ स्पष्ट है।

**कार्यवाही-**भारत को पंजाब एवं कश्मीर के आतंकवाद में पाकिस्तान के हाथ होने के प्रमाण के साथ अन्तर्राष्ट्रीय निकायों के दरवाजे पर दस्तक देनी चाहिए कि वो पाकिस्तान को एक आतंकवादी राज्य घोषित कर दें।

### ▶▶ चरण II तथ्य अनुवर्ती कार्यवाही की स्थितियाँ

हमारी परिचर्चा में हमने माना है कि दिया हुआ कथन समस्या के बारे में बात करता है, जबकि प्रस्तावित कार्यवाहियाँ एक समाधान प्रस्तुत करती है। जो कि अधिकांश स्थितियों में सत्य है कभी-कभी एक अलग स्थिति भी हो सकती है। उदाहरण के लिए दिया हुआ कथन कभी-कभी समस्या खड़ी नहीं करता है। यह केवल एक तथ्य देता है। प्रस्तावित कार्यवाहियाँ स्थिति को सुधारने का तरीका प्रस्तुत करती हैं। इस प्रकार पूर्व के ''समस्या समाधान'' जहां हम खराब से अच्छे की तरफ जाना चाहते थे के बदले, यह तथ्य ''तथ्य अनुवर्ती कार्यवाही'' खण्ड का एक उदाहरण है। यहाँ हम सामान्य (या अच्छे) से और अच्छे की तरफ जाना चाहते हैं।

इस प्रकार के प्रश्नों में भी प्रश्न को हल करने की योजना समान रहती है। पहले चरण में आपको जाँच करनी चाहिए कि क्या प्रस्तावित कार्यवाहियाँ वास्तव में कुछ विकास प्रेरित करेंगी तथा दूसरे चरण में आपको जाँचना चाहिए कि प्रस्तावित कार्यवाहियाँ व्यावहारिक हैं अथवा नहीं?

**कुछ आखिरी सुझाव**

सामान्यत: जब आप एक सुझाई गई कार्यवाही का परीक्षण कर रहे हों, तो आपको कभी भी अपनी निजी मान्यताओं को मार्ग में नहीं आने देनी चाहिए। कई परीक्षार्थी अपनी व्यक्तिगत मान्यताओं से प्रभावित हो जाते हैं एवं इस प्रकार गलत

उत्तर चुन लेते हैं। आपको महत्व देना चाहिए कि किस प्रकार सरकारी निकाय एवं तंत्र कार्य करता है तथा यद्यपि आप उन पर विश्वास न कर सकें, परन्तु आपको उन्हें स्वीकार करना चाहिए। आप स्वयं को संबद्ध प्रभावी अधिकारी मान लीजिए, जिसे बिना पक्षपात के एवं व्यक्तिगत हितों के परे होकर निर्णय लेना है। यह आपको सही उत्तर चुनने में मदद करेगा।

**▶▶ प्रश्न का प्रारूप (Format of the Problem)**

सामान्यतया निम्नलिखित प्रारूप में प्रश्न पूछे जाते हैं-

**निर्देश:** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में नीचे कथन और उसके बाद कार्यवाही के दो उपाय दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है, जो समस्या, नीति आदि के संदर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित हैं। कथन में दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना और उसके बाद तय करना है कि दिए गए सुझावों में कौन सी कार्यवाही कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है।

उत्तर दीजिए-

(a) यदि केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है
(b) यदि केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है
(c) यदि दोनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती हैं
(d) यदि कोई अनुसरण नहीं करता है
(e) यदि कोई एक अनुसरण करता है।

उदाहरण

**कथन:** प्लेग महामारी देश के बहुत सारे भागों में फैल चुकी है।

**कार्यवाहियाँ:** I डॉक्टरों को अपने कर्तव्य का पालन निष्ठापूर्वक करने के लिए कहा जाना चाहिए।

II. सरकार को देश के आरपार सफाई अभियान चलाना चाहिए।

**कुछ उदाहरण:**

1. **कथन:** विद्यालय के समय के दौरान विद्यार्थियों का एक समूह एक पिकनिक केन्द्र पर मौज-मस्ती करता हुआ पाया गया।

**कार्यवाहियाँ:** I प्राचार्य को उन विद्यार्थियों के अभिभावकों से सम्पर्क करना चाहिए एवं इस घटना के बारे में बताना चाहिए तथा भविष्य के लिए चेतावनी देनी चाहिए।

II. उन विद्यार्थियों के विरुद्ध कुछ अनुशासनात्मक कार्यवाही अवश्य होनी चाहिए एवं शेष सभी विद्यार्थियों को इससे अवगत करना चाहिए।

**व्याख्या:-** जब विद्यार्थी स्कूल के समय में पिकनिक मना रहे हैं, तो यह केवल अनुशासनहीनता का मामला है। अत: I एवं II दोनों ही समस्या को हल करते प्रतीत हो रहे हैं। साथ ही दोनों उचित कार्यवाहियाँ हैं और साथ ही कठोर कदम नहीं है। चेतावनी एवं सजा दोनों ही आवश्यक हैं। अत: दोनों अनुसरण करते हैं।

2. **कथन:** एक ताजा अध्ययन दिखाता है कि विकासशील देशों के शहरों में पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चे मुख्यत: हैजा एवं परजीवी आँत संक्रमण से मरते हैं।

**कार्यवाहियाँ:** I. शहरों में स्वस्थ अवस्था को बेहतर बनाने के लिए विकासशील देशों की सरकार को कदम उठाने चाहिए।

II. आवश्यकता है कि विकासशील देशों के शहरों में पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लगातार

चिकित्सकीय सुविधा के अन्तर्गत लाया जाए।

**व्याख्या:-**स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाना हमेशा स्वागत योग्य कदम है एवं कथन की दृष्टि में यह और अधिक अनिवार्य है। अत: I नि:संदेह अनुसरण करता है, लेकिन II नहीं। कोई बच्चा जब तक किसी रोग से पीड़ित न हो, हमें उसका उपचार करने की जरूरत नहीं है। रोकथाम बिल्कुल सही है, लेकिन इलाज केवल तभी आरम्भ होना चाहिए, जब बीमारी हो चुकी हो।

3. **कथन:** कंपनी का प्रभारी अधिकारी परेशान था कि अलमारी से कुछ पैसे गायब हो गए थे।

**कार्यवाहियाँ:** I उसे अपने स्टॉफ की सहायता से इसकी पुन: गिनती करनी चाहिए एवं इसे बहीखाते में मिलाना चाहिए।

II. उसे पुलिस को सूचित करना चाहिए।

**व्याख्या:-**यदि अधिकारी को लगता है कि कुछ पैसे गायब हैं, तो उसके लिए सबसे अच्छी बात है कि इसकी जाँच करे। अत: I अनुसरण करता है। पुलिस को सूचित करना इस स्थिति में आवश्यक नहीं है। पुलिस केवल तभी बुलानी चाहिए, जब यह निश्चित हो कि पैसे गायब हैं।

4. **कथन:** भारत में अधिकांश बच्चे शिक्षा प्राप्त करने में अक्षम हैं, क्योंकि वो बचपन में ही जीवनयापन के लिए अर्जन करते हुए काम करने लगते हैं।

**कार्यवाहियाँ:** I. 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों के लिए शिक्षा अनिवार्य कर दी जानी चाहिए।

II. 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर लगाने पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

**व्याख्या:-**इस प्रश्न के लिए हमें दुबारा सोचने की जरूरत भी नहीं है। दोनों ही कार्यवाहियाँ I एवं II संवैधानिक जिम्मेवारियाँ हैं। II वास्तव में एक मौलिक अधिकार है। अत: कोई संदेह नहीं कि ये विकल्प सही हैं।

5. **कथन:** भारतीय रेल से यात्रा करने वाले यात्री काफी कठिनाइयों एवं असुविधा का सामना करते हैं।

**कार्यवाहियाँ:** I. रेलगाड़ियों में अधिक भीड़ को रोकने के प्रयास किए जाने चाहिए।

II. साफ एवं सुरक्षित पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

III. रेलवे स्टेशन एवं प्लेटफार्म और अधिक साफ एवं स्वास्थ्यकर बनाए जाने चाहिए।

**व्याख्या:-** समस्या के समाधान की ओर सभी सुझाव सकारात्मक कदम होने चाहिए, जो कि यात्रियों के लिए कठिनाइयाँ एवं असुविधा हैं। अत: सभी अनुसरण करते हैं।

## अभ्यास प्रश्न

**निर्देश (प्र. 1-55)-** नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथम और उसके बाद कार्यवाही के दो उपाय I एवं II दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है, जो समस्या, नीति आदि के संदर्भ में सुधार अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित है। कथन में दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिए गए सुझावों में कौन-सी कार्यवाही कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है।

***उत्तर दीजिए-***

(a) यदि केवल कार्यवाही I अनुसरण करती है।

(b) यदि केवल कार्यवाही II अनुसरण करती है।

(c) यदि या तो कार्यवाही I या कार्यवाही II अनुसरण करती है

(d) यदि न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II अनुसरण करती है।

(e) यदि I और II दोनों कार्यवाहियाँ अनुसरण करती है।

1. **कथन:** तीन व्यक्ति शहर में भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद के साथ पकड़े गए।

**कार्यवाहियाँ** I. पुलिस को रात्रि-गस्त लगाने के निर्देश दिए जाने चाहिए।

II. तीनों व्यक्तियों को स्वतंत्र छोड़ देना चाहिए तथा दूसरे अपराधियों को पकड़ने के लिए उनकी गतिविधियों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जानी चाहिए।

2. **कथन:** मानसून के समय में जल जनित रोगों से प्रभावित व्यक्तियों की संख्या में काफी वृद्धि होती है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को स्वच्छ पानी पीने के सम्बन्ध में शहर में लोगों को पर्याप्त सूचना का प्रसार करना चाहिए।

II. मानसून के समय में रोगियों के इलाज हेतु शहर में सभी अस्पतालों को ठीक से लैस कर दिया जाना चाहिए।

3. **कथन:** जब एक बस एक पुल के पास नदी में जा गिरी तो कम से कम 15 लोग मारे गए तथा अन्य बहुत सारे घायल हुए।

**कार्यवाहियाँ** I. पुल कीरक्षा दीवारों को इतना मजबूत बनाया जाना चाहिए कि इस प्रकार की दुर्घटना न हो।

II. आवश्यक जाँच-पड़ताल के लिए बस चालक को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

4. **कथन:** बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए राज्य सरकार ने खाद्यान्न तथा कपड़े मुहैय्या कराने का निर्णय लिया है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकारी तंत्र द्वारा पीड़ित लोगों की पहचान की जानी चाहिए तथा उन्हें राहत प्रदान की जानी चाहिए।

II. पीड़ित लोगों की मदद करने के लिए सरकारी तंत्र को पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न तथा कपड़े एकत्रित कर लेने चाहिए।

5. **कथन:** मौसम विभाग ने लगातार दस वर्षों की तरह इस वर्ष भी अच्छे मानसून की भविष्यवाणी की है तथा इससे फसल का उत्पादन अच्छा होगा।

**कार्यवाहियाँ** I. फसल काटने से पहले सरकार को भंडार खाली करा देना चाहिए।

II. सरकार को किसानों को रासायनिक खाद तत्काल मुहैय्या करानी चाहिए।

6. **कथन:** इन दिनों प्रक्षकों के थियेटर में जाने के बदले घर में टी.वी. देखना ज्यादा पसंद करने से, चित्रपट थियेटर को काफी हानि सहनी पड़ रही है।

**कार्यवाहियाँ** I. थियेटर इमारतों को गिराया जाए और उनके स्थान पर निवास के उद्देश्य से बहुमंजिली इमारतों का निर्माण किया जाए।

II. थियेटर इमारतों को शॉपिंग माल में परिवर्तित किया जाए।

7. **कथन:** बैंकों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एन.पी.ए.) की बढ़ोतरी के पिछले अनुभव से सीख लेकर ऐसे अशोध्य ऋण (bad debts) की पुनरावृत्ति पर प्रतिबंध लगाने के लिए समर्थ उपाय अपनाना आवश्यक है।

**कार्यवाहियाँ** I. ऋण की मंजूरी स्वीकृत करने के पहले ग्राहकों की उधार पात्रता का मूल्यांकन कड़ाई से करना आवश्यक है।

II. जिसके लिए ऋण दिया गया है, उस व्यवसाय द्वारा उचित समय पर ऋण की किश्तों का भुगतान निश्चित करने हेतु उसकी नियमित अंतराल में बारीकी से निगरानी करनी चाहिए।

8. **कथनः** निजी क्षेत्र के अनेक बैंकों ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विपरीत आवास ऋण के लिए ब्याज दर में कटौती की है।

**कार्यवाहियाँ** I. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को यह मामला नियंत्रण प्राधिकारी के पास निरीक्षण के लिए उठाना चाहिए, क्योंकि वे इसका अनुसरण नहीं कर सकते।

II. -------- के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भी ऐसी नीति अपनानी आवश्यक है।

9. **कथनः** प्रत्येक राष्ट्र को प्रतिष्ठा से बने रहने के लिए निरन्तर आर्थिक वृद्धि और विकास आवश्यक है।

**कार्यवाहियाँ** I. प्रत्येक देश में बैंक और वित्तीय संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों को आर्थिक वृद्धि और विकास के महत्व को अवगत कराना चाहिए।

II. जीवन के हर मोड़ पर प्रतिष्ठा से जीवन बिताने के महत्व को उचित रूप से आग्रह रखना चाहिए।

10. **कथनः** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विपरीत अनेक निजी क्षेत्र के बैंकों ने आवास ऋण के लिए ब्याज दर में कटौती की है।

**कार्यवाहियाँ** I. सार्वजनिक बैंकों को वित्तीय क्षेत्रों का अन्वेषण कर उन पर एकाधिकार जमाना चाहिए तथा ग्राहकों को अधिकतम संभावनाएं और अद्वितीय लाभ प्रदान करने चाहिए।

II. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अपनी विशेषताओं का विज्ञापन द्वारा बार-बार प्रदर्शन करना चहिए, ताकि वे अपने आगामी ग्राहकों को खो न दें।

11. **कथनः** चालू वर्ष में चीनी के उत्पादन ने सभी पिछले रिकार्ड तोड़ दिए हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार को चीनी की बाजार कीमत कर कर देनी चाहिए।

II. अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए सरकार को चीनी के निर्यात के लिए भरकस कोशिश करनी चाहिए।

12. **कथनः** इस क्षेत्र में फलाई-ओवर के निर्माण कार्य के कारण मलेरिया के बहुत से जानलेवा केस रिपोर्ट हुए हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. क्षेत्र के लोगों को मच्छरों का काटना टालने के लिए पूर्व सावधानी के उपाय करने की सलाह दी जानी चाहिए।

II. तत्काल फलाई-ओवर का निर्माण रोक दिया जाना चाहिए और परियोजना रद्द कर दी जानी चाहिए।

13. **कथनः** एक स्थानीय स्टील फैक्टरी के स्क्रैपयार्ड में जीवित गोला-बारूद का बहुत-सा गुप्त भंडार पाया गया है।

**कार्यवाहियाँ** I. सारे गोला-बारूद के प्राप्त होने और सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किए जाने तक तत्काल स्टील फैक्टरी बंद कर दी जानी चाहिए।

II. सरकार को ब्यौरा पता लगाने के लिए तत्काल जाँच बैठानी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाएं टालने के लिए सुधारात्मक उपाय करने चाहिए।

14. **कथनः** स्थायी दुकान से नकली शराब के सेवन के बाद बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए

**कार्यवाहियाँ** I. विषाक्तता की मौजूदगी के लिए स्टॉक परीक्षण होने तक सरकार को शराब बेचने वाली दुकानें तत्काल बंद कर देनी चाहिए।

II. शराब की दुकान के मालिक को तुरन्त गिरफ्तार किया जाना चाहिए और उस पर आपराधिक लापरवाही के लिए मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

15. **कथनः** हाल के ही विधानसभा चुनावों में चालीस प्रतिशत से भी कम मतदाताओं ने मतदान किया है।

**कार्यवाहियाँ** I. चुनाव आयोग को पूरी चुनाव प्रक्रिया रद्द कर देनी चाहिए, क्योंकि लोगों के प्रतिनिधित्व के लिए पर्याप्त मतदान नहीं हुआ है।

II. जिन लोगों ने अपने मताधिकार का उपयोग नहीं किया है, चुनाव आयोग को उनका मताधिकार छीन लेना चाहिए।

16. **कथनः** शहर को जल की आपूर्ति करने वाले सभी तालाबों के जल स्तर में बहुत गिरावट आई है।

**कार्यवाहियाँ** I. स्थिति का सामना करने के लिए जल आपूर्ति प्राधिकरण को आपूर्ति में आंशिक कटौती करनी चाहिए।

II. सरकार को मीडिया द्वारा सभी निवासियों से जल का न्यूनतम उपयोग करने की व्यापक अपील करनी चाहिए।

17. **कथनः** एक विषय में दोषपूर्ण प्रश्नों के कारण हाईस्कूल की अंतिम परीक्षा में बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुई है।

**कार्यवाहियाँ** I. उस विषय में अनुत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को अनुपूरक परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जानी चाहिए।

II. इस त्रुटि के लिए जिम्मेवार सभी लोगों को निलंबित किया जाना चाहिए और तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच आरम्भ की जानी चाहिए।

18. **कथनः** ट्रक मालिक संघ द्वारा दिए गए लम्बे हड़ताल के आव्हान के कारण खाद्यान्न और सब्जियों की कीमतों में पर्याप्त वृद्धि हुई है।

**कार्यवाहियाँ** I. बाजार में खाद्यान्न और सब्जियों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।

II. सरकार को संघ के सभी वाहनों के लाइसेंस रद्द करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

19. **कथनः** देश 'X' से भारत की यात्रा पर आए हुए बहुत से लोग परीक्षण के दौरान एक मारक रोग के वायरस धारक (धनात्मक) पाए गए हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. भारत सरकार को देश 'X' से भारत आने वाले लोगों, जिनमें वहाँ बसे भारतीय भी शामिल हैं, उनके भारत आने पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

II. भारत सरकार को तत्काल अपने सभी हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर परीक्षण (Detection) केन्द्र स्थापित करने चाहिए और परीक्षण में सकारात्मक पाए लोगों को पृथक (Quarantine) करना चाहिए।

20. **कथनः** छुट्टियों के चालू मौसम में लम्बी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में शायिकाओं के अनुरोध की संख्या में अपूर्व वृद्धि हुई है।

**कार्यवाहियाँ** I. अतिरिक्त कोच जोड़कर रेल प्राधिकरण को तत्काल इन सभी ट्रेनों की क्षमता बढ़ा देनी

चाहिए।

II. स्थान की माँग कर रहे लोगों को सूचित करना चाहिए कि वे छुट्टियों के बाद अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

21. **कथन:** एक उपयोगिता कंपनी के लिए पाइप बिछाते समय गैस पाइप लाइन में क्षति होने से भीषण आग लग गई।

**कार्यवाहियाँ** I. घटना की जाँच पूरी होने तक उपयोगिता कंपनी के सारे लाइसेंस तत्काल निलंबित किए जाने चाहिए।

II. उस क्षेत्र के निवासियों को सलाह दी जानी चाहिए कि आग में जलने से बचने के लिए वे अपने घरों के भीतर ही रहें।

22. **कथन:** हाल ही के महीनों में इंटरनेट हैकिंग के बहुत से मामले हुए हैं, जिनमें इंटरनेट प्रयोक्ताओं में आतंक छा गया है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकारी तंत्र को इसके जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए व्यापक प्रयत्न करने चाहिए और उन्हें सलाखों के पीछे भेजना चाहिए

II. अपराधियों के पकड़े जाने तक इंटरनेट प्रयोक्ताओं को इंटरनेट के उपयोग से दूर रहने की सलाह दी जानी चाहिए।

23. **कथन:** इस वर्ष की विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र परीक्षा में सफल विद्यार्थियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को विद्यमान कॉलेजों में इंटरमीडिएट पाठ्यक्रमों की सीटों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

II. इन सभी सफल विद्यार्थियों का समावेश करने हेतु सरकार को नए कॉलेज खोलने का सक्रिय कदम उठाना चाहिए।

24. **कथन:** गत वर्ष की अपर्याप्त मानसून के बाद मौसम विभाग ने इस वर्ष भी अपर्याप्त मानसून की भविष्यवाणी की है।

**कार्यवाहियाँ** I. जल संसाधनों के समुचित प्रबंधन के लिए सरकार को तत्काल एक जल प्राधिकरण की स्थापना करनी चाहिए।

II. इस स्थिति से निपटने के लिए जल आपूर्ति प्राधिकरणों को जल आपूर्ति में कटौती पर अमल करने के लिए कहा जाना चाहिए।

26. **कथन:** ट्रांसपोर्टरों की हड़ताल ने दसवें दिन में प्रवेश कर लिया है तथा अनिवार्य वस्तुओं की लगातार कमी होती जा रही है, परन्तु ट्रांसपोर्टरों के कड़े रुख में नरमी के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को अनिवार्य वस्तुओं की आपूर्ति हेतु तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।

II. सरकार को तत्काल इस हड़ताल को गैर-कानूनी घोषित कर इसके लिए जिम्मेदार लोगों को जेल भेज देना चाहिए।

27. **कथन:** विभिन्न हवाई सेवाओं के किराये में भारी कमी के कारण रेलगाड़ियों के उच्च श्रेणी में अब तक सफर करने वाले यात्रियों ने अब हवाई यात्राएं शुरू कर दी है।

**कार्यवाहियाँ** I. रेलवे को तुरन्त उच्च श्रेणियों के किराये में कमी लानी चाहिए, ताकि इसके यात्रियों की संख्या यथावत रहे।

II. रेलवे को उच्च श्रेणियों की यात्री क्षमता घटानी चाहिए, ताकि इसके घाटे को रोका जा सके।

28. **कथनः** सरकार ने उच्च शिक्षा संस्थानों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता को वापस लेने का फैसला किया है तथा इन संस्थाओं को आत्म-सम्पन्न होने का आव्हान किया है।

**कार्यवाहियाँ** I. इन संस्थाओं को अपने यहाँ विद्यार्थियों की संख्या में भारी वृद्धि करनी चाहिए, ताकि अपनी आर्थिक कमियों को पूरी कर सकें।

II. इन संस्थाओं को अपने शुल्क ढाँचे को व्यावहारिक बनाना चाहिए तथा परामर्श सेवाएं प्रदान करके भी कुछ कमियों की पूर्ति करनी चाहिए।

29. **कथनः** प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ने वाले ज्यादातर छात्र व्यावसायिक क्षेत्रों में बेहतर संभावनाओं की तलाश में विकसित राष्ट्रों को पलायन कर जाते हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. इन कॉलेजों में दाखिल होने वाले छात्रों से दाखिले के समय एक अनुबंध-पत्र पर हस्ताक्षर लेना चाहिए, जिसके अनुसार उन्हें अपनी शिक्षा समाप्त करने के बाद भारत में ही कम-से-कम दस साल की अवधि व्यतीत करनी होगी।

II. उन सभी छात्रों से जो दूसरे विकसित राष्ट्रों को अपनी सेवाएं देने के इच्छुक हैं। उतनी राशि सरकार को वापस मिलनी चाहिए, जो सरकार उन पर खर्च करती है।

30. **कथनः** इस महीने एक धार्मिक स्थान पर भीड़ उमड़ने की आशा की जाती है, जो नागरिक सुविधाओँ पर भारी दबाव डाल सकती है।

**कार्यवाहियाँ** I. नागरिक प्रशासन को भीड़ पर नजर रखनी चाहिए एवं श्रद्धालुओं की संख्या को नियंत्रित किए जा सकने तक सीमित करना चाहिए।

II. इस दौरान क्षेत्रीय पुलिस को कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण चौकस रहना चाहिए।

31. **कथनः** ट्रांसपोर्टरों की एसोसिएशन द्वारा की गई हड़ताल के कारण पिछले कुछ दिनों के दौरान आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

**कार्यवाहियाँ** I. इस संकट से उबरने के लिए सरकार को आवश्यक वस्तुओं को लाने एवं ले जाने के लिए सभी सरकार वाहनों को काम पर लगा देना चाहिए।

II. ट्रांसपोर्टरों के एसोसिएशन को हड़ताल वापस लेने के लिए मनाया जाना चाहिए, ताकि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सामान्य हो सके।

32. **कथनः** इस वर्ष कई यात्री गाड़ियों में डाके और लूट की बहुत सी घटनाएं हुई हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. रेल प्राधिकरण को तत्काल सभी यात्री गाड़ियों के प्रत्येक डिब्बे में एक पुलिसमैन क ोलगा देना चाहिए।

II. रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए कि डाकुओं और लुटेरों से कैसे निपटा जाए।

33. **कथनः** बाढ़ से जिले के बहुत से गाँवों के बह जाने के कारण गाँववासियों के पास न तो खाना है न आश्रय है।

**कार्यवाहियाँ** I. जिला प्रशासन को भोजन और दूसरी चीजों के साथ राहत दल को तत्काल प्रभावित क्षेत्रों में भेजना चाहिए।

II. पड़ोसी गाँवों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाना चाहिए।

34. **कथनः** डिग्री परीक्षा के अंतमि वर्ष के दौरान बहुत से छात्रों को अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया है।

**कार्यवाहियाँ** I. इन सभी छात्रों को प्राधिकरण द्वारा ली जाने वाली सभी परीक्षाओं में बैठने से स्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया जाना चाहिए।

II. प्राधिकरण द्वारा इन छात्रों के अभिभावकों को यह सूचित करने के लिए बुलाया जाना चाहिए कि भविष्य में इस तरह का व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा।

35. **कथनः** वर्तमान में देश के अधिकांश अभियंत्रण स्नातक लाभकारी रोजगार पाने की स्थिति में नहीं हैं और भविष्य में ऐसे अभियंताओं की संख्या के बढ़ने की संभावना है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को रोजगार पैदा करने वाली आकर्षक योजनाएं चलानी चाहिए और इन स्नातकों को इन योजनाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि उनकी विशेषज्ञता और ज्ञान का प्रभावी ढंग से उपयोग हो सके।

II. ऐसा देश में अभियंत्रण कॉलेजों के प्रचुर मात्रा में खुलने और उसके कारण अभियंत्रण स्नातकों की गुणवत्ता के कम होने की वजह से हुआ है। ऐसे कॉलेजों को तत्काल बंद कर दिया जाना चाहिए, जो गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए साधन सम्पन्न नहीं हैं।

36. **कथनः** कर्मचारियों को कठिन परिश्रम करना पड़ता है एवं वे कार्य के बोझ के चलते काफी थक जाते हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. संस्था को कुछ और कर्मचारियों की भर्ती कर लेनी चाहिए, ताकि उनकी कार्यक्षमता बनी रहे।

II. कर्मचारी यदि कार्य में दबाव महसूस करे तो उन्हें और काम नहीं करना चाहिए एवं उन्हें अतिरिक्कत स्टॉफ की माँग करनी चाहिए।

37. **कथनः** पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध के कारण फर्नीचरों के मूल्य ऊपर जा रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. वन विभाग को पेड़ काटने की अनुमति देनी चाहिए।

II. लोगों को लकड़ी की जगह फर्नीचर के वैकल्पिक साधनों का उपयोग करना चाहिए, ताकि हम अपने पर्यावरण की सुरक्षा कर सकें।

38. **कथनः** एक महान व्यक्ति ने टिप्पणी की है ''भारत कुछ वर्षों के बाद दिवालिया हो जाएगा।''

**कार्यवाहियाँ** I. पुलिस को उससे पूछताछ करनी चाहिए कि इसके पीछे क्या कारण है।

II. सरकार को उसे दंडित करना चाहिए, क्योंकि इससे शेयर बाजार प्रभावित हो सकता है।

39. **कथनः** लोग सिगरेट के साथ शराब का सेवन करते हैं, जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

**कार्यवाहियाँ** I. यह चेतावनी शराब की बोतल पर अवश्य छपी हुई होनी चाहिए।

II. सरकार को टेलीविजन, रेडियो एवं समाचार-पत्रों के माध्यम से जागरूकता फैलानी चाहिए।

40. **कथनः** भारतीय फुटबॉल का प्रदर्शन विगत तीन वर्षों से नीचे जा रहा है।

**कार्यवाहियाँ** I. भारतीय फुटबॉल संघ को एक अच्छे अनुभवी प्रशिक्षक की नियुक्ति करनी चाहिए।

II. भारतीय टीम को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग नहीं लेना चाहिए।

41. **कथनः** ''गणपति विसर्जन के दौरान 8 बच्चे नदी में डूब गए।''

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को गणपति विसर्जन के समय सावधानी के तौर पर सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए।

II. ''गणपति विसर्जन में बच्चों की भागीदारी की ठीक ढंग से निगरानी होनी चाहिए।''

42. **कथन:** फुटपाथ पर अपने परिवार के साथ रहने वाले बच्चों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को फुटपाथ पर रहने वाले सभी लोगों का निवास करना चाहिए।

II. सरकार को स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ-साथ जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की भी उपलब्ध करवाना चाहिए।

43. **कथन:** रेलगाड़ियों के देर से चलने के कारण कुछ उम्मीदवार अपने साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं हो पाए।

**कार्यवाहियाँ** I. बैंकों को ऐसे उम्मीदवारों के मामले को निपटाने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए।

II. बैंकों को उन्हें आश्वस्त करना चाहिए कि जब भी नई रिक्तियाँ आएँगी तो उन उम्मीदवारों को पहले बुलाया जाएगा।

44. **कथन:** एक MBA संस्थान ने परीक्षा आरम्भ होने के केवल तीन दिन पहले आंतरिक परीक्षा की तिथि घोषित की।

**कार्यवाहियाँ** I. इस संदर्भ में विद्यार्थियों को परीक्षा नियंत्रक से मिलना चाहिए।

II. विद्यार्थियों को परीक्षा का बहिष्कार कर देना चाहिए।

45. **कथन:** एक बैंक शाखा इस आधार पर अपने ग्राहकों को ATM कार्ड जारी नहीं कर रही है कि शर्तों को पूरा करने के लिए उनकी (ग्राहकों की) लेन-देन की आवृत्ति अपर्याप्त है।

**कार्यवाहियाँ** I. ग्राहकों को अपनी लेन-देन आवृत्ति को बढ़ाना चाहिए, ताकि वे ATM प्राप्त कर सकें।

II. ग्राहकों को RBI के पास जाना चाहिए एवं अपनी असुविधा के लिए शिकायत दर्ज करनी चाहिए।

46. **कथन:** विद्यार्थियों के प्रवेश लेने के बाद संस्थान ने फीस बढ़ा दी है।

**कार्यवाहियाँ** I. विद्यार्थियों को अतिरिक्त फीस नहीं देनी चाहिए एवं यदि वे किसी समस्या का सामना करते हैं, तो उन्हें उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करनी चाहिए।

II. सरकार को फीस नहीं बढ़ाने के लिए उस संस्थान को नोटिस देना चाहिए। निर्देश देने चाहिए कि सत्र शुरू होने के बाद फीस नहीं बढ़ाई जानी चाहिए।

47. **कथन:** अनधिकृत बिचौलिए वाहन मालिकों से पार्किंग शुल्क वसूल कर रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. वाहन मालिकों को ऐसे बिचौलियो को शुल्क नहीं देना चाहिए एवं इसकी जगह संबद्ध प्राधिकार से शिकायत करनी चाहिए।

II. सरकार को बिचौलियों की इन गतिविधियों को अधिकृत कर देना चाहिए।

48. **कथन:** शहर में आवारा कुत्तों की संख्या कई गुणा बढ़ गई है।

**कार्यवाहियाँ** I. नगर पालिका प्राधिकार को शहरी क्षेत्र से सभी आवारा कुत्तों को दूसरे स्थानों पर हटा देना चाहिए।

II. सरकार को ऐसे सभी कुत्तों को मारने का अभियान प्रारम्भ करना चाहिए।

49. **कथन:** डॉक्टर, रोग-जाँच प्रयोगशालाओं के साथ गुप्त अनुबंध कर रहे हैं एवं उनसे बड़ा हिस्सा प्राप्त कर रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को इनकी जगह स्वयं की रोग-जाँच प्रयोगशालाएं खोलनी चाहिए।

II. सरकार को ऐसे डॉक्टरों एवं रोग-जाँच प्रयोगशालाओं को दंडित करना चाहिए।

50. **कथन:** इस तथ्य के बावजूद श्रीमान X ने अपना टेलीफोन कनेक्शन कटवा दिया है। टेलीफोन कंपनी ने बिल निर्गत

करना जारी रखा है।

**कार्यवाहियाँ** I. श्रीमान X को इसके सम्बन्ध में चिंतित नहीं होना चाहिए एवं इसे अनदेखा कर देना चाहिए।

II. श्रीमान X को कनेक्शन रद्दीकरण के लिए पुन: आवेदन करना चाहिए।

51. **कथन:** व्यस्त बाजार में नए पेट्रोल पम्प के खुलने से ट्रैफिक जाम बढ़ रहा है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को पेट्रोल पम्प के किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरण के लिए आदेश देना चाहिए।

II. सरकार को उन सड़कों को चौड़ा कर देना चाहिए।

52. **कथन:** यदि ग्राहक अपना तिमाही शेष बनाए रखने में असफल होते हैं, तो बैंक उनसे भारी जुर्माना वसूल रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. ग्राहकों को ऐसे बैंकों से अपने खाते बंद कर देने चाहिए।

II. ग्राहकों को RBI से अनुरोध करना चाहिए कि बैंकों को ऐसे शुल्क कम करने का निर्देश दें।

53. **कथन:** रेल यात्रा के दौरान खुले हुए दरवाजों के कारण यात्रियों की दुर्घटनाएं सामान्य बात है।

**कार्यवाहियाँ** I. रेलवे को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जो कि सवार यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

II. रेलवे पुलिस को उन लोगों से जुर्माना वसूल करना चाहिए, जो सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए ऐसी चीजों के लिए जिम्मेदार हैं।

54. **कथन:** एक MBA संस्थान अपनी पूरी क्षमता के केवल लगभग पचास प्रतिशत विद्यार्थी सुनिश्चित कर सका, जबकि दूसरे संस्थान अधिक विद्यार्थी आकर्षित करने में सफल रहे।

**कार्यवाहियाँ** I. इस मामले की पड़ताल करने के लिए संस्थान को एक जाँच बैठानी चाहिए।

II. संस्थान को और अधिक विज्ञापन करना चाहिए।

55. **कथन:** पर्यावरण को हरा रखने के लिए सरकार वृक्षारोपण पर बड़ी राशि व्यय कर रही हैं, लेकिन उन पौधों की देखभाल करने में समर्थ नहीं है।

**कार्यवाहियाँ** I. सरकार को यह योजना किसी निजी संस्था को सौंप देनी चाहिए, जो इसे बेहतर ढंग से संभाल सके।

II. सरकार को उन शामिल लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए, जो अपना काम जिम्मेदारी से नहीं कर रहे हैं।

**निर्देश (प्र. 56-60):** नीचे प्रत्येक प्रश्न में एक कथन और उसके बाद कार्यवाही के तीन उपाय, I, II और III दिए गए हैं। कार्यवाही से तात्पर्य उस उपाय अथवा प्रशासकीय निर्णय से है, जो समस्या, नीति आदि के संदर्भ में सुधार, अनुवर्तन या आगे की जाने वाली कार्यवाही से सम्बन्धित है। कथन में दी गई जानकारी के आधार पर आपको कथन में दी गई प्रत्येक बात को सही मानना है और उसके बाद तय करना है कि दिए गए सुझावों में कौन सी कार्यवाही कार्यान्वयन के लिए तर्कसंगत रूप से अनुसरण करती है।

56. **कथन:** पूरे देश में इस गर्मी में दिन के समय का तापमान सामान्य तापमान से 4 से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर है।

**कार्यवाहियाँ** I. अपने अधिकार क्षेत्र में गर्म हवाओं से मरने वालों की शीघ्र रिपोर्ट भेजने के लिए सभी जिला मुख्यालयों को सावधान कर दिया जाना चाहिए।

II. [illegible] (high alert) कर दिया जाना चाहिए तथा किसी अवांछनीय घटना को रोकने के लिए आवश्यक साधन मुहैय्या करना चाहिए।

III. गर्म हवाओं से पीड़ित उन सभी क्षेत्रों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार को आवश्यक व्यवस्था करनी चाहिए।

1. केवल I अनुसरण करता है।
2. केवल II अनुसरण करता है।
3. केवल II और III अनुसरण करते हैं।
4. केवल I और II अनुसरण करते हैं।
5. सभी अनुसरण करते हैं।

57. **कथनः** इस वर्ष देश में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए कदाचार के प्रयोग में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

**कार्यवाहियाँ** I. इस संकट को नियंत्रित करने के लिए परीक्षाओं को आयोजित करने वाले प्राधिकारों को तत्काल कदम उठाने चाहिए।

II. अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाए गए सभी विद्यार्थियों को इनमें से किसी भी परीक्षा में शामिल होने से अगले तीन वर्ष के लिए रोक दिया जाना चाहिए।

III. अनुचित साधनों के प्रयोग को आवश्यक विधेयक पास करके तत्काल संज्ञेय अपराध बनाया जाना चाहिए।

1. केवल I अनुसरण करता है।
2. केवल I और II अनुसरण करता है।
3. केवल II और III अनुसरण करते हैं।
4. केवल I और III अनुसरण करते हैं।
5. सभी अनुसरण करते हैं।

58. **कथनः** चैनल में से एक के द्वारा यह रिपोर्टिंग की गई है कि एक राज्य की बोर्ड परीक्षा के उत्तर पत्र का मूल्यांकन उसी कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा आदर्श उत्तर की सहायता से किया जा रहा है, जो कि परीक्षण द्वारा निर्देशित है।

**कार्यवाहियाँ** I. इस प्रकार के सभी परीक्षकों को तत्काल उनके आधिकारिक पदों से निलंबित कर दिया जाना चाहिए।

II. विद्यार्थियों द्वारा मूल्यांकित किए गए पत्रों को तत्काल जब्त कर लिया जाना चाहिए तथा सक्षम शिक्षकों द्वारा मूल्यांकित किया जाना चाहिए।

III. बोर्ड को इस परीक्षा के सभी उत्तर पत्रों की कम्प्यूटरीकृत मशीनों द्वारा मूल्यांकित करने की संभावनाओं की छानबीन करनी चाहिए। यद्यपि वे दूरस्थ हैं।

1. केवल I अनुसरण करता है।
2. केवल II अनुसरण करता है।
3. केवल III अनुसरण करता हैं।
4. केवल I और II अनुसरण करते हैं।
5. सभी अनुसरण करते हैं।

59. **कथनः** छात्रों की एक बड़ी संख्या जिसने देश में कक्षा XII की टर्मिनल परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। कॉलेजों में प्रवेश नहीं पा सकी, क्योंकि उपलब्ध जगहों की संख्या अपर्याप्त है।

**कार्यवाहियाँ** I. कक्षा XII की टर्मिनल परीक्षा की मूल्यांकन पद्धति को और कठिन बनाया जाना चाहिए, जिससे कि बहुत कम विद्यार्थी सफल हों।

II. सरकार को निजी क्षेत्र को सस्ते दर पर जमीन मुहैय्या कराकर नए कॉलेज खोलने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

III. अमीर लोगों को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में भेजने के लिए कहना चाहिए, जिससे कि जरूरतमंद छात्रों को अपने देश के भीतर के कॉलेजों में दाखिला मिल सके।

1. केवल I अनुसरण करता है।
2. केवल II अनुसरण करता है।
3. केवल II और III अनुसरण करते हैं।
4. केवल I और II अनुसरण करते हैं।
5. इनमें से कोई नहीं।

60. **कथनः** कच्चे तेल के उत्पादन में OPEC सदस्यों द्वारा एकमत से कटौती करने का निर्णय किए जाने के कारण अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में काफी वृद्धि हुई है।

**कार्यवाहियाँ** I. भारत सरकार को पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य में तत्काल वृद्धि करनी चाहिए।

II. सरकार को घरेलू तेल कूपों से कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि करनी चाहिए।

III. सरकार को अपने तेल भंडार के संसाधनों के प्रयोग द्वारा कच्चे तेल के मूल्य में वृद्धि कर लेना चाहिए।

1. केवल I अनुसरण करता है।
2. केवल I और II अनुसरण करते हैं।
3. केवल II और III अनुसरण करते हैं।
4. केवल II अनुसरण करते हैं।
5. इनमें से कोई नहीं।

61. **कथनः** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर PMO को एक धमकी भरा फोन आया कि अगले दिन झंडा फहराने के कार्यक्रम से प्रधानमंत्री को दूर रखें।

**कार्यवाहियाँ** I. प्रधानमंत्री को झंडा नहीं फहराना चाहिए एवं उनके स्थान पर गृह मंत्री को ऐसा करना चाहिए।

II. प्रधानमंत्री को ऐसे फोन कॉल को अनदेखा कर देना चाहिए एवं उसकी जगह तय कार्यक्रम के लिए जाना चाहिए।

III. सरकार को कार्यक्रम का स्थान बदल देना चाहिए।

1. केवल I और II अनुसरण करते हैं।
2. केवल II और III अनुसरण करते हैं।
3. केवल II अनुसरण करते हैं।
4. केवल I और III अनुसरण करते हैं।
5. इनमें से कोई नहीं।

62. **कथनः** कुछ बैंक अपने ग्राहकों के अतिरिक्त अन्य बाहरी ग्राहकों को माँग ड्राफ्ट जारी नहीं कर रहे हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. बाहरी ग्राहकों को संबद्ध बैंक प्रबंधक से निवेदन करना चाहिए कि इस संदर्भ में सहायता करे एवं सम्बन्धित बैंक अधिकारियों को इसके अनुसार निर्देश दें।

II. ग्राहकों को उन बैंकों में जाना चाहिए, जो बिना किसी शर्त के ऐसी सेवाएं दे रहे हैं।

III. ग्राहकों को तत्काल संबद्ध बैंक में अपना खाता खोल लेना चाहिए।

1. केवल I अनुसरण करता है।
2. केवल I और II अनुसरण करता है।
3. केवल II अनुसरण करते हैं।
4. केवल II और III अनुसरण करते हैं।
5. इनमें से कोई नहीं।

63. **कथनः** रेल यात्रा के दौरान दो यात्री LPG गैस सिलेण्डर ले जाते हुए पकड़ गए हैं।

**कार्यवाहियाँ** I. पुलिस को उन्हें तत्काल सलाह देनी चाहिए कि अगले स्टेशन पर उतर जाएं।
II. पुलिस को उनके विरुद्ध उचित कार्यवाही करनी चाहिए।
III. पुलिस को सिलेण्डर खाली कर देना चाहिए।

1. केवल I और II अनुसरण करते हैं।
2. केवल II और III अनुसरण करते हैं।
3. केवल I और III अनुसरण करते हैं।
4. केवल II अनुसरण करता है।
5. केवल III अनुसरण करता है।

64. **कथनः** मेट्रो स्टेशन पर लगाई गई लिफ्ट में महिलाओं के लिए पुरुष यात्रियों द्वारा की जाने वाली छेड़छाड़ से बचना कठिन है।

**कार्यवाहियाँ** I. पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक लिफ्ट उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
II. ऐसी घटनाओं पर नजर रखने के लिए कुछ सुरक्षा कर्मचारी लगाए जाने चाहिए।
III. पुरुष यात्रियों के लिए कोई लिफ्त नहीं होनी चाहिए।

1. केवल I और III अनुसरण करते हैं।
2. केवल II अनुसरण करता है।
3. केवल I और II अनुसरण करते हैं।
4. केवल II और III अनुसरण करते हैं।
5. इनमें से कोई नहीं।

65. **कथनः** बैंक के भर्ती विभाग द्वारा भावी प्रत्याशियों को जारी किए गए प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र का गलत पता था और इससे प्रत्याशियों के बीच भारी भ्रम पैदा हो गया तथा परिणामस्वरूप वो केन्द्र पर देरी से पहुंचे।

**कार्यवाहियाँ** I. इस घटना के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए परीक्षा नियंत्रक को उचित कदम उठाने चाहिए।
II. बैंक ने प्रत्याशियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वो समय से पूर्व ही परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जाए।
III. प्रत्याशियों को इस सम्बन्ध में शिकायत करनी चाहिए यदि वो परीक्षा में असफल हो जाते हैं।

1. केवल I अनुसरण करता है।
2. केवल II अनुसरण करता है।
3. केवल I और III अनुसरण करते हैं।
4. केवल I और II अनुसरण करते हैं।
5. इनमें से कोई नहीं।

## व्याख्या सहित उत्तर

1. I को अस्वीकृत किया जाता है, क्योंकि सामान्यतया पुलिस रात में भी गश्त लगाती है। II सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि इसमें खतरा है।
2. e I सलाह योग्य है, क्योंकि यह और अधिक रोगियों को सीमित करेगा। II सलाह योग्य है क्योंकि एक ठीक सुविधा से रोगियों के इलाज में सहायता मिलेगी।
3. e I सलाह योग्य है, क्योंकि यह इस प्रकार की दुर्घटनाओं के और होने को सीमित करेगा। II सलाह योग्य है, क्योंकि यह दुर्घटना का कारण जानने में मदद करेगा।
4. c I एवं II दोनों उपयुक्त हैं, क्योंकि ये योजना को ठीक-ठीक लागू करने के आवश्यक चरण हैं।
5. a नई फसल के भंडारण के लिए तैयार होने के लिए सलाह-I योग्य है। II तर्कसंगत है।

6. d I समस्या को हाथ में लेने का सही तरीका नहीं है, क्योंकि यह कार्रवाई समस्या को कम करने में मदद नहीं करेगी। अत: I सलाह के योग्य नहीं है। उसी आधार पर II सलाह के योग्य नहीं है।

7. e I एवं II दोनों सलाह के योग्य हैं, क्योंकि यह भुगतान नहीं करने वालों (defaulters) की संख्या को कम करेगा।

8. b

9. a I सलाह योग्य है, क्योंकि इन संस्थाओं द्वारा सचेतता से वांछित उद्देश्य को पाने के लिए लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। II तर्क संगत नहीं है।

10. e I एवं II दोनों सलाह है, क्योंकि दोनों कार्यवाहियाँ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के ग्राहकों पर पकड़ मजबूत करेगी।

11. b चीनी के मूल्य में कमी से निश्चित रूप से उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, लेकिन यह किसानों या सरकार के लिए वांछनीय भी नहीं हो सकते। -------

12. a

13. -----------

14. b I एक व्यावहारिक तरीका नहीं है। II अनुसरण करता है, क्योंकि नकली शराब बेचना एक आपराधिक कृत्य है।

15. d I सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि 40 प्रतिशत से कम मतदान पर पूरी चुनाव प्रक्रिया रद् करने के सम्बन्ध में कोई नियम नहीं है। II मतदाताओं के लिए काफी कठोर उपाय है, इसलिए II भी सलाह योग्य नहीं है।

16. c I सलाह योग्य है, क्योंकि जब पानी का संकट उत्पन्न होता है, तो आपूर्ति में आंशिक कटौती उपयोगी होती है। II भी सलाह योग्य है, क्योंकि लोगों द्वारा पानी का अल्पतम उपयोग पानी संरक्षण में सहायता करेगा तथा भविष्य में बिना रुकावट के आपूर्ति को सुनिश्चित करता है।

17. I सलाह योग्य है क्योंकि यह गलत प्रश्न-पत्र के शिकार लोगों को एस अवसर देगा। II भी सलाह योग्य है, क्योंकि गलत प्रश्न-पत्र के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई इस प्रकार के दूसरे लोगों को एक सही संदेश देगी।

18. a I सलाह योग्य है, क्योंकि यह लोगों की असुविधा को कम करेगा। II सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि यह एक आखिरी कार्रवाई है।

19. b I सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि यह एक कठोर कार्रवाई है। II सलाह योग्य है, क्योंकि यह एक सही तथा विवेकपूर्ण तरीका है।

20. d 1 सलाह योग्य है, क्योंकि यह समस्या को कुछ हद तक कम करेगा। II सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि लोगों को इस तरह की सलाह देना मूर्खतापूर्ण है।

21. d I सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि यह आखिरी कार्रवाई है। उपयोगिता कम्पनी के सारे लाइसेंस तत्काल क्यों निलंबित किए जाने चाहिए? II सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि जलने से घावों से बचने के लिए लोगों को घटना की जगह से दूर रहना चाहिए, क्योंकि जरूरी नहीं है कि घर के भीतर ही रहें।

22. d I सलाह योग्य है, क्योंकि दंड का डर लोगों को अपराध करने से रोकेगा। इसलिए इंटरनेट हैकिंग के मामलों की संख्या के कम होने की संभावना है। II सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि यह इंटरनेट प्रयोक्ताओं को काम करने में बाधा डालेगा।

23. a I सलाह योग्य है, क्योंकि यह विद्यार्थियों की मध्यवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश सम्बन्धित समस्या को कम करेगा। II सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि यह केवल अधिशेष विद्यार्थियों के बदले सभी विद्यार्थियों को समावेशित करेगा।

इसके अतिरिक्त II एक अव्यवहारिक कार्यवाही है, क्योंकि इससे विलम्ब भी होगा।

24. e II सलाह योग्य है, क्योंकि नियमित पानी आपूर्ति में कमी पानी का संरक्षण करेगा, जिसको पानी के संकट के दौरान उपयोग में लाया जा सकता है। I भी जरूरी है।

25. e I सलाह योग्य है, क्योंकि यह रेलगाड़ियों के पुन: बिना किसी रुकावट के चलने को सुनिश्चित करता है। II सलाह योग्य है, क्योंकि यह दूसरे यात्रियों की असुविधा को कम करेगा।

26. a इस तरह की हड़ताल से वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि हो सकती है तथा लोगों के लिए असुविधा उत्पन्न कर सकती है। इसलिए I सलाह योग्य है। II बहुत कमजोर है।

27. a I सलाह योग्य है, क्योंकि यह बहुत बड़ी संख्या में यात्रियों को आकर्षित करेगा। II सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि राजस्व में कमी की वजह से दूसरी समस्या खड़ी कर देगा।

28. c सरकार के निर्णय की वजह से जो कमियाँ उत्पन्न हुई है, उन्हें खत्म करने की आवश्यकता है और इसे संस्था के राजस्व में वृद्धि करके समाप्त किया जा सकता है। अब राजस्व में वृद्धि कैसे की जा सकती है? स्पष्टत: या तो लड़कों की संख्या बढ़ाकर या शुल्क ढाँचे को व्यावहारिक बनाकर।

29. c I निश्चित रूप से पलायन को नियंत्रित करने में मदद करेगा, लेकिन यदि कोई I के लिए तैयार नहीं हो तो II उसकी स्वतंत्रता खरीदने में उसकी मदद कर सकता है।

30. c I नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करने तथा स्थिति को नियंत्रित करने में I एवं II दोनों मदद करेगा, इसलिए I एवं II सलाह योग्य हैं।

31. b अल्पकालिक समाधान के रूप में I सलाह योग्य प्रतीत होता है। दीर्घकालिक समाधान के लिए II सलाह योग्य है, लेकिन शब्द सभी पर ध्यान दें। सभी वाहनों को काम पर लगाना व्यावहारिक विकल्प नहीं है। अत: I अनुसरण नहीं करता है। यह निकट भविष्य में इस तरह की संभावनाओं को कम करने में मदद करेगा, इसलिए I एवं II दोनों सलाह योग्य हैं।

32. d पुलिसमैन की कमी की वजह से I व्यावहारिक नहीं है। II मूर्खतापूर्ण है।

33. e I सलाह योग्य है, क्योंकि कष्ट में लोगों के लिए राहत पैकेज दल सहायक होगी। II सलाह योग्य है, क्योंकि आश्रय भी एक समस्या है।

34. d I एक कठोर कार्रवाई है। यह बहुत विद्यार्थियों का भविष्य खराब कर सकता है। II सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि अंतिम वर्ष की डिग्री परीक्षा में शामिल होने वाला एक विद्यार्थी इतना परिवक्व हो जाता है कि प्राधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुसरण कर सके, इसलिए माता-पिता को बुलाने की आवश्यकता नहीं है।

35. d I व्यवहार्य विकल्प नहीं है। सरकार इस स्थिति में नहीं है कि इस प्रकार के इंजीनियरों को लाड़-प्यार कर सके। II एक सलाह योग्य विकल्प है, लेकिन शब्द 'तत्काल' समस्या खड़ी करता है। प्रक्रिया पर भी कुछ बल देना चाहिए। कॉलेजों को चेतावनी देना तथा उनको ''करो या मरो'' का संदेश देना अच्छी धारणा हो सकती है।

36. a I अनुसरण करता है, क्योंकि कर्मचारियों की क्षमता को बनाए रखना एक अच्छी संस्था का उद्देश्य होता है। II एक अमान्य कार्यवाही है और इसका अनुसरण नहीं होना चाहिए।

37. b I अनुसरण नहीं करता है, क्योंकि यह पर्यावरण के विरुद्ध है। II एक बेहतर विकल्प है कि लोगों को वैकल्पिक फर्नीचर लेने चाहिए।

38. d दोनों ही अनुसरण नहीं करते हैं। I में पुलिस द्वारा ऐसे मामलों की जाँच अनपेक्षित है एवं II में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात कहने की संवैधानिक स्वतंत्रता है।

39. e I अनुसरण करता है, क्योंकि शराब एवं सिगरेट दोनों ही असामाजिक एवं नुकसानदायक हैं इनकी चेतावनी स्वागत योग्य है। II अनुसरण करता है, क्योंकि सिगरेट एवं शराब से नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाना अच्छा कदम है।

40. a I अनुकरण करता है, क्योंकि सिगरेट एक अनुभव प्रशिक्षक की नियुक्ति एक अच्छा कदम हो सकता है एवं भारतीय टीम का प्रदर्शन मजबूत हो सकता है। II समस्या को हल नहीं कर रहा बल्कि इससे दूर जा रहा है।

41. e दोनों ही कदम अनुकरणीय हैं। I सुरक्षा कर्मचारियों की नियुक्त एवं II बच्चों की भागीदारी की उचित देखरेख सही कदम है।

42. e I एवं II दोनों अनुसरण करते हैं। I में फुटपाथ पर रहने वाले लोगों का पुनर्वास अवश्य होना चाहिए। II में स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर ध्यान देना सभ्य समाज के लिए जरूरी है।

43. a I अनुसरण करता है। यह प्रत्याशियों के लिए उचित कदम है और बैंक को इस मामले के सभी पहलुओं को देखते हुए निर्णय लेना चाहिए। II अनुसरण हीं करता है, क्योंकि यह बच्चों के साथ न्याय नहीं है एवं वे लम्बे समय के लिए प्रतिक्षा नहीं कर सकते तथा यह नए योग्य प्रत्याशियों के अवसरों को समाप्त करता है।

44. b I अनुसरण नहीं करता है। यह असामाजिक कदम है एवं शिक्षा के विरुद्ध जाता है, जबकि II भी अनुसरण नहीं करता है, परन्तु कुछ परिणाम दिलाने में सक्षम है तथा विद्यार्थियों को अपने अधिकारों का उपयोग करना चाहिए।

45. a I अनुसरण करता है, क्योंकि खाते के जरूरी लेन-देन की शर्त के अनुसार ग्राहकों को अपनी लेन-देन बढ़ा लेनी चाहिए, जबकि II अवैध है, क्योंकि किसी को भी सीधे RBI नहीं जाना चाहिए।

46. d न तो बच्चों को फीस न देने की बात करना न ही उपभोक्ता फोरम जाना एक अच्छा समाधान है। II में निजी संस्था के मामले में सरकार कोई नोटिस नहीं दे सकती है।

47. a I अनुसरण करता है, क्योंकि लोगों को ऐसे बिचौलियों के विरुद्ध शिकायत करनी चाहिए। III अनुसरण नहीं करता है। यह सभी अनाधिकृत व्यक्तियों के पक्ष में होगा।

48. d I स्थिति का हल करने के बजाय इसे जटिल बनाता है। II एक कठोर कार्यवाही है।

49. a I अनुसरण करता है, क्योंकि ऐसे लोगों को दंडित करना सही कदम है। II अनुसरण नहीं करता है, क्योंकि यह समस्या को हल नहीं कर रहा, बल्कि उससे दूर जा रहा है।

50. d न तो I न ही II अनुसरण करता है, क्योंकि I में चिंता न करना समस्या का कोई समाधान नहीं है, जबकि II में पुन: रद्दीकरण का अनुरोध करने के बजाय शिकायत करना सही कदम है।

51. d I तो I न ही II अनुसरण करता है, क्योंकि I में पेट्रोल पम्प खोलने के पहले सरकार को कोई इससे होने वाली ट्रैफिक समस्या के बारे में सोचना चाहिए न कि बाद में। II में यह व्यवहारिक समाधान नहीं है। इससे बड़ी इमारतों और दुकानों को हटाना पड़ सकता है।

52. b I अनुसरण नहीं करता है, क्योंकि यदि किसी विशेष बैंक की होती, तभी खाते बंद करना एक सही समाधान हो सकता था, लेकिन यह एक आम बात है, तो ग्राहक कहीं जाएंगे। I में हम सभी बैंकों की बात कर रहे हैं। अत: खाते बंद करना कोई सही समाधान नहीं है। II अनुसरण करता है, क्योंकि यह कदम कुछ हल ला सकता है।

53. e I अनुसरण करता है, क्योंकि उचित व्यवस्था यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। II भी अनुसरण करता है, क्योंकि सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के मामले में जुर्माना एक अच्छा कदम है।

54. e I व II दोनों अनुसरण करते हैं। I में संस्थान को पड़ताल करनी चाहिए, ताकि जरूरी सुधार कर सके। II में संस्थान को और अधिक विज्ञापन करना चाहिए जो कि और बच्चे पाने का अच्छा रास्ता है।

55. e I व II दोनों अनुसरण करते हैं। I में निजी निकाय अधिक सक्षमता से पौधों की देखभाल कर सकती है। II में सरकार को जिम्मेवार लोगों के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए।

(56-65)

56. e I सलाह योग्य है, क्योंकि यह स्थिति को बिल्कुल खराब होने से रोकेगा। II सलाह योग्य है, क्योंकि यह तुरन्त प्रतिक्रिया देने में सहायक होगा। III भी सलाह योग्य है, क्योंकि गर्म गवाओं से पीने वाले पानी की कमी होती है।

57. e प्रभावी उपाय एवं उचित दंड कदाचार के मामलों की संख्या की कमी में सहायक होगा। III सलाह योग्य है, क्योंकि कदाचार शिक्षा के ढाँचे को हानि पहुंचाता है।

58. b I अनुसरण नहीं करता है, क्योंकि यह बहुत कठोर कार्यवाही है, बल्कि परीक्षकों को चेतावनी देनी चाहिए। II अनुसरण करता है, क्योंकि केवल इससे ही वैसे विद्यार्थियों को जिनके साथ गलत हुआ है, वास्तविक लाभ होगा। III अनुसरण नहीं करता है, क्योंकि कम्प्यूटरीकरण तभी काम करता है, जब प्रश्त वस्तुनिष्ठ प्रकार के हों।

59. b I मूर्खतापूर्ण है, इसलिए I सलाह योग्य नहीं है। II सलाह योग्य है, क्योंकि यह शिक्षा को जारी रखने वाले अधिक विद्यार्थियों को समावेशित करेगा। III अव्यावहारिक है, इसलिए सलाह योग्य नहीं है।

60. c I सलाह योग्य नहीं है, क्योंकि इसमें दूसरे उत्पादों के मूल्यों में वृद्धि होगा। II सलाह योग्य है, क्योंकि माँग को पूरा करने में सहायक होगा। III भी सलाह योग्य है, क्योंकि यह एक सहारे की तरह काम करेगा।

61. e कोई अनुसरण नहीं करता है। I में झंडा फहराने की जगह हमें उचित सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। II में इस तरह की धमकियाँ अनदेखी नहीं की जा सकती है। III में स्थान बदलना हमारी समुचित सुरक्षा व्यवस्था न कर पाने की अक्षमता साबित करता है।

62. b I एवं II अनुकरण करते हैं। I में ऐसी समस्याओं को हल करने का यह वैध तरीका है। II में यह स्वाभाविक है कि ग्राहक उस बैंक में जाएंगे जो ऐसी सुविधा देता हो। III में सभी ग्राहकों के लिए यह संभव नहीं है कि वो तुरन्त अपना खाता खोल लें।

63. d केवल II अनुसरण करता है। I में यात्री एक रेलगाड़ी से उतारे जाने पर दूसरी गाड़ी पकड़ सकता है और समस्या ज्यों की त्यों रहेगी। II में एक सही कदम है। III एक व्यावहारिक हल नहीं है।

64. c I एवं II अनुसरण करते हैं। I में अलग लिफ्ट सुविधा समस्या को हल करती है। II में सुरक्षाकर्मी लगाना छेड़छाड़ को रोकेगा। III व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि कुछ पुरुष यात्री जैसे बूढ़ों एवं विकलांगों को लिफ्ट सुविधा की जरूरत है।

65. a केवल I अनुसरण करता है। I में परीक्षा नियंत्रक द्वारा यथोचित कदम उठाना ही उचित एवं सही कदम है। II में गलत पता होने की स्थिति में उम्मीदवार परीक्षा केन्द्र पर समय रहते नहीं पहुंच सकते भले ही उन्होंने पर्याप्त समय पास रखते हुए अपना स्थान छोड़ा हो। III अर्थहीन कदम है।

❒❒❒❒
❒❒❒
❒❒

# इकाई-4

# कथन एवं तर्क (Statement & Argument)

**कथन** (Statement/Premise):-कथन एक ऐसा वाक्य होता है, जिसके द्वारा हम अपनी आन्तरिक सोच-विचार अथवा किसी बात को व्यक्त करने में समर्थ होते हैं। ये सोच-विचार विशेषकर प्रश्नवाचक होते हैं। चूंकि कथन के द्वारा हम किसी प्रश्न का सही हल ढूंढना चाहते हैं। कहने का अर्थ यह है कि कथन कोई न कोई सवाल करता है, जिसका उत्तर तर्क के आधार पर दिया जाता है।

***''किसी विषय के संदर्भ में दी गई अभिव्यक्ति कथन कहलाता है।''***

**तर्क** (Arrangement):-तर्क वह वाक्य होता है, जो कथन की प्रवृत्ति को बताता है। तर्क 'कथन' के समर्थन तथा विरोध को स्पष्ट करता है। बिना तर्क के कथन से कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि कथन एवं तर्क के आधार पर ही किसी अवधारणा (Concept) के 'कारण' तथा 'निष्कर्ष' के मध्य संबंध स्थापित करने में मदद मिलती है। किसी कथन का निष्कर्ष क्या निकेलगा इसके लिए तर्क अति आवश्यक है।

## ▸▸ प्रश्नों की प्रकृति

कथन एवं तर्क से पूछे गये प्रश्नों में कथन एवं तर्क दोनों दिए जाएंगे। कथन केवल एक होगा, उसके तर्क एक या एक से अधिक हो सकते हैं। विद्यार्थी को दिए गए कथन के आधार पर यह तय करना होगा कि जो तर्क दिया गया है उसका संबंध कथन से है या नहीं। यदि तर्क एक से अधिक हों तो यह सुनिश्चित करना होता है कि कौन-सा कथन सशक्त है, कौन-सा नहीं। दिए गए कथन से यदि तर्क का संबंध है, तो तर्क सही होता है, इसके विपरीत यदि कथन से तर्क का संबंध नहीं है तो तर्क गलत है। किसी भी दिए गए कथन का तर्क प्रबल व अप्रबल (कमजोर) दोनों ही प्रकार का हो सकता है। तर्क के प्रबल होने पर तर्क कथन से संबंधित होता है।

## ▸▸ तर्क का चुनाव

दिये गये कथन के तर्क का चुनाव करते वक्त निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-

(i) सबसे पहले इस बात पर ध्यान दें कि कोई भी धारणा व्यक्तिगत भावना होती है, जो सत्य या असत्य दोनों हो सकती है। अत: आपको सलाह दी जाती है कि किसी भी पूर्वधारणा से प्रभावित होकर तर्क सही गलत नहीं ठहराना चाहिए।

(ii) जब भी तर्क पर विचार करें, धारणा (व्यक्तिगत भावना) को हावी न होने दें उसे एक तरफ रखते हुए तर्क का चुनाव करें।

(iii) किसी विशेष व्यक्ति के द्वारा कहा गया कथन या सम्मानीय अथवा वरिष्ठ व्यक्ति द्वारा कहा गया कथन या विचार कथन के तर्क की प्रबलता व सुनिश्चितता को बढ़ा देगा या बिल्कुल आवश्यक नहीं है।

(iv) तर्क तथ्यों पर आधारित है और तथ्यपूर्ण विचारों द्वारा विश्लेषित किया गया है, तो वह सही अथवा प्रबल होगा।

(v) ध्यान रहे मीडिया के द्वारा (समाचार-पत्र, टीवी न्यूज, विज्ञापन आदि) किसी कथन के तर्क को प्रबल बनाया जा सकता है, आवश्यक नहीं है।

(vi) तर्क सदैव आदर्शपरक एवं व्यापक रूप से सत्यता पर आधारित होना चाहिए। तर्क को किसी घटना, विशेषता या उदाहरण के आधार पर प्रबल या सत्य नहीं ठहराना चाहिए।

(vii) यदि दिया गया तर्क घुमा-फिराकर दिया गया है, तो वह सत्य/प्रबल नहीं हो सकता।

(viii) सामाजिक व सांस्कृतिक मान्यताओं एवं तथ्यों की अवहेलना करने वाले तर्क नहीं हो सकते।

(ix) किसी विस्तृत समूह, संस्था, समिति, देश आदि के द्वारा स्वीकृत तर्क हमेशा सही नहीं होते। अत: परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि ऐसे तर्कों को सीधे इसलिए सही नहीं मान लेना चाहिए, क्योंकि बड़े समूह द्वारा स्वीकृत हैं। ऐसे तर्कों को खारिज भी किया जा सकता है।

(x) तर्क में किसी अन्य देश, क्षेत्र, स्थान व भाषा का प्रभाव नहीं होना चाहिए।

अत: उपरोक्त से स्पष्ट है कि तर्क हमेशा ऐस हों जो व्यापक रूप से स्वीकार किए जा सकें, सत्यपूर्ण तथ्यों पर आधारित हो, आदर्शपूर्ण तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक तथ्यों पर आधरित हो। ध्यान रहे ये सभी परिस्थितियाँ देश, स्थान, समय, व्यक्ति आदि के अनुसार समान हो जरूरी नहीं है। साथ ही भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप हों। जब भी तर्कपूर्ण प्रश्नों को हल करना हो तो विद्यार्थी को ऐसा संतुलित अनुकूल रवैया अपनाना चाहिए, जिससे स्थिति अनुकूल बनी रहे, जिससे हल अधिक से अधिक सकारात्मक तथा सही निकालें जा सकें।

## PRACTICESET

**निर्देश:** नीचे दिये गये प्रश्नों में एक कथन तथा दो तर्क दिए गये हैं। कथन के आधार पर कौन-का तर्क प्रबल है, उसी के अनुसार उत्तर विकल्प का चयन करें।

विकल्प चुनिये यदि-

(a) केवल तर्क I प्रबल है। (b) केवल तर्क II प्रबल है।

(c) केवल I या केवल II प्रबल है (d) न तो I और न II प्रबल हैं।

(e) दोनों तर्क प्रबल हैं।

1. **कथन:** क्या 500 व 1000 के नोट बंद कर देने चाहिए?

**तर्क** I. नहीं, इससे पैसा का कानूनी तौर पर आवागमन रुक जाएगा।

II. हाँ, इससे बहुत हद तक काले धन, नकली मुद्रा, भ्रष्टाचार तथा घूसखोरी पर काबू पाया जा सकता है।

2. **कथन:** **क्या महानगर आर्थिक विकास के केन्द्र हैं?**

**तर्क:** I. नहीं, महानगरों में अपर्याप्त व्यवस्था के कारण अनेक समस्याएं हैं।

II. हाँ, महानगर धनोपार्जन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

3. **कथन:** **क्या महानगरों की स्थिति में सुधार हेतु द्वितीय श्रेणी के नगरों के विकास पर ध्यान दिया जाना चाहिए?**

**तर्क:** I. नहीं, ऐसा करने से महानगरों में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है।

II. हाँ, ऐसा करने से महानगरों की वृद्धि दर को कम किया जा सकता है।

4. **कथन:** **क्या एफआईआर वेबसाइट पर अपलोड की जानी चाहिए?**

**तर्क:** I. नहीं, इससे शिकायकर्ता की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

II. हाँ, इससे पुलिस की कार्यप्रणाली में प्रदर्शिता आएगी, साथ ही आम आदमी/नागरिक को भी फायदा होगा।

5. **कथन: क्या महानगरों की समस्याओं को सुलझाने में नवीन प्रौद्योगिकी एक प्रमुख हथियार है?**

**तर्क:** I. नहीं, क्योंकि इन्हें अपनाने में अधिक धन एक रोड़ा बन सकता है।

II. हाँ, प्रौद्योगिकी चुनौतियों का सामना करने के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराती है।

6. **कथन: क्या दिल्ली में निजी कारों पर रोक लगानी चाहिए?**

**तर्क:** I. हाँ, क्योंकि ये सड़क का अधिकतर हिस्सा घेरती है और परिवहन में मात्र 1-2 प्रतिशत ही सहायक हैं। साथ ही ये सड़कों पर भीड़-भड़क्के और प्रदूषण को बढ़ावा देती है।

II. नहीं, ऐसा करने पर कुछ विशेष व्यक्तियों को असुविधा हो सकती है।

7. **कथन: क्या अपराधी नेताओं को विशेष कानून की सुविधा देनी चाहिए?**

**तर्क:** I. नहीं, क्योंकि कानून प्रत्येक नागरिक के लिए समान है।

II. हाँ, क्योंकि नेता यदि कोई अपराध करता है, तो उसके पास बचाव के लिए अच्छे प्रतिष्ठित वकील होते हैं।

8. **कथन: क्या गाँवों में छोटे कुटीर उद्योगों के विकास को महत्व देना चाहिए?**

**तर्क:** I. नहीं, ऐसा करने से किसान कृषि पर कम ध्यान देंगे।

II. हाँ, क्योंकि लोगों का गाँवों से पलायन घटेगा।

9. **कथन: क्या टेलीविजन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा देना चाहिए?**

**तर्क:** I. हाँ, क्योंकि यह हमारे युवाओं के नैतिक मूल्यों को खत्म कर रहा है।

II. नहीं, यह देश-दुनिया के विषय में जानकारी देने वाला एकमात्र साधन है।

10. **कथन: क्या महिलाओं के जीन्स पहनने पर पूरी तरह रोक लगा देनी चाहिए?**

**तर्क:** I. हाँ, क्योंकि इससे पुरुष वर्ग की अपराधिक भावना को बल मिलता है।

II. नहीं, महिलाएं कम आकर्षक लगेंगी।

11. **कथन: क्या बाल श्रम खत्म कर देना चाहिए?**

**तर्क:** I. हाँ, बाल वर्ग को शिक्षित व विकसित करने में सहायक होगा।

II. नहीं, इससे एक बड़े कार्यशील वर्ग की कमी हो सकती है, जिससे बाल अपराध बढ़ेंगे।

12. **कथन: क्या आँगनवाड़ी में बच्चों को दिये जाने वाले भोजन पर रोक लगा देनी चाहिए?**

**तर्क:** I. हाँ, चूंकि इसका फायदा सीधे बच्चों को नहीं मिल पाता है, बल्कि बिचौलिया लोग मुनाफा कमा लेते हैं।

II. नहीं, इससे पढ़ने आने वाले बच्चों की संख्या में कमी आएगी। साथ ही उन्हें पौष्टिक आहार भी नहीं मिल पाएगा।

13. **कथनः** **शिक्षा संस्थान के 2मी. के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना अपराध है?**

**तर्कः** I. हाँ, इससे बच्चों में धूम्रपान करने की प्रवृत्ति पर रोक लगेगी।

II. हाँ, पर्यावरण प्रदूषण मुक्त रहेगा, जिससे शैक्षिक वातावरण पर अनुकूल प्रभाप पड़ेगा।

14. **कथनः** **क्या मनरेगा से ग्रामीण लोगों के रोजगार एवं स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा?**

**तर्कः** I. हाँ, इससे ग्रामीण मजदूरों का पलायन रुका है।

II. हाँ, यह भ्रष्टाचार एवं अक्रमण्यता के कारण उतना प्रभाव नहीं दिखा पाया है।

15. **कथनः** **क्या सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर धार्मिक स्थल बनाया जाना अनुचित है?**

**तर्कः** I. हाँ, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, यहाँ सभी धर्मावलंबियों को पूजा उपासना की स्वतंत्रता है।

II. नहीं, धार्मिक आस्था व्यक्तिगत मामला है। सरकारी सम्पत्ति का उपयोग व्यक्तिगत मामलों के लिए नहीं किया जा सकता है।

16. **कथनः** **क्या महंगाई लोगों के राष्ट्रीय आय में वृद्धि के कारण आई है?**

**तर्कः** I. नहीं, राष्ट्रीय आय में वृद्धि के बावजूद गरीबों का प्रतिशत बढ़ा है।

II. नहीं, महंगाई में वृद्धि उत्पादन, विपणन, भ्रष्टाचार, कालाधन आदि के कारण है।

## उत्तर व्याख्या सहित (1-16)

1. (b) कथन के अनुसार तर्क II सही है, क्योंकि इससे कालेधन, भ्रष्टाचार, घूसखोरी आदि पर कुछ हद तक काबू किया जा सकता है। तर्क I गलत है, क्योंकि कानूनी तौर पर पैसा का आवागमन चेक द्वारा, बैंक से सीधे ट्रांसफर द्वारा, एटीएम द्वारा भी हो सकता है। इससे गैर कानूनी काले धन के आवागमन पर रोक लग सकती है न कि कानूनी तौर पर। अत: तर्क II सही है।

2. (b) केवल II तर्क प्रबल/सही है, क्योंकि महानगरों में धनोपार्जन करने, निवेश को आकर्षित करने तथा उत्पादकता और प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ाने में मानव तथा तकनीकी संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। तर्क I इसलिए गलत है कि अपर्याप्त सुविधाओं के कारण बुनियादी सुविधाओं जैसे शौचालय, पानी, बिजली, आवास आदि की कमी हो सकती है, जिसका कारण जनसंख्या दबाव, कम क्षेत्र, बुनियादी सुविधाओं की आपूर्ति तथा प्रशासनिक अव्यवस्था आदि हैं। अत: तर्क II प्रबल है।

3. (b) द्वितीय श्रेणी के नगरों के विकास से महानगरों की ओर अधिक पलायन रुक जाएगा, चूंकि उन्हें द्वितीय श्रेणी के नगरों में अपेक्षाकृत सभी सुविधाएं बेहतर उपलब्ध हो सकेंगी और रोजगार के अवसर भी। ऐसा करने से महानगरों में दिन-प्रतिदिन बढ़ती जनसंख्या वृद्धि में भी कमी आएगी। अत: तर्क I गलत तथा तर्क II सही है।

4. (b) तर्क II प्रबल/सही है। तर्क II के अनुसार ऐसा करने से पुलिस के कार्यों में होने वाली अपारदर्शिता तथा मनमानी धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने पर रोक लगेगी, जिससे पुलिस के कामकाज में पारदर्शिता आएगी। साथ ही आरोपी का असली ब्यौरा भी पीड़ित को मिल सकेगा।

5. (c) दोनों तर्क सही हैं, क्योंकि जरूरी नहीं है कि नवीन प्रौद्योगिकी हर क्षेत्र में अथवा प्रत्येक महानगर में कारगर हो, साथ ही इनके लिए अधिक धन की आवश्यकता होती है, जो एक समस्या बन सकता है। दूसरी ओर यह भी सत्य है कि प्रौद्योगिकी अधिक विकल्प प्रस्तुत करने के कारण चुनौतियों का सामना

करने के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराती है और नये बाजार, आर्थिक विकास तथा नए रोजगार के अवसर को जन्म देती है।

6. (c) दोनों में से कोई एक तर्क सही हो सकता है,क्योंकि रोक लगाने पर कुछ विशेष व्यक्ति जैसे, बड़े-बड़े व्यवसायिक व्यक्ति, कुछ अधिक विख्यात व्यक्ति आदि को असुविधा हो सकती है। इसके साथ इसमें भी कोई शक नहीं है कि ये कारें अधिक सघन यातायात, अधिक क्षेत्र घेरने व भीड़-भड़क्के, प्रदूषण आदि के लिए अधिक उत्तरदायी हैं और परिवहन अपेक्षाकृत नहीं के बराबर ही हैं।

7. (a) केवल तर्क I सही है, क्योंकि देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए संविधानिक तौर पर कानून एक समान ही लागू होता है। इसमें किसी विशेष व्यक्ति को छूट या सुविधा देने की कोई बात ही नहीं उठती।

8. (b) तर्क II सही है, क्योंकि जब गाँवों में गाँव के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा तो पलायन में कमी स्वाभाविक है। तर्क I गलत है, ऐसा करने से किसान को और अधिक लाभ होगा, चूंकि कृषि आधारित उत्पादों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। कृषि की ओर ध्यान कम देने से इसका कोई संबंध नहीं है।

9. (d) दोनों तर्क गलत हैं, क्योंकि तर्क I के अनुसार युवाओं के नैतिक मूल्य खत्म होने के पीछे और भी कारण हो सकते हैं। न केवल टीवी। तर्क II के अनुसार देश-दुनिया के विषय में हमें एकमात्र टीवी से ही नहीं बल्कि रेडियो, अखबार, मैगजीन, इंटरनेट आदि के द्वारा भी खबर मिलती है।

10. (d) दोनों तर्क गलत हैं, क्योंकि न तो महिला के जींस पहनने से पुरुषों की अपराधिक भावना प्रबल होगी और न ही महिला के आकर्षक लगने या दिखने के पीछे जींस कोई विकल्प है। अपराध की भावना के पीछे और भी बहुत सारे कारण हो सकते हैं। इसी प्रकार जींस से अधिक साड़ी में महिला आकर्ष, लग सकती है।

11. (a) तर्क I सही है। चूंकि बालश्रम को खत्म करना अत्यन्त आवश्यक है, इससे एक बहुत बड़े बाल वर्ग को उनका बचपन वापस मिलेगा, उन्हें शिक्षित किया जाएगा, उनका विकास होगा। तर्क II गलत है, क्योंकि कार्यशील वर्ग कम हो जाएगा। इस बात का कोई तर्क ही नहीं हो सकता है, वैसे ही इतने बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है।

12. (b) तर्क I गलत तथा तर्क II सही हैं। चूंकि तर्क I के अनुसार आंगनवाड़ी स्कूल बंद करना कोई विकल्प नहीं है, बिचौलियों से बचने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए।

13. (e) दिये गये कथन के आधार पर दोनों तर्क सही हैं।

14. (e) दोनों तर्क सही हैं।

15. (b) तर्क एक गलत है, क्योंकि धर्म व्यक्तिगत मामला है। अत: तर्क II सही है।

16. (e) दोनों तर्क प्रबल हैं।

# इकाई-5

# कथन और निष्कर्ष (Statement & Conclusion)

कथन एवं निष्कर्ष में कथन शब्द का अर्थ आपको अध्याय चार में स्पष्ट कर दिया गया है। कथन एक तरह से आधार वाक्य है, जिनके आधार पर ही तर्क, पूर्वधारणा तथा निष्कर्ष निकाले जाते हैं।

**निष्कर्ष (Conclusion):-**आधार वाक्य या कथन के मूल बिन्दु को जिसे केन्द्र में रखकर कोई बात कही जाती है, निष्कर्ष कहलाता है। निष्कर्ष किसी वाक्य या कथन का निचोड़ होता है। अत: ''निष्कर्ष वह है, जो किसी वाक्य या कथन के यथार्थ को व्यक्त करता है।''

## ▸▸ प्रश्नों की प्रकृति

1. एक कथन दिया जाएगा, जो किसी विशेष घटना, मान्यता, परिवेश, क्षेत्र, व्यक्ति, व्यवहारिक बातचीत, देश-विदेश या नीति से सम्बन्धित हो सकता है।
2. दिये गये कथन को ही सत्य माना जाएगा। बाहर से कुछ जोड़कर या सर्वज्ञात तथ्यों के आधार पर उसमें कुछ फेर-बदल करने की कोशिश नहीं की जाएगी।
3. कथन के नीचे एक, दो या तीन निष्कर्ष दिए जाएंगे, जिनमें से कथन के अनुसार तर्कसंगत निष्कर्ष को चुनना होगा।
4. निष्कर्ष चुनते समय ध्यान रहे कि निष्कर्ष कथन को पूर्ण रूप से स्पष्ट करता हो।

## PRACTICSET-1

निर्देश:-नीचे दिए गए सभी प्रश्न कथन एवं निष्कर्ष पर आधारित हैं। कथन के साथ उसके नीचे निष्कर्ष I व II दिये गये हैं। आपको कथन के अनुसार सही निष्कर्ष को चुनना है। चाहे दिये गये कथन भले ही विपरीत या सामान्य बातों के अनुकूल न हों। अत: विद्यार्थियों को फैसला करना है कि दिये गये निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथन के अनुसार सही निकलता है। उत्तर का चुनाव निम्न प्रकार करें:-

(a) यदि निष्कर्ष I कथन के अनुसार सही है।

(b) यदि निष्कर्ष II कथन के अनुसार सही है।

(c) यदि या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II कथन के अनुसार सही है।

(d) यदि निष्कर्ष I व II दोनों कथन के अनुसार सही हैं।

(e) यदि न तो निष्कर्ष I व न तो II कथन के अनुसार सही है।

1. **कथन:** सब उन्नतियों का मूल धर्म है। इससे सबके पहले धर्म की ही उन्नति करनी चाहिए।

**निष्कर्ष:** I. सभी कार्य धर्म के अनुसार होने चाहिए।

II. धर्म की उन्नति होने पर ही सभी की समान रूप से उन्नति होगी।

2. **कथन:** आचरण की सभ्यतामय भाषा सदा मौन रहती है। इसमें नाममात्र के लिए भी शब्द नहीं है।

**निष्कर्ष:** I. आचरण की भी अपनी एक भाषा होती है।

II. आचरण को शब्दों द्वारा व्यक्त नहीं किया जा सकता।

3. **कथनः** पुरुषार्थ दार्शनिक विषय है, पर दर्शन का जीवन से घनिष्ठ सम्बन्ध है।

**निष्कर्षः** I. पुरुषार्थ चिंतन-मनन का विषय है।

II. पुरुषार्थ दर्शन सम्बन्धित है मानव जीवन से नहीं।

4. **कथनः** साधारणत: शिक्षक योगी नहीं होता, पर उसका भाव वही होना चाहिए, जो किसी योगी का अपने शिष्य के प्रति होता है।

**निष्कर्षः** I. कोई भी अध्यापक योगी नहीं होता है।

II. सभी अध्यापक योगी नहीं होते, पर उनमें योगी जैसी भावना होनी चाहिए।

5. **कथनः** यदि भूमि और जन अपनी संस्कृति से विरहित कर दिये जाएं, तो राष्ट्र का लोप समझना चाहिए।

**निष्कर्षः** I. भूमि और मनुष्य को राष्ट्र के लोप के लिए संस्कृति से हटा देना चाहिए।

II. संस्कृति व राष्ट्र का कोई सम्बन्ध नहीं है।

6. **कथनः** दु:ख ईश्वर का वरदानी और अमृत है, क्योंकि दु:ख में अहंकार समाप्त हो जाता है और मनुष्य भगवान की ओर उन्मुख हो जाता है।

**निष्कर्षः** I. अहंकार का अभाव ईश्वर की कृपा से ही होता है।

II. हम दु:ख में अहंकार को भूलकर ईश्वर की ओर मुख करते हैं।

7. **कथनः** आचरण का विकास जीवन का परम उद्देश्य है। आचरणशील व्यक्ति ही उन्नति कर सकता है।

**निष्कर्षः** I. उन्नत जीवन के लिए आचरण का विकास अनिवार्य नहीं है।

II. आचरणहीन व्यक्ति कदापी उन्नति नहीं कर सकता।

8. **कथनः** अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानकर परम आनंद को प्राप्त करना है, तो इसके लिए योगाभ्यास करना होगा।

**निष्कर्षः** I. आत्म-साक्षात्कार का मुख्य साधन योगाभ्यास है।

II. शिक्षा का मुख्य उद्देश्य योगाभ्यास ही है।

9. **कथनः** सज्जनों की विशेषता यह है कि उनका प्रेम यदि किसी से एक बार हो जाए, तो वह स्थायी रहता है।

**निष्कर्षः** I. एक बार प्रेम करने के बाद साथ नहीं छोड़ने वाले व्यक्ति सज्जन होते हैं।

II. अभावग्रस्त व्यक्ति सज्जन नहीं हो सकते।

10. **कथनः** कुंती ने जब कर्ण से उसके जन्म की वास्तविकता बतायी और उसे अपने भाइयों के पास आ जाने के लिए कहा, तो कर्ण ने नैतिकता से परिपूर्ण होने के कारण दुर्योधन का साथ नहीं छोड़ा।

**निष्कर्षः** I. किसी व्यक्कित को आश्वासन देकर बीच में छोड़ना नैतिकता नहीं है।

II. चूंकि कर्ण कुंती से घृणा करता था।

11. **कथनः** राहुल के बोस ने उसे पूरे स्टॉफ के सामने बुरी तरह डांटा।

**निष्कर्षः** I. राहुल बोस का पुत्र था।

II. बोस उसे नौकरी से निकालना चाहता था।

12. **कथनः** सूर्य पूर्व से पश्चिम दिशा में पहुंचकर अस्त हो जाता है।

**निष्कर्ष:** I. सूरज पूर्व में उगता है और पश्चिम में अस्त होता है।

II. सूर्य स्थिर रहता है।

13. **कथनः** साफ हाथों से खाना खाना हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

**निष्कर्ष:** I. स्वस्थ्य व्यक्ति साफ हाथों से खाना खाते हैं।

II. अस्वस्थ्य व्यक्ति गंदे हाथों से खाना खाते हैं।

14. **कथनः** यदि आप अच्छे पढ़े-लिखे हैं, तो नौकरी मिलने की संभावना अधिक है।

**निष्कर्ष:** I. उन्हीं को नौकरी मिल सकती है, जो अच्छे पढ़े-लिखे हैं।

II. अनपढ़ व्यक्ति को कोई काम मिलना संभव नहीं है।

15. **कथनः** सभी बड़े व्यक्ति सम्मानीय होते हैं। राहुल के पिता बड़े हैं।

**निष्कर्ष:** I. राहुल के पिता सम्मानीय हैं।

II. राहुल अपमान के योग्य है।

## उत्तर व्याख्या सहित

1. (d) दोनों निष्कर्ष सहीं हैं, क्योंकि कथन में सभी प्रकार की उन्नतियों के मूल में धर्म को निहित माना है।
2. (d) दोनों निष्कर्ष कथन के अनुसार सही हैं। निष्कर्ष I के अनुसार आचरण की अपनी एक भाषा है, जो मौन है, इसलिए निष्कर्ष I सही है। निष्कर्ष II के अनुसार आचरण को शब्दों द्वारा व्यक्त किया जा सकता है अर्थात् इसमें शब्द नहीं फिर भी यह स्वत: ही अपना प्रभाव डालती है।
3. (a) निष्कर्ष I सही है, चूंकि दर्शन के लिए चिंतन-मनन ही किया जाता है। कथन II गलत है, क्योंकि कथन के अनुसार पुरुषार्थ मान-जीवन का परम प्राप्तव्य होना चाहिए।
4. (b) कथन के अनुसार निष्कर्ष II सही है, क्योंकि सभी अध्यापक योगी जैसी भावना के लिए योगी हो। ऐसा आवश्यक नहीं है। निष्कर्ष II में कोई भी के कारण कथन के अनुसार भाव नकारात्मक हो गया है।
5. (e) दोनों निष्कर्ष गलत हैं। क्योंकि कथन के अनुसार राष्ट्र का तीसरा महत्वपूर्ण तत्व जन की संस्कृति है। यदि भूमि और मनुष्य संस्कृति से अलग कर दिये जाएं तो राष्ट्र के समग्र रूप को ही विलुप्त हुआ समझना चाहिए।
6. (d) दोनों निष्कर्ष सही हैं। कथन से स्पष्ट है कि दु:ख मनुष्य के लिए ईश्वर का दिया वरदान है। दु:ख में अहंकार समाप्त हो जाता है और हम ईश्वर की कृपा की आकांक्षा करते हैं। अर्थात् अहंकार को भूलकर हम ईश्वर की ओर मुख करते हैं।
7. (b) कथन के अनुसार स्पष्ट है कि आचरण विकास के लिए अनिवार्य है, इसलिए निष्कर्ष I में 'नहीं' आने से गलत निष्कर्ष निकलता है। अत: केवल निष्कर्ष II सही है।
8. (a) केवल निष्कर्ष I सही है। निष्कर्ष II इसलिए गलत है, क्योंकि इसमें शिक्षा को योगाभ्यास से सम्बन्धित कर दिया गया है, जबकि कथन में शिक्षा का कोई जिक्र नहीं किया गया है।
9. (a) निष्कर्ष I सही है। निष्कर्ष II के अनुसार 'अभावग्रस्त व्यक्ति सज्जन नहीं हो सकते' इससे कथन का

कोई सम्बन्ध नहीं है। चूंकि सज्जन सम्पन्न और अभावग्रस्त दोनों ही हो सकते हैं।

10. (a) निष्कर्ष I सही है चूंकि कथन में कर्ण को नैतिकता से परिपूर्ण बताया गया है। निष्कर्ष II गल है, क्योंकि कुंती से 'कर्ण' घृणा करता था, इसका कोई कारण स्पष्ट नहीं है।

11. (e) दोनों निष्कर्ष गलत हैं, क्योंकि किसी भी निष्कर्ष से कथन को स्पष्ट नहीं किया गया है।

12. (a) निष्कर्ष I सही तथा II गलत है। कथन सूर्य को अस्थिर तथा निष्कर्ष II सूर्य को स्थिर बता रहा है। अत: कथन II गलत है।

13. (e) दोनों निष्कर्ष गलत हैं। यह जरूरी नहीं है कि स्वस्थ्य व्यक्ति साफ हाथों से ही खाना खाते हों, इसलिए स्वस्थ हों और यह भी आवश्यक नहीं है कि जो व्यक्ति अस्वस्थ हैं, वे गंदे हाथों से खाना खाते हैं। हो सकता है साफ हाथों से खाना खाने वाला भी अस्वस्थ हो।

14. (e) दोनों निष्कर्ष गलत हैं, क्योंकि कथन में अच्छे पढ़े-लिखे को अधिक संभावित माना गया है किन्तु ऐसा नहीं है कि कम पढ़े-लिखे और अनपढ़ नौकरी नहीं पा सकते।

15. (a) निष्कर्ष I सही तथा II गलत है। कथन में ऐसा कुछ नहीं कहा गया है कि जो बड़ा नहीं है या जो छोटे हैं, वे अपमान के योग्य होते हैं। हो सकता है राहुल भी बड़ा हो।

# इकाई-6

# लेखांश के आधार पर निष्कर्ष

# (Conclusion on the basis of a given passage)

**लेखांश (Passage):-**ऐसी कुछ पंक्तियाँ, जिनमें किसी व्यक्ति/विषय अथवा विषय वस्तु के बारे में कुछ कहा जाता है। लेखांश कहलाता है। दिये गये लेखांश के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिये जाते हैं, जो अनुमान सत्य व असत्य दोनों हो सकते हैं। सत्यता की जांच करते हुए आपको सही उत्तर चुनना है।

ऐसे प्रश्नों के लिए एक लेखांश दिया जाएगा। लेखांश पर आधारित कुछ निष्कर्ष दिये जाएंगे, जो विद्यार्थी की समझ की जाँच करेंगे। ये प्रश्न लेखांश के आधार पर सही, गलत तथा संभावित सत्य हो सकते हैं। ये प्रश्न विद्यार्थी की धैर्यता व विवेकशीलता को सक्रिय करेंगे, क्योंकि यदि ऐसे प्रश्नों को हल करते वक्त थोड़ी भी जल्दबाजी हुई अर्थात् लेखांश का कुछ अंश पढ़कर तुरन्त प्रश्न का उत्तर ढूंढने की कोशिश की तो उत्तर की जाँच गलत हो सकती है, इसलिए लेखांश की प्रत्येक पंक्ति को ध्यान से पढ़ें, उसके बाद उसे समझें फिर कोई निर्णय लें।

## ध्यान दें

1. निष्कर्ष की जाँच करन के लिए लेखांश के कथन व निष्कर्ष दोनों के संयोजन की स्थिति की जाँच कर लें।
2. कई बार लेखांश के कथन व निष्कर्ष को संयोजित करने पर केवल एक क्रम प्राप्त होता है, तो ऐसी स्थिति में वे निष्कर्ष सत्य होते हैं, जो उस क्रम को follow करते हैं।
3. कई बार लेखांश के कथन व निष्कर्ष को संयोजित करने पर जो क्रम प्राप्त होता है, वह दिये गये निष्कर्ष को follow नहीं करता, तो ऐसे निष्कर्ष असत्य होते हैं।
4. यदि संयोजित करने पर दो संभावित स्थितियाँ प्राप्त होती हैं, तो-
   (i) यदि दिया गया कोई निष्कर्ष दोनों ही स्थितियों को समान रूप से follow करता है, तो ऐसा निष्कर्ष सत्य माना जाता है।
   (ii) यदि एक ही संभावित स्थिति follow करता है, तो ऐसा निष्कर्ष असत्य माना जाएगा।

## Practice set

**निर्देश:**नीचे कुछ लेखांश दिये गये हैं, जिनके नीचे उनसे सम्बन्धित तथ्यों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिये गये हैं। प्रत्येक निष्कर्ष का निर्धारण निम्न प्रकार निश्चित कीजिए-

***उत्तर दीजिए-***

I. यदि निष्कर्ष लेखांश में दिये गये तथ्यों का उचित रूप से अनुसरण करता है, अर्थात् निश्चित रूप से सही है।

II. यदि निष्कर्ष लेखांश के तथ्यों के संदर्भ में निश्चित रूप से सत्य नहीं है अर्थात् संभवत: सत्य।

III. यदि निष्कर्ष में दी गई जानकारी अपूर्ण है अर्थात् निष्कर्ष दिये गये तथ्यों के संदर्भ में सत्य है या असत्य। (अपूर्ण जानकारी)

IV. यदि निष्कर्ष दिये गये तथ्यों के संदर्भ में निश्चित रूप से असत्य नहीं है। (संभवत: सत्य)

V. यदि निष्कर्ष दिये हुए तथ्यों का संभवत: अनुसरण नहीं करता अथवा तथ्यों के विपरीत है। (निश्चित रूप से असत्य)।

## लेखांश-1

महंगाई पर रोक लगाने के लिए सरकार जितने भी प्रयास कर रही है, वह रूकने का नाम नहीं ले रही है। मुद्रा स्फीति के साप्ताहिक आँकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। पिछले महीनों में महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। रिजर्व बैंक ने भी कई कठोर फैसले किए हैं। पिछले दिनों जब प्याज की कीमतें आसमान छू गई थी, तो देशभर के व्यापारियों के यहाँ छापे भी मारे गए, लेकिन नतीजा वही ढांक के तीन पात। सरकार को यह समझना चाहिए कि मुल्क में जब खाद्यान्न की कोई कमी नहीं है तो फिर क्यों महंगाई बढ़ रही है।

**निष्कर्षः-**

1. देश में मात्र खाद्यान्न की कमी महंगाई के लिए जिम्मेदार नहीं है।
2. महंगाई रोकने में रिजर्व बैंक भी कामयाब नहीं हो पाया है।
3. व्यापारियों के यहाँ छापा मारने से प्याज की कीमतों में कमी आई है।

## लेखांश-2

भारतीय जीवन के अन्य क्षेत्रों की तरह हमारे रंगमंच का विकास भी एक विचित्र प्रकार के विरोधाभास में हो रहा है। एक ओर देश के कुछेक भागों को, बल्कि नगरों को छोड़कर नियमित रंगमंच का नितांत अभाव है और यह उम्मीद की जाती है कि हमारे देश के हरेक भाग में व्यावसायिक रूप से चलने वाले नियमित रंगमंच स्थापित और विकसित हों, ताकि रंगमंच को अपने जीवन का मुख्य कार्य मानने वाले लोग बिना किसी बाधा के अपना सारा समय उसे दे सकें, उसे अपनी आजीविका का साधन बना सकें, किन्तु दूसरी ओर रंगमंच को एक अत्यन्त महत्वपूर्ण और सशक्त कलात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम मानने वाले लोगों का यह विचार भी है कि व्यावसायिक रंगमंच की स्थापना हो जाना ही पर्याप्त नहीं है। वास्तव में आवश्यकता इस बात की है कि ऐसा रंगमंच हमारे देश में स्थापित हो जो केवल जीवन की कड़वाहट को भूलने का या मनोरंजन का एक और उपाय होने के बजाय जिन्दगी को समझने का, मनुष्य को कठोर और निर्मम यथार्थ यानी सत्य का साहसपूर्वक सामना करने के लिए तैयार करने का साधन हो।

रंगमंच के विकास पर ये दो दृष्टिकोण बहुत-सी सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक समस्याओं को भी जन्म दे रहे हैं। देशभर में विभिन्न भाषाओं में और विशेषकर हिन्दी में स्वयं को सच्चा और गंभीर रंगकर्मी समझने वाले नाट्य दलों या रंगकर्मियों द्वारा अधिकांशत: श्रेष्ठ विदेशी नाटकों के अनुवाद तथा रूपांतर प्रस्तुत करने के लगातार बढ़ रहे रुझान को हम इस संदर्भ से जोड़ कर देख सकते हैं। एक राष्ट्रीय महोत्सव में जिस प्रकार पश्चिमी नाटकों की बहुतायत देखने में आई उससे इस धारणा को बल मिला कि भारतीय रंगमंच पर वास्तविक और गंभीर नाटक-रचना तथा उनके प्रदर्शन द्वारा समकालीन भारतीय जीवन की किसी तीव्र और सार्थक अनुभूति से साक्षात्कार कराने की मंशा हाल के वर्षों में लगातार कम होती चली गई है। विरोधाभासों के इस दुष्चक्र में आशा की जितनी भी थोड़ी-बहुत कौंध बची हुई दिखाई देती है, वह 'अस्मिता' जैसे अपेक्षाकृत सीमित संसाधन वाले नाट्य दलों की प्रस्तुतियों में ही एक जिद की तरह बार-बार उपस्थित होती है।

**निष्कर्षः-**

1. रंगमंच के विकास का अर्थ केवल व्यवसायिक साधन नहीं, बल्कि जीवन की कड़वाहट को भूलने का एक साधन होना चाहिए।

2. पश्चिमी नाटकों का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और समकालीन भारतीय जीवन की किसी तीव्र व सार्थक अनुभूति से साक्षात्कार कराने की मंशा हाल के वर्षों में कम होती जा रही है।
3. रंगमंच का विकास हो तो रहा है, पर इसमें एक विचित्र प्रकार का विरोधाभास है।

# लेखांश-3

सरकार ने बालड़ी सुरक्षा योजना के तहत बेटियों को मिलने वाली राशि बढ़ाने का फैसला किया है। दो बेटियों को 350-350 सौ की बजाए 500-500 रुपए दिए जाएंगे। यह योजना केवल बीपीएल परिवारों व एससी, एसटी वर्ग के लिए है। अगले कुछ दिनों के भीतर नोटिफिकेशन जारी कर दी जाएगी। योजना के तहत बेटी के जन्म के बाद पांच साल के भीतर पति या पत्नी परिवार नियोजन ऑपरेशन कर लेते हैं, तो इस योजना का लाभ हासिल करने के हकदार बन जाते हैं। इसके बाद बच्ची के नाम पर बैंक में अकाउंट खोल दिया जाता है। सरकार बच्ची के बालिग होने तक इस अकाउंट में हर महीने पांच सौ रुपए जमा कराती है। पाँच साल की उम्र की दो बेटियां होने पर राशि सौ रुपए हो जाती है। इसमें दोनों बेटियों के अकाउंट में हर महीने 350-350 रुपए जमा कराए जाते हैं, जिसे अब 500-500 रुपए कर दिया गया है।

**निष्कर्षः-**

1. सरकार बेटियों के जन्म को बढ़ावा देने के लिए बालवाड़ी सुरक्षा योजना चला रही है।
2. बालवाड़ी योजना से एससी, एसटी वर्ग की बेटियाँ ही फायदा उठा सकती हैं।
3. योजना का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन है।
4. 700 रुपए हर महीने जिसे अब 1000 रुपए कर दिया गया है, की स्कीम केवल दो बेटियों के माता-पिता को ही मिल सकती है।

# लेखांश-4

इस बार जहाँ कुछ राज्यों में अनाज की पैदावार बहुत अच्छी हुई है, वहीं कई राज्य ऐसे भी हैं, जहां फसल अच्छी नहीं होने से खाद्यान्न की किल्लत की स्थिति पैदा हो गई है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि फसल का संरक्षण करने के हमारे तौर-तरीके पुराने और दकियानूसी हैं। हम आज भी लोहे के कनस्तरों टाट के बोरों और गोदामों का ही इस्तेमाल करते हैं। कनस्तरों में जंग लग जाता है और बोरे सड़-गल जाते हैं। नतीजा यह रहता है कि हमारा अनाज चूहों और कीड़ों-मकोड़ों का भोजन बन जाता है। हम वैक्यूम पोली सिस्टम (वीपीएस) जैसी आधुनिक स्टोरेज प्रणाली का उपयोग नहीं करते, जिसकी सहायता से अनाज को पांच से दस साल तक खुले में भी बिना किसी कवर के सुरक्षित रखा जा सकता है। अमेरिका, कनाडा, ब्राजील, चीन सहित यूरोप के लगभग सभी देश अनाज का स्टोरेज करने के लिए इसी प्रणाली का इस्तेमाल करते हैं।

**निष्कर्षः-**

1. कुछ राज्यों में अनाज की पैदावार कम होने पर खाद्यान्न की किल्लत का कारण फसल संरक्षण के तरीकों का सही इंतजाम नहीं होना है।
2. वैक्यूम पोली सिस्टम प्रणाली की सहायता से खाद्यान्न की किल्लत पर विराम पूरी तरह लग जाएगा।
3. अमेरिका, कनाडा, चीन व यूरोप के देशों में अनाज को स्टोरेज करने की अच्छी व्यवस्था है।

# लेखांश-5

प्राइवेट इक्विटी फंड के बाद वेंचर कैपिटलिस्ट्स (पूंजीदाताओं) ने फंड जुटाने की योजना बना ली है, लेकिन इस बार जुटाए जा रहे इस फंड को आईटी क्षेत्र में न लगाकर ऊर्जा, खाद्य, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। वेंचर कैपिटलिस्ट ऐसी संस्थाएं होती हैं, जो किसी नई कंपनी के भविष्य का आकलन करने के बाद उसे वित्तीय मदद करती हैं। बहरहाल यह मदद स्टार्टअप कम्पनियों को दी जाती है और इसे निवेश के रूप में देखा जा सकता है। दरअसल बाजार में ऐसे उद्यमियों की कमी नहीं है, जो दो और तीन मिलियन डॉलर से शुरुआत करना चाहते हैं।

निष्कर्ष:-

1. वेंचर कैपिटलिस्ट ऐसी संस्थाएं हैं, जो नई कंपनी को वित्तीय मदद देती है।
2. पूंजीदाता जुटाए गए फंड को ऊर्जा, खाद्य, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश करेंगे।
3 कैपिटलस्टों का मानना है कि भारत में सामाजिक निवेश स्थानों में विकास की काफी संभावनाएं हैं।

# उत्तर व्याख्या सहित

### उत्तर लेखांश-1

1. (I) अंतिम पंक्ति से स्पष्ट है कि खाद्यान्न की कमी है ही नहीं, तो फिर इसे महंगाई के लिए एकमात्र जिम्मेदार कैसे ठहराया जा सकता है। इसके कोई और कारण भी हो सकते हैं। जैसे- भ्रष्टाचार, कालाधन, अव्यवस्थित प्रशासन आदि। अत: उत्तर केवल I सही है।
2. (I) प्रथम पंक्ति से स्पष्ट है कि सरकार के जितने भी प्रयास हैं, वे सभी महंगाई रोकने में सफल नहीं हैं, अत: तीसरी, चौथी पंक्ति से स्पष्ट है कि रिजर्व बैंक ने भी कठोर फैसले लिये फिर महंगाई नहीं रुकी है। अत: केवल उत्तर I सही है।
3. (V) पंक्ति तीन व चार से स्पष्ट है कि देशभर में व्यापारियों के यहाँ छापे मारे गए, फिर भी 'नतीजा ढाक के तीन पात', ढाक के तीन पात का अर्थ है फिर भी प्याज की कीमत में कमी नहीं आई है। अत: दिया गया निष्कर्ष गलत है, इसलिए उत्तर V है।

### उत्तर लेखांश-2

1. (V) दिया गया निष्कर्ष श्रृंखला के तथ्यों के अनुसार विपरीत है। चूंकि लेखांश में रंगमंच को मनुष्य को कठोर और निर्मम यथार्थ यानी सत्य का साहसपूर्वक सामना करने के लिए तैयार करने के साधन पर जोर दिया गया है। अत: निष्कर्ष गलत है।
2. (I) निष्कर्ष सही है, क्योंकि लेखांश के अनुसार पिछले दिनों दिल्ली के रंगमंचों पर सम्पन्न हुए नाटकों के एक राष्ट्रीय महोत्सव में जिस प्रकार पश्चिमी नाटकों की बहुतायत देखने में आई है, उससे दिया गया निष्कर्ष स्पष्ट हो जाता है।
3. (I) दिया गया निष्कर्ष पहली व दूसरी पंक्ति के अनुसार एकदम सही है।

## उत्तर लेखांश-3

1. (III) लेखांश में स्पष्ट तो नहीं किया गया है, किन्तु कहा नहीं जा सकता बालवाड़ी योजना बेटियों के जन्म को बढ़ावा देने के लिए है या परिवार नियोजन के लिए, क्योंकि ऐसा लगता है कि बेटियों के जन्म से सिर्फ एससी, एसटी

आदि के लिए ही बढ़ावा दिया जा रहा है, सबके लिए नहीं, किन्तु परिवार नियोजन ऑपरेशन के बाद ही इस योजना का फायदा मिलेगा तो हो सकता है यह योजना परिवार नियोजन के लिए हो।

2. (I) तीसरी चौथी पंक्तियों से स्पष्ट है कि दिया गया निष्कर्ष निश्चित रूप से सही है।

3. (I) चूंकि लेखांश में पंक्ति चार व पाँच से स्पष्ट है कि योजना का उद्देश्य परिवार नियोजन है, क्योंकि यहाँ पति-पत्नी में से किसी एक के ऑपरेशन के बाद ही योजना का लाभ उठाने की बात कही गई है। अत: निष्कर्ष एकदम सही है।

4. (I) दिया गया निष्कर्ष एकदम सही है। चूंकि अंतिम पंक्तियों से स्पष्ट है कि दो बेटियों के माता-पिता ही 700 या 1000 रुपए प्रतिमाह की स्कीम में शामिल हो सकते हैं।

## उत्तर लेखांश-4

1. (I) दिया गया निष्कर्ष तीसरी व चौथी पंक्ति के अनुसार एकदम सही है।

2. (II) पंक्ति 8, 9 व 10 के अनुसार यह तो स्पष्ट है कि अनाज को यदि 8 से 10 साल तक सही सलामत रखने की व्यवस्था है, तो खाद्यान्न की किल्लत नहीं होगी, किन्तु पूरी तरह किल्लत को रोका जा सकता है, इसे स्पष्ट नहीं किया गया है। अत: उत्तर II होगा।

3. (I) पंक्ति 10 व 11 से स्पष्ट है कि अमेरिका, कनाडा, चीन व यूरोप के देश वीपीएस प्रणाली का प्रयोग कर रहे हैं, जो एक अच्छी प्रणाली है।

## उत्तर लेखांश-5

1. (I) लेखांश की पंक्ति 4 व 5 के अनुसार निष्कर्ष एकदम सही है।

2. (I) दूसरी व तीसरी पंक्ति के अनुसार निष्कर्ष एकदम सही है।

3. (II) दिया गया निष्कर्ष पूर्णरूप से लेखांश में स्पष्ट तो नहीं है, किन्तु आशय यही निकलता है कि शायद भारत में सामाजिक निवेश स्थानों में विकास की काफी संभावना है, तभी तो संस्था ऐसे क्षेत्रों में निवेश करना चाहती है।

***

मिशन स्व-निर्माण से राष्ट्र निर्माण

समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

# मानसिक एवं तार्किक योग्यता विकास

# Mental & Logical Ability Development

**नई शिक्षा नीति, NCERT, NIOS के पाठ्यक्रम पर आधारित**


## स्वत्वाधिकार

*प्रस्तुत अध्ययन सामग्री पर एकमात्र स्वत्वाधिकार ''कोठारी इंस्टीट्यूट'' राजवाड़ा चौक, इन्दौर-4 (म.प्र.) का है। किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा प्रकाशक द्वारा प्रस्तुत सामग्री का सम्पूर्ण अथवा अंशमात्र का पुनः प्रकाशन, फोटो कॉपी अथवा उद्धरण ''कोठारी इंस्टीट्यूट'' इन्दौर की लिखित अनुमति के बिना न किया जाये अन्यथा वह समस्त वैधानिक हर्जे-खर्चे का जिम्मेवार होगा।*

*सभी मामलों में न्यायिक क्षेत्राधिकार इन्दौर होगा।*


'' कोठारी इंस्टीट्यूट परीक्षा अनुसंधान विभाग द्वारा अपने सुदीर्घ अनुभवी मार्गदर्शकों, देश व प्रदेश के 42 से अधिक सुदीर्घ अनुभवी विषय विशेषज्ञों व नई रणनीति के सूत्रधार सीएमडी श्री सुरेश कोठारी के निर्देशन में लगातार अपडेट एक ऐसा एक्सीलेंस प्रोग्राम तैयार किया है, जिसका एकमात्र लक्ष्य है, बस- सम्पूर्ण सफलता। ''


• टॉपर्स परंपरा • 8600 से अधिक चयन

KI प्रामाणिक है, इसलिए

अलर्ट भी, एक्सपर्ट भी

A National Level Institute

42 साल से लगातार सर्वश्रेष्ठ है।



**KOTHARI PUBLICATION**
**LLP., INDORE**



मुख्यालय - राजवाड़ा चौक,इन्दौर ( म.प्र. ) मोबा. नं. - 9329902506

पिपल्याहाना चौराहा, रिंग रोड ग्रेटर ब्रजेश्वरी एनेक्स, रायल रेसीडेंसी के सामने कालिंदी कुंज रोड, इन्दौर

कैम्पस- भँवरकुआ मेनरोड ( वेदा बिल्डिंग, ग्राउण्ड फ्लोर ) इन्दौर ( म.प्र. ) मो- 9300728836

# CONTENT (अनुक्रममिता)


| क्रमांक | विषय | - | पेज नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | तर्क (Argument) | - | 1 |
| 2. | पूर्वधारणा (Assumption) | - | 22 |
| 3. | कार्यवाहियाँ (Course of Action) | - | 43 |
| 4. | कथन एवं तर्क (Statement & Argument) | - | 62 |
| 5. | कथन एवं निष्कर्ष (Statement & Conclusion) | - | 67 |
| 6. | लेखांश के आधार पर निष्कर्ष (Conclusion on the basis of a given passage) | - | 71 |


❑❑❑❑
❑❑❑
❑❑